देश-विदेश | लखनऊ और देहरादून से प्रकाशित राष्ट्रीय हिंदी दैनिक | उत्तर प्रदेश



नकली शराब से मौतों के बाद जागी स्टालिन... 12

जल जीवन मिशन की गाड़ी को हरी... 10



# जन एक्सप्रेस

लखनऊ
वर्ष: 15 | अंक: 256
मूल्य: ₹3.00/-
पेज : 12
रविवार | 30 जून, 2024

@janexpressnews | janexpresslive | janexpresslive | www.janexpresslive.com/epaper

# कोई छात्र स्कूल से वंचित न रहे, ये देश की सबसे बड़ी सेवा होगी: सीएम योगी

### मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लोकभवन में प्रदेश के मेधावी छात्र-छात्राओं का किया सम्मान, छात्रों को सर्टिफिकेट, टैबलेट और एक लाख रुपए प्रदान किए

- सीएम ने ड्रेस, जूता-मोजा, स्वेटर, स्टेशनरी एवं स्कूल बैग खरीद के लिए प्रति छात्र 1200 रुपए की धनराशि अभिभावक के खाते में डीबीटी से अंतरण प्रक्रिया का भी किया शुभारंभ
- सीएम योगी ने बेसिक एवं माध्यमिक शिक्षा विभाग के विभिन्न महत्वपूर्ण कार्यक्रमों का लोकार्पण एवं शिलान्यास भी किया, बच्चों को सफलता का मंत्र भी बताया
- शिक्षित करना सबसे पवित्र कार्य, आपका आचरण एक शासकीय अधिकारी की तरह नहीं, बल्कि समाज के एक मार्गदर्शक के रूप में होना चाहिए: सीएम योगी
- हमारे विद्यालय इनोवेशन और रिसर्च के नए सेंटर के रूप में स्थापित हों, छात्र-छात्राओं में कठिन से कठिन चुनौतियों से जूझने का जज्बा हो इसके लिए खुद को तैयार करें: मुख्यमंत्री
- किसी भी फील्ड में जाना हो परिश्रम का कोई विकल्प नहीं हो सकता, जीवन में शॉर्टकट का रास्ता अपनाने वाला व्यक्ति कभी भी अपनी मंजिल प्राप्त नहीं कर सकता: योगी आदित्यनाथ

**जन एक्सप्रेस | लखनऊ**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को लोकभवन में आयोजित कार्यक्रम में प्रदेश के मेधावी छात्र एवं छात्राओं को सम्मानित किया। साथ ही सीएम योगी ने ड्रेस, जूता-मोजा, स्वेटर, स्टेशनरी एवं स्कूल बैग की खरीद के लिए प्रति छात्र-छात्रा 1200 रुपए की धनराशि उनके माता/पिता/अभिभावक के बैंक खाते में डीबीटी के माध्यम से अंतरण प्रक्रिया का भी शुभारंभ किया। इस दौरान सीएम योगी ने कहा कि हम सभी की जिम्मेदारी बनती है कि कोई छात्र स्कूल से वंचित न रह जाए। हम अपनी इस जिम्मेदारी का निर्वहन करें, ये देश की सबसे बड़ी सेवा है। श्रीमद्भगवतगीता में तो किसी को शिक्षित करना सबसे पवित्र कार्य माना गया है। उन्होंने शिक्षा विभाग से जुड़े शिक्षकों और अधिकारियों से कहा कि आप उस पवित्र कार्य से जुड़े हुए है। आपका आचरण एक शासकीय अधिकारी की तरह नहीं, बल्कि समाज के एक मार्गदर्शक के रूप में, एक शिक्षक के रूप में होना चाहिए। सीएम योगी ने कहा कि हमारे विद्यालय इनोवेशन और रिसर्च के नए सेंटर के रूप में स्थापित हों, हमारे छात्र-छात्राओं के अंदर कठिन से कठिन चुनौतियों से जूझने का जज्बा हो, इसके लिए हम अपने आपको तैयार करें।



### नई पीढ़ी के लिए रोल मॉडल हैं मेधावी छात्र

मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित करने के बाद सीएम योगी ने कहा कि सचमुच एक गुरु के लिए इससे बड़ी बात क्या हो सकती है कि जिसको उन्होंने गाइड किया वो देश में, प्रदेश में, जनपद में उच्च स्थान प्राप्त कर उन्हें गौरवान्वित कर रहे हैं। इन कार्यक्रमों के माध्यम से हम अपने प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं को सम्मानित करते हुए नई पीढ़ी के सामने उन्हें रोल मॉडल के रूप में प्रस्तुत कर रहे हैं कि अगर वो भी ऐसे ही परिश्रम करेंगे तो उन्हें भी सम्मान प्राप्त होगा। सीएम योगी ने छात्र-छात्राओं को सफलता का मंत्र देते हुए कहा कि जीवन में किसी भी फील्ड में जाना हो याद रखना परिश्रम का कोई विकल्प नहीं हो सकता। जीवन में शॉर्टकट का रास्ता अपनाने वाला व्यक्ति कभी भी अपनी मंजिल को प्राप्त नहीं कर सकता। इसलिए जीवन में जितना कठिन परिश्रम कर सकते हैं, करना चाहिए। जिन छात्रों ने कठिन परिश्रम किया, मेरिट में उनका नाम आया। सफलता हमें ये भी बताती है कि हमने मंजिल पा ली है, हमारी दिशा सही है, हमें दिशा भ्रम में नहीं पड़ना है।

### सीएम ने इन योजनाओं का किया शुभारंभ

- ड्रेस, जूता-मोजा, स्वेटर, स्टेशनरी एवं स्कूल बैग क्रय के लिए प्रति छात्र-छात्रा 1200 रुपए की धनराशि उनके माता-पिता या अभिभावक के बैंक खाते में डीबीटी के माध्यम से अंतरण प्रक्रिया का शुभारंभ
- विभिन्न बोर्डों के मेधावी छात्र एवं छात्राओं का सम्मान
- 165 उच्चीकृत कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय का लोकार्पण
- 11 जनपदों के डायट में अतिरिक्त कक्षा-कक्ष, ऑडिटोरियम तथा टॉयलेट ब्लॉक का शिलान्यास
- कक्षा 1 व 2 की एनसीईआरटी पर आधारित पाठ्य पुस्तकों के वितरण अभियान का शुभारंभ
- विभागीय क्रियाकलापों की जानकारी एवं समस्याओं के निराकरण के लिए टोल फ्री नंबर 1800-889-3277 का शुभारंभ
- शैक्षणिक शोध संकलन शोध संगम का विमोचन

### टेक्नोलॉजी और आधुनिक शिक्षा से बना रहे बच्चों का बेहतर भविष्य: संदीप सिंह

बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप सिंह ने कहा कि बिना शिक्षा के विकसित समाज की कल्पना नहीं की जा सकती है। इसलिए, हमारी सरकार ने सर्वसमाज को ध्यान में रखकर एक बेहतर शिक्षा व्यवस्था बनाई है और उसी दिशा में आगे बढ़ रही है। सरकार और विभागीय प्रयासों से अब तक प्रदेश के लगभग 95 प्रतिशत विद्यालयों में 19 बिंदुओं पर होने वाले कार्य पूर्ण हो चुके हैं। उन्होंने कहा कि आज का युग टेक्नोलॉजी का युग है। इसे ध्यान में रखते हुए सरकार ने प्रदेश के सभी 2 लाख 9 हजार 863 विद्यालयों को दो-दो टैबलेट उपलब्ध करावाकर बच्चों की बेहतर पढ़ाई को सुनिश्चित कराने का कार्य किया है। बच्चों के बेहतर शिक्षा के लिए 880 आईसीटी लैब्स भी स्थापित किए गए है। 18 हजार 381 परिषदीय उच्च प्राथमिक विद्यालयों, कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों में स्मार्ट क्लास की स्थापना करने का कार्य भी पूर्ण हो चुका है।



### मेधावी छात्रों के नाम पर रखा जाएगा सड़क का नाम

सीएम योगी ने कहा कि उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा, उत्तर प्रदेश माध्यमिक संस्कृत शिक्षा परिषद, काउंसिल फॉर द इंडियन स्कूल सर्टिफिकेट एग्जामिनेशन नई दिल्ली और केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड नई दिल्ली से जुड़े छात्र-छात्राओं को यहां सम्मानित किया गया है। हाई स्कूल और इंटरमीडिएट की मेरिट में जगह बनाने वाले कुल छात्र-छात्राओं की संख्या 170 है, जिनमें छात्र 58 हैं और छात्राएं 112 हैं। ये सफलता बताती है कि बेटियों ने लंबी छलांग मारी है और बेटी पर ज्यादा ध्यान देने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा की हाईस्कूल परीक्षा की मेरिट सूची में कुल 17 में 4 छात्र हैं और 13 छात्राएं हैं। इंटरमीडिएट की मेरिट लिस्ट में कुल 36 में से 14 छात्र हैं और 22 छात्राएं हैं। उत्तर प्रदेश माध्यमिक संस्कृत शिक्षा परिषद की हाईस्कूल परीक्षा की मेरिट लिस्ट में कुल 11 में से 2 छात्र एवं 9 छात्राएं सम्मिलित हैं। इंटरमीडिए में 11 की मेरिट लिस्ट में एक छात्र और 10 छात्राएं शामिल हैं। सीबीएसई की 10वीं मेरिट सूची में प्रदेश के 26 छात्रों में 11 छात्र और 15 छात्राएं हैं। 10+2 में 22 में 3 छात्र और 19 छात्राएं हैं। आईसीएससी में 30 में 18 छात्र और 12 छात्राएं है, वहीं 10+2 में 17 में से 5 छात्र हैं और 12 छात्राएं हैं। इन सभी मेरिट में आने वाले छात्र-छात्राओं को सर्टिफिकेट, टैबलेट और एक लाख रुपए नगद उपलब्ध कराने का कार्य सरकार कर रही है।

### 7 वर्ष से लगातार इनोवेशन को आगे बढ़ा रहा बेसिक शिक्षा परिषद

सीएम योगी ने कहा कि आज यहां पर बेसिक शिक्षा परिषद द्वारा अनेक कार्यक्रमों का शुभारंभ किया गया। इनमें 88 लाख से अधिक छात्र-छात्राओं के अभिभावकों के खाते में 1200 रुपए प्रति छात्र भेजे गए हैं। बेसिक शिक्षा परिषद ने विगत 7 वर्ष में अनेक इनोवेशन को आगे बढ़ाया है। 2017 के पहले जैसे सरकार अंधकार में रहती थी, वैसे ही इन्होंने शिक्षा को भी अंधकार में ढकेलने का काम किया था। आज आप देख रहे हैं कि 12 दिन के अंदर शुचितापूर्ण तरीके से नकल विहीन परीक्षा संपन्न हुई है और 14 दिन के अंदर परिणाम भी आ गए। पहले तीन महीने में परीक्षा होती थी, तीन महीने परिणाम आने में लगते थे, तीन महीने एडमिशन में लगते थे और शेष तीन महीने पर्व और त्योहार में चले जाते थे और साल निकल जाता था। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन कायाकल्प के अगले चरण के कार्यक्रम को लेकर बेसिक शिक्षा परिषद ने नए कदम उठाए हैं, जिसमें पीएम श्री स्कूल के रूप में स्कूलों का आधुनिक स्वरूप भी हम सबको देखने को मिल रहा है। हमने 18 कमिश्नरी में 18 अटल आवासीय विद्यालय बनाए हैं। 57 नए सीएम कंपोजिट स्कूल हम लोग प्रदेश के अन्य जनपदों में शुरू करने जा रहे हैं। आज प्रदेश में निपुण भारत अभियान के अंतर्गत बेसिक शिक्षा विभाग ने एक लंबी छलांग लगाई है।

# लखनऊ एयरपोर्ट के टर्मिनल-3 की छत लीक, पानी टपका

**जन एक्सप्रेस | मथुरा**

लखनऊ पहली ही बारिश में बेहाल नजर आया। एयरपोर्ट की छत लीक हो गई। टर्मिनल थ्री की वेटिंग लॉन्ज की छत से बारिश का पानी टपकने लगा। 3 महीने पहले टर्मिनल-3 को चालू किया गया था। इसी टर्मिनल से 10 दिन पहले इंटरनेशनल उड़ानें भी शुरू की गईं। असुविधा पर लोगों इसकी शिकायत एयरपोर्ट प्रशासन से की। हालांकि अभी तक समाधान नहीं किया जा सका है। शहर में बारिश के बारिश के बाद कई इलाके में जलजमाव है। आसमान में काले बादल छाए हैं। मौसम विभाग ने अगले 4 दिन तक बारिश का अलर्ट जारी किया है। पिछले 24 घंटे में 123.9 मिमी. बारिश हुई। पहली ही बारिश में शहर में जलभराव हो गया। कई इलाकों में नाले उफना गए। राम मनोहर लोहिया अस्पताल में पानी भर गया। मोटर से पानी निकाला जा रहा है। बारिश के बाद जब पानी भर गया तो कई इलाकों में नालियों की खुदाई कर सफाई का काम शुरू किया गया। बारिश के बाद सफाई की तस्वीरें बताती हैं कि प्रशासन ने बारिश को लेकर पहले अच्छी तैयारी नहीं की। लखनऊ में शनिवार की शाम तो काले बादल छा गए। 30 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवायें भी चलीं। आज भी तेज बारिश का अनुमान है। बारिश से लोगों को गर्मी से राहत जरूर मिली। लेकिन नगर निगम की पोल भी खुल गई मौसम विभाग ने बताया कि 56.4 मिमी बारिश लखनऊ एअरपोर्ट पर हुई है। इसके बाद बनी एरिया में 33 मिमी बारिश हुई है। इसी तरह हनुमान सेतु 28.2 मिमी और मोहनलालगंज 6.3 मिमी बारिश रिकॉर्ड की गई।



### लखनऊ में इन जगहों पर हुई अच्छी बारिश

बारिश में लखनऊ के गोमती नगर, हजरतगंज, चौक समेत पुराने शहर, सीतापुर रोड, डालीबाग, हजरतगंज, गोमतीनगर, आलमबाग, कृष्णानगर, आशियाना, इंदिरा नगर, तेलीबाग, पीजीआई के आसपास, दुबग्गा, पारा में चारों तरफ, राजाजीपुरम समेत शहर के ज्यादातर इलाकों में बरसात हुई। मौसम विभाग के मुताबिक अमौसी एयरपोर्ट पर 3 मिमी तो कुर्सी रोड पर 17 मिमी बारिश दर्ज की गई।

# मथुरा पहुंचे कथावाचक प्रदीप मिश्रा, राधारानी के दरबार में दंडवत होकर मांगी माफी, उनके बयान पर हुआ था विवाद

- पंडित प्रदीप मिश्रा ने 9 जून को कहा था- राधा जी बरसाना की नहीं, रावल की थीं
- पं. प्रदीप मिश्रा बोले, लाडली जी और बरसाना सरकार से क्षमा चाहता हूं

**जन एक्सप्रेस | मथुरा**

बरसाना वाली राधे पर विवादित बयान देने के बाद शिव कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा श्री राधारानी के मंदिर बरसाना पहुंचे। यहां उन्होंने राधारानी को प्रणाम कर क्षमा मांगी। वे 5 मिनट तक बरसाना में रहे। यहां उन्होंने राधा-रानी को दंडवत प्रणाम किया और माफी मांगी। इसके बाद मंदिर से बाहर निकले। हाथ जोड़कर ब्रज वासियों का अभिनंदन किया। सुरक्षा को देखते हुए श्रीजी मंदिर के पास फोर्स तैनात है। उन्होंने कहा कि सभी ब्रजवासियों को बहुत-बहुत बधाई। राधा-रानी के दर्शन करने के लिए यहां पधारा हूं। मैं ब्रजवासियों के प्रेम की वजह से यहां आया हूं। बताते चलें कि उनका एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें उन्होंने राधारानी को लेकर अनर्गल बातें की थीं। उनके इस बयान से ब्रजवासी और राधा भक्त बहुत दुखी थे और उन्होंने विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया था।



### 'प्रदीप मिश्रा से अब हमें कोई शिकायत नहीं

राधा-रानी मंदिर के रिसीवर प्रवीण गोस्वामी ने कहा- प्रदीप मिश्रा राधा-रानी के मंदिर पहुंचे। हम सभी ब्रजवासियों ने प्रेम का परिचय देते हुए उनसे कुछ नहीं कहा। प्रदीप मिश्रा ने नाक रगड़कर माफी मांगी। जैसे ही उन्होंने माफी मांगी, पूरा बरसाना राधा रानी के जयघोष से गूंज उठा। हमारी सरकार श्री रानी-पटरानी के बारे में कोई गलत कैसे बोल सकता है। अब प्रदीप मिश्रा से हमें कोई शिकायत नहीं है।

### राधारानी पर की थी ये टिप्पणी

कथावाचक पंडित प्रदीप मिश्रा ने एक कथा के दौरान कहा कि राधाजी बरसाना नहीं, बल्कि रावल गांव की रहने वाली थीं। बरसाना में उनके पिता की कचहरी थी। वहां पर वे साल में एक बार जाती थी। वर्ष में एक बार आना, यानि बरसाना। उन्होंने यह भी कहा कि भगवान श्रीकृष्ण की 16 हजार रानियों में राधा का नाम नहीं है। उनके पति में श्रीकृष्ण का नाम नहीं है। राधा जी के पति का नाम अनय घोष, उनकी सास का नाम जटिला और ननद कुटिला थीं। छाता गांव में राधाजी की शादी हुई थी।

**रिपोर्ट** साइबर अपराधी फोन कॉल या वीडियो कॉल कर मनोवैज्ञानिक ढंग से दबाव बनाकर लोगों को घर में ही कैद कर रहे हैं

# न डरें-न किसी को पैसा ट्रांसफर करें, कुछ नहीं होता डिजिटल अरेस्ट

- बड़े-बड़े अधिकारी, डॉक्टर, उद्योगपति अन्य पढ़े लिखे लोग भी हो रहे शिकार
- साइबर क्रिमिनल के झांसे में आकर लोग अपनी जमा पूंजी उन्हें ट्रांसफर कर देते हैं
- साइबर सिक्योरिटी एक्सपर्ट्स का मानना है कि भारत के कानून में डिजिटल अरेस्ट की कोई व्यवस्था नहीं है

**जन एक्सप्रेस | डॉ.वैभव शर्मा**

**लखनऊ।** न तो डिजिटल अरेस्ट जैसी बातों से डरने की जरूरत है और न किसी को पैसा ट्रांसफर करने की। देश के किसी कानून में डिजिटल अरेस्ट का कोई प्रावधान नहीं है। न ही देश की कोई जांच एजेंसी मोबाइल, वीडियो कॉल, स्काइप या व्हाट्सएप पर किसी को बंदी बनाती है। कुछ दिन पहले राजधानी लखनऊ में ही एक डॉक्टर दंपती को वीडियो कॉल पर डरा धमका कर साइबर अपराधियों ने उन्हें तीन दिन तक उनके ही घर में कैद (डिजिटल अरेस्ट) रखा। यही नहीं, इस दौरान उनसे 2.71 करोड़ अपने नाम ट्रांसफर कर लिए। यह कोई पहला और इकलौता मामला नहीं है। उत्तर प्रदेश और देश भर में कई डॉक्टर, कारोबारी, आईएएस अधिकारी समेत न जाने कितने लोग इस तरह के अपराध का शिकार हो चुके हैं। हालांकि लखनऊ के डॉक्टर दंपती को ठगने वाले तीन आरोपी पुलिस हिरासत में हैं, लेकिन साइबर अपराधियों का खतरा सभी पर मंडराता रहता है। इस संबंध में लोगों को जागरूक करने के लिए जन एक्सप्रेस ने यूपी पुलिस समेत देश की तमाम पुलिस एजेंसियों, वकीलों और प्रशासनिक अधिकारियों को साइबर अपराध पर शिकंजा कसने की ट्रेनिंग देने वाले साइबर सिक्योरिटी एक्सपर्ट सचिन गुप्ता से खास बातचीत की। गुप्ता ने बताया कि साइबर अपराधी दरअसल उनकी बातों से डरने वाले लोगों को ही शिकार बनाते हैं। उन्होंने कहा कि देश के किसी कानून में डिजिटल अरेस्ट का कोई प्रावधान नहीं है। न ही देश की कोई जांच एजेंसी मोबाइल, वीडियो कॉल, स्काइप या व्हाट्सएप पर किसी को बंदी बनाती है। जरूरत पड़ने पर प्रदेश या देश की कोई भी जांच एजेंसी किसी से भी आमने-सामने ही पूछताछ करती है।



सचिन गुप्ता, साइबर सिक्योरिटी एक्सपर्ट

### तुरंत साइबर सेल में शिकायत करें

साइबर एक्सपर्ट सचिन गुप्ता के अनुसार उत्तर प्रदेश के हर शहर में साइबर सेल बनी हुई है। अगर कोई अनजान या परेशान करने वाला कॉल, वीडियो कॉल या मैसेज आता है तो सीधे साइबर सेल में जाकर शिकायत दर्ज करानी चाहिए। अगर किन्हीं कारण से जाने में समर्थ नहीं हैं तो ऑनलाइन भी शिकायत दर्ज की जा सकती है। आप cybercrime.gov.in पर ऑनलाइन शिकायत कर सकते हैं शाथ ही, 1930 पर भी फोन कॉल कर शिकायत दर्ज कर सकते हैं।

### घबराएं नहीं, आत्मविश्वास के साथ साइबर अपराधियों से पूछें सवाल

राम मनोहर लोहिया नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी में बतौर गेस्ट फैकल्टी लॉ स्टूडेंट्स को साइबर सिक्योरिटी पढ़ाने वाले सचिन गुप्ता ने कहा कि अगर किसी व्यक्ति के पास किसी साइबर अपराधी का फोन या वीडियो कॉल आता है और वह खुद को किसी जांच एजेंसी का अधिकारी बताकर दबाव बनाने की कोशिश करता है तो घबराने की कोई जरूरत नहीं है। व्यक्ति को चाहिए कि वो पूरे आत्मविश्वास के साथ तथाकथित अधिकारी से अपने इलाके के थाना, इंस्पेक्टर, एसपी या अन्य अधिकारियों के नाम व अन्य जानकारी मांगे। इतने भर से साइबर अपराधी का आत्मविश्वास डगमगा जाएगा और वह खुद ही फोन काट देगा।

### लड़कियों, सीधे-साधे लोगों को ज्यादा बनाते हैं शिकार

साइबर एक्सपर्ट सचिन गुप्ता के अनुसार साइबर क्रिमिनल ज्यादातर ऐसे लोगों को अपना शिकार बनाते हैं जिन्हें बहुत व्यावहारिक ज्ञान नहीं होता। जिसको भी वह शिकार बनाते हैं उसके बारे में पहले जानकारी जुटाते हैं ताकि लोग उनकी बात पर विश्वास कर लें। इसलिए उनकी ज्यादातर शिकार कॉलेज जाने वाली लड़कियां होती हैं। या फिर ऐसे पेशेवर जो अपने विषय में तो एक्सपर्ट होते हैं लेकिन उन्हें बहुत व्यावहारिक ज्ञान नहीं होता। साइबर अपराधी कभी भी किसी आईटी प्रोफेशनल, पुलिस अधिकारी या वकील को अपना शिकार बनाने के बारे में नहीं सोचते। उन्हें पता होता है कि उन्हें इसका खामियाजा उठाना पड़ेगा।

### सोशल मीडिया पर न डालें बहुत पर्सनल फोटो और सूचना

सचिन गुप्ता के अनुसार आजकल लोग अपनी हर छोटी बड़ी सूचना थोड़ी-थोड़ी देर में सोशल मीडिया पर पोस्ट करते रहते हैं। यह साइबर अपराधियों के लिए आसानी से आपको फंसाने की योजना बनाने में मदद करता है। आपकी बहुत पर्सनल फोटो का एडिटिंग के बाद दुरुपयोग कर किसी भी लड़के लड़की को साइबर अपराधी ब्लैकमेल कर सकते हैं। या अगर उन्हें पता है कि आप अकेले या अपने किसी फ्रेंड के साथ दूसरे शहर या दूसरे देश में गए हुए हैं तो आपके साथ एक्सीडेंट होने की झूठी सूचना देकर आपके परिवार वालों से पैसे ऐंठ सकते हैं। आपकी सोशल मीडिया पोस्ट साइबर अपराधियों की मुखबिर हो सकती है।



# जिला जज, डीएम व एसपी ने किया जिला कारागार का निरीक्षण

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**



जिला जज विकास कुमार प्रथम, जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन, पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह, सीजीएम राजेंद्र प्रसाद भारती, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव अपर जिला जज नीलू मेनवाल ने संयुक्त रूप से शनिवार को जिला कारागार का त्रैमासिक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने महिला बैरक में निरुद्ध महिला कैदियों, चिकित्सालय एवं पाकशाला (रसोई घर), हाई सिक्योरिटी, बैरक नंबर दो का निरीक्षण किया।

जिला जज व जिलाधिकारी ने महिला बैरक का निरीक्षण के दौरान निरुद्ध महिला कैदियों से खानपान व समस्याओं के बारे में जानकारी की। साथ ही बैरक में महिलाओं को कराएं जा रहे पठन-पाठन को देखा एवं कुछ महिलाओं द्वारा बैरक में लगे स्मार्ट बोर्ड पर नाम भी लिखवाया। इसके बाद उन्होंने अस्पताल वार्ड का निरीक्षण किया। साथ ही कैदियों से उनके स्वास्थ्य लाभ के बारे में जानकारी करते हुए निर्देशित किया कि समय पर स्वास्थ्य परीक्षण करते रहें। हाई सिक्योरिटी में कैदियों से समस्याओं के बारे में जानकारी की। इसके बाद उन्होंने पाकशाला का निरीक्षण किया। जहां मीनू के हिसाब से भोजन बनते हुए पाए गए। जिला जज व जिलाधिकारी ने जेल अधीक्षक से कहा कि कैदियों को भोजन, नाश्ता प्रतिदिन मीनू के अनुसार शुद्धता के साथ दिया जाए, इसमें कोई अव्यवस्था नहीं होना चाहिए। उन्होंने भजन कीर्तन करने वाले कुछ कैदियों से उनके बारे में जानकारी ली। साथ ही कहा कि आप लोग सकारात्मक ऊर्जा का प्रयोग कर रहे हैं एवं करते भी रहे।

इस मौके पर जेल अधीक्षक शशांक पांडेय, जेलर राजीव कुमार सिंह आदि मौजूद रहे।

## न्याय की गुहार

**जन एक्सप्रेस/पहाड़ी, चित्रकूट।** उपजिलाधिकारी कर्वी को शिकायत पत्र देकर लगाई न्याय की गुहार। नापदान का पानी नही निकलने दे रहे गांव के दबंग, होगी कार्रवाई। गुरुवार को उपजिलाधिकारी को लिखित शिकायत पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई। बाबूपुर निवासी सुमित सिंह ने बताया कि बरसात एवं घर का पानी अपने जमीन से बह रहा था, लेकिन गांव के दबंगों द्वारा बिना नाप के उनकी जमीन मे भी मिट्टी की पुराई करा दिया। जिससे उनके घर से निकालने वाला पानी बाहर नही निकल पाए रहा है। बताया कि घर कच्चा बना होने के कारण बरसात का पानी नही निकाल रहा है। पानी भर जाने के कारण घर गिरने की आशंका बनी रहती है। जिससे किसी दिन जन धन या बडी दुर्घटना होने की सम्भावना बनी है। प्रतिदिन बारिश भी हो रही है जिसके चलते आये दिन बारिश का पानी कच्चे मकान मे आनन्द भर जाता है। यदि पुराई की मिट्टी समय से नही हटाई गई तो कभी भी घर ढह सकता है। इस समस्या से जल्द दूर करने की गुहार लगाई। तहसीलदार कर्वी, जिलाधिकारी कर्वी सहित सदर विधायक कर्वी अनिल प्रधान को दिया शिकायत पत्र।

# मेधावी छात्र-छात्राओं को किया गया सम्मानित



**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार आदित्यनाथ योगी द्वारा प्रदेश में मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। इसी क्रम में जनपद में मानिकपुर विधायक अविनाश चंद्र द्विवेदी, जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन, मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर, भाजपा जिलाध्यक्ष लवकुश चतुर्वेदी की उपस्थिति में जिला कलेक्टरेट सभागार में जनपद के मेघावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। जनपद के हाई व स्कूल इण्टर की छात्र-छात्राओं को प्रथम 21 छात्र-छात्राओं को टैबलेट, प्रशस्ति पत्र व डेमो चेक देकर सम्मानित किया गया। इसी क्रम में इण्टर कॉलिज के शिवम चैरसिया को एक लाख डेमो चेक, टैबलेट, प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। साथ ही अजय पांडेय, काव्य रघुवंशी, पूजा देवी, अभिषेक कुमार, अभिषेक धनपत सिंह, आकाश कुमार श्रीवास्तव, जननायक, आयुष शुक्ला आदि को 21 हजार का डेमो चेक, प्रशस्ति पत्र एवं टैबलेट दिया गया। हाई स्कूल के कार्तिक गुप्ता, दीपा देवी, बप्पा रावल सिंह, राममिलन, विपिन पाल, जितेंद्र कुमार, सिद्धार्थ नारायण, ऋषभ पटेल आदि छात्र-छात्राओं को भी 21 हजार, टेबलेट व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। जिलाधिकारी ने छात्र-छात्राओं को उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि इसी तरह आप लोग जनपद, प्रदेश व देश का नाम रोशन करते रहे एवं कडी परिश्रम के साथ आगे बढते रहें। मानिकपुर विधायक अविनाश चंद द्विवेदी व अन्य जनप्रतिनिधियों ने छात्र-छात्राओं का उत्साहवर्धन किया। इस मौके पर अपर जिलाधिकारी न्यायिक राजेश प्रसाद, जिला विद्यालय निरीक्षक संतोष कुमार मिश्रा आदि मौजूद रहे।

# रेलवे लाइन पर मां बेटी का शव मिलने से मचा हड़कंप

**जन एक्सप्रेस । उरई**

एट थाना क्षेत्र के पिरोना पिंडारी के बीच रेलवे लाइन पर मां बेटी का शव देखकर अफरातफरी मच गई। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लिया और पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

एट थाना क्षेत्र के ग्राम पिंडारी निवासी केशव राजपूत की 32 वर्षीय पत्नी अंजना व उसकी 3 वर्षी पुत्री अंशिका का शव पिरोना व पिंडारी के बीच रेलवे लाइन पर पड़ा मिला। रेलवे लाइन पर शवों को देखकर इलाके में हड़कंप मच गया। मौजूद लोगों ने सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष फोर्स के साथ मौके पर पहुंच गए। जिन्होंने शवों को कब्जे में लिया और जांच पड़ताल कर खबर उसके परिजनों को दी। मौके पर पहुंचे मृतका के पति केशव राजपूत ने बताया कि उसकी शादी वर्ष 2016 माह अप्रैल में हुई थी। मौके पर पहुंचे मृतका के पति केशव राजपूत ने बताया कि उसकी शादी वर्ष 2016 माह अप्रैल में हुई थी। मृतिका का मायका ग्राम मुस्तरा थाना सरसई जिला दतिया मध्य प्रदेश बताया। मामले में थानाध्यक्ष का कहना है कि घटना की खबर मृतिका के मायके वालों को दे दी गई है। प्रथम दृष्ट्या मृत्यु का कारण ट्रेन से कटकर आत्महत्या है। फिलहाल घटना की हर पहलू पर जमीनी स्तर पर जांच पड़ताल की जा रही है।

# डीएम ने डीसीसी व डीएलआरसी की ली बैठक

**जन एक्सप्रेस । उरई**




जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय की अध्यक्षता में वर्तमान वित्त वर्ष 2023-24 के चतुर्थ तिमाही की डीसीसी व डीएलआरसी की बैठक कर सम्बन्धित अधिकारी को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने समस्त बैंक को जनपद के ऋण-जमा अनुपात को राष्ट्रीय औसत 60.00 प्रतिशत तक लाने के लिये निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि पशुपालन एवं मत्सय पालन के क्षेत्र मे विशेष रुप से ध्यान देने की आवश्यकता है और इसको अभियान चलाकर पत्रावलियों का निस्तारण कराने के निर्देश दिये है एवं विशेष रुप से कहा कि भारतीय स्टेट बैंक एवं बैंक ऑफ बड़ौदा को इस क्षेत्र मे प्रगति बढ़ाये। उन्होंने सरकार प्रयोजित योजनाओ की समीक्षा की गई और सभी बैंक स्वरोजगार परक ऋण योजनायो के लक्ष्यो की प्राप्ति करे इसके अतिरिक्त आरसेटी जालौन से प्रशिक्षित युवायों को क्रेडिट लिंकेज कराकर रोजगार उपलब्ध कराने के निर्देश दिये।

उन्होंने समस्त बैंक अधिकारियो को निर्देश दिये कि समस्त बैंके राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत लंबित पत्राविलयों पर रोष व्यक्त किया एवं समस्त बैंको को प्रगति बढ़ाने के निर्देश दिये। उन्होंने प्रधानमंत्री फॉर्मलाइजेशन ऑफ माइक्रो फूड प्रोसेसिंग एंटरप्राइजेज हेतु सभी बैंको को प्रचार प्रसार करने के निर्देश दिये एवं इस योजना के तहत लाभार्थियो को सम्मानित करने के निर्देश दिये।

इस मौके पर रिजर्व बैंक के अग्रणी जिला अधिकारी ऋषभ ने वित्तीय समावेशन तथा वित्तीय साक्षरता के विभिन्न मानकों पर जिला समन्वयकों को संबोधित किया तथा बैंको को समुचित निर्देश दिये। बैठक मे अनुपस्थित बैकों के विरुद्व कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी शिवाकान्त द्विवेदी, अग्रणी जिला प्रबंधक संदीप सिन्हा, उपायुक्त स्वरोजगार दिनेश यादव, आरबीआई से अग्रणी जिला अधिकारी ऋषभ सक्सेना, डीडीएमनाबार्ड पारितोष कुमार, सहायक उपायुक्त जिला उघोग केन्द्र, एवं लाइन डिपार्टमेंट के अधिकारी व सभी बैंको के जिला समन्वयक उपस्थित रहे।

# युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**जन एक्सप्रेस । उरई**

शहर के मोहल्ला बघौरा में युवक ने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। नदीगांव ब्लाक के ग्राम अकनीवा निवासी अनूप यादव 28 वर्ष अपनी पत्नी प्रीति यादव व चार साल के पुत्र के साथ शहर के बघौरा में रहता था। उसके पैतृक गांव अकनीवा में खेती व मकान भी है।

उसके मकान पर परिवार के ही जगत सिंह ने कब्जा कर रखा है। कब्जे के लेकर कई बार झगड़ा भी चुका था। इसके साथ ही परिवार के गांव के लोगों ने पंचायत में भी कहा था कि उसके घर को खाली कर दिया जाए। इसके साथ ही परिवार के गांव के लोगों ने पंचायत में भी कहा था कि उसके घर को खाली कर दिया जाए। इसके बाद भी कब्जे धारक घर खाली करने को राजी नही है। इससे परेशान होकर पीड़ित अनूप यादव ने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। इस दौरान घर में मची चीख-पुकार सुनकर मोहल्ले के लोग मौके पर इकट्ठा हो गए। मौजूद लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को नीचे उतरवाकर मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी। दारोगा सोबरन सिंह ने बताया कि सूचना मिलते ही वह फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे थे। बताया कि अनूप एसएससी की तैयारी कर रहा था। फिलहाल शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। मामले में अभी तक किसी भी तरह की कोई तहरीर नहीं मिली है।

# नये भारतीय कानून की जानकारी एवं जागरूकता के लिए हुआ कार्यशाला का आयोजन



**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश के आदेश के अनुपालन में पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह की अध्यक्षता में पुलिस कार्यालय स्थित राघव प्रेक्षागार में नये कानून के लिये 1 दिवसीय प्रशिक्षण, जागरुकता कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यशाला में वरिष्ठ अभियोजन अधिकारी बृजमोहन सिंह, अभियोजन अधिकारी शशिकान्त यादव, जिला कॉर्डिनेटर सीसीटीएनएस मनीष वर्मा ने समस्त प्रभारी निरीक्षक, थानाध्यक्षों, दीवान, मुन्सियों एवं सीसीटीएनएस का कार्य देख रहे पुलिस कर्मियों को 1 जुलाई से लागू होने वाले भारतीय न्याय संहिता-2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता-2023, भारतीय साक्ष्य अधिनियम-2023 की धाराओं के सम्बन्ध में पुलिस मुख्यालय लखनऊ से प्राप्त पीपीटी एवं वीडियोज के माध्यम से विस्तृत रुप से पढाया गया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक ने बताया कि कि नये कानून के सम्बन्ध में कोई भी कठिनाई आती है तो इसके समाधान के लिए पुलिस मुख्यालय लखनऊ स्तर पर तथा जनपद स्तर पर समन्वय समिति का गठन किया गया है। सभी को पुलिस मुख्यालय एवं जनपद स्तर पर बनायी गयी समन्वय समिति के समस्त सदस्यों के नम्बर उपलब्ध कराये गये, जिससे किसी प्रकार की समस्या आने पर इन नम्बरों पर सम्पर्क करके अपनी समस्या का समाधान पा सकते हैं।

इस मौके पर क्षेत्राधिकारी राजापुर निष्ठा उपाध्याय, क्षेत्राधिकारी मऊ जयकरन सिंह, प्रतिसार निरीक्षक शिवनारायण, प्रधान लिपिक अनिल मोहन शुक्ला आदि मौजूद रहे।

## छात्र-छात्राओं को लोकार्पण का दिखाया गया सजीव प्रसारण

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** लोकभवन ऑडिटोरियम लखनऊ में मुख्यमंत्री द्वारा शैक्षिक सत्र 2024-25 में बेसिक, माध्यमिक शिक्षा विभाग के अंतर्गत परिषदीय विद्यालयों में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को प्रदान की जाने वाली सुविधाओं डीबीटी एवं अन्य विभिन्न कार्यक्रमों, गतिविधियों का शुभारम्भ, लोकार्पण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस पर महानिदेशक स्कूल शिक्षा उत्तर प्रदेश के निर्देश में कार्यक्रम का दूरदर्शन लखनऊ से सजीव प्रसारण देखने के लिए और शासन की विभिन्न योजनाओं के प्रचार प्रसार के लिए खंड शिक्षा अधिकारी मऊ द्वारा बीआरसी सभागार में एक आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता खण्ड विकास अधिकारी मऊ राम जी मिश्रा ने किया। कार्यक्रम का संचालन आलोक गर्ग जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षक संघ ने किया। प्राथमिक विद्यालय अहिरी और उच्च प्राथमिक विद्यालय अहिरी के बच्चों व अभिभावकों को कार्यक्रम का सीधा प्रसारण बीआरसी मऊ में दिखाया गया।

# दानवीर भामाशाह के जन्मदिवस के अवसर पर हुआ व्यापारी कल्याण दिवस का आयोजन

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर ने दानवीर भामाशाह के जन्म दिवस के अवसर पर व्यापारी कल्याण दिवस का आयोजन को दानवीर भामाशाह के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर कलेक्टरेट सभागार में कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि देश व प्रदेश की अर्थव्यवस्था में टैक्स के माध्यम से उद्योग कर रहे हैं। साथ ही जनपद में जो उद्योग स्थापित कर रहे हैं वह अपने उद्योग में सफल रहे। आपके उद्योग के आसपास छोटे व्यापारी उद्योग लगाकर बिजनेस कर रहे हैं, उन्हें भी लाभ मिल रहा है, तभी भामाशाह के लिए सच्ची श्रद्धांजलि होगी। उन्होंने कहा कि जनपद स्तर पर जिन व्यापारियों को किसी भी प्रकार की समस्याएं होती हैं तो उसका निराकरण तत्काल प्रशासन करता है। उन्होंने कहा कि भामाशाह का जन्म ओसवाल जैन परिवार में हुआ था, उनके पिता भारमल कावेडिया रणथंभौर किले के गढपति थे। महाराणा प्रताप द्वारा भामाशाह के निष्ठा पूर्वक सहयोग से शक्ति का गठन हुआ था। इन्होंने कोषाध्यक्ष के रूप में भी कार्य किया था। इन्होंने राज्य के कल्याण के लिए अपनी सारी संपत्ति निष्ठा पूर्वक अर्पित कर दी थी।

भामाशाह का वित्तीय और सैन्य समर्थन भारतीय इतिहास में समर्पण, निष्ठा और देशभक्ति का अनुपम प्रतीक है। भामाशाह के निष्ठा पूर्ण सहयोग से मुगलों से भीषण युद्ध कर पुनः राज्य प्राप्त किया था। उप जिलाधिकारी न्यायिक मोहम्मद जसीम ने कहा कि भामाशाह ने महाराणा प्रताप के साथ मिलकर उनकी सहायता किया था। उन्होंने जो दान दिया था, उससे महाराणा प्रताप ने कई सालों तक अपने सैनिकों को वेतन देते रहे हैं। भामाशाह बहुत ही नेक इंसान थे। व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष ओम केसरवानी ने कहा कि आज हम सब लोग दानवीर भामाशाह का जन्म दिवस बडे ही धूमधाम से मना रहे हैं। यह कार्यक्रम प्रत्येक वर्ष व्यापारियों द्वारा भी मनाया जाता रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री ने पूरे प्रदेश में दानवीर भामाशाह की जन्म दिवस मनाने का जो निर्णय लिया है। उपायुक्त राज्य कर विजय कुमार सोनी ने दानवीर भामाशाह के विषय में विस्तृत जानकारी दी।

इस अवसर पर व्यापार कर में सर्वोच्च करदाता में प्रमुख दो व्यापारी एनकेजी एवं श्याम मोटर्स के प्रोपराइटर को विशेष प्रशस्ति पत्र दिया। साथ ही एमपी जायसवाल, रामबाबू गुप्ता, छोटेलाल गुप्ता, महेश साहू, विनोद केसरवानी को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

इस मौके पर डीसी मनरेगा धर्मजीत सिंह, डीसी एनआरएलएम ओम प्रकाश मिश्रा, उपायुक्त राज्य कर अवनीश कुमार चौधरी, जिला ग्रामोद्योग अधिकारी राजेंद्र प्रसाद, बाल संरक्षण अधिकारी सौरभ सिंह, जिला सामान्य डूडा संतोष कुमार पटेल, उद्यमी मित्र सुधा सिंह, व्यापार मंडल के गुलाब चंद्र गुप्ता, सुनील द्विवेदी, महेश जयसवाल, राहुल गुप्ता आदि मौजूद रहे।

## घर में महिला को लगा करंट, अस्पताल ले जाते समय रास्ते में हुई मौत

**जन एक्सप्रेस/जालौन।** घर के काम करते समय महिला को अचानक से करंट लग गया। परिजन आनन फानन में महिला को सीएचसी लेकर आए। लेकिन अस्पताल पहुंचने से पहले से महिला की मौत हो गई। डॉक्टरों ने उसे देखते ही मृत घोषित कर दिया। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस विधिक कार्यवाही कर रही है। कुठौंद थाना क्षेत्र के ग्राम शेखपुर बुजुर्ग निवासी रामकली (60) पत्नी भीकम सिंह शनिवार की दोपहर घर के काम कर रही थीं। काम करते समय अचानक से उन्होंने बिजली के तार को छू लिया। तार में आ रहे करंट के चलते वह वहीं गिर गई। घर वालों ने जब उन्हें गिरा देखा तो तत्काल बिजली की सप्लाई बंद की और उन्हें आनन फानन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर आए। लेकिन अस्पताल पहुंचने से पहले ही रास्ते में महिला की मौत हो गई। अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टरों ने उन्हें देखते ही मृत घोषित कर दिया। उधर, सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस विधिक कार्यवाही कर रही है।

# भूमिहीन खेतिहर मजदूरों के आर्थिक सशक्तिकरण के लिये ग्रामोदय में राष्ट्रीय संगोष्ठी प्रारंभ

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

राष्ट्रऋषि नानाजी देशमुख ने चित्रकूट प्रकल्प के माध्यम से भूमिहीन कृषि श्रमिकों के लिये जो मॉडल प्रस्तुत किया है। वह आत्मनिर्भर ग्रामों के साथ आत्मनिर्भर भारत के स्वप्न को साकार करने के लिये आधारभूत प्रेरणास्त्रोत है।

हमें आज के समय में भूमिहीन कृषि मजदूरों के आर्थिक सशक्तिकरण के लिये बहुआयामी प्रयास करने की आवश्यकता है। इस आशय के उदगार मध्यप्रदेश शासन के ऊर्जामंत्री प्रद्युमन सिंह तोमर से भूमिहीन खेतिहर मजदूरों के आर्थिक सशक्तिकरण से कृषि प्रक्षेत्र को सुदृढ़ बनाने के लक्ष्य से आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी के उद्घाटन सत्र में महात्मा गॉधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय में व्यक्त किये। उद्घाटन सत्र में भूमिहीन श्रमिकों के प्रश्न को संवेदनशीलता, प्रतिष्ठा, गरिमा और निजता से जोड़कर समाधान ढूंढने के लिये आउट आफ बॉक्स विचार करने का आग्रह पूर्व केन्द्रीय मंत्री संजय पासवान ने किया। उन्होंने कहा कि भारत विरोधी ताकतें कृषक और भूमिहीन श्रमिकों में संघर्ष देखना चाहती हैं, किन्तु हमारा प्रयास समन्वय से समाधान निकालने का होना चाहिये।

सामाजिक समरसता के राष्ट्रीय संयोजक श्यामप्रकाश ने कहा कि पाश्चात्य चिन्तन ने हमारी दृष्टि कृषकों और भूमिहीन श्रमिकों में भेद करने वाली बनाने का प्रयास किया है पर वस्तुतः यह दोनों एक ही हैं। उन्होंने बताया कि इस संगोष्ठी में देश भर के विभिन्न राज्यों से विद्वान प्रशासक अपने क्षेत्रों के भूमिहीन किसानों की समस्याओं और चुनौतियों के साथ समाधान लेकर भी प्रस्तुत हुये हैं। ग्रामोदय विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो.



भरत मिश्रा ने कहा कि महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय अपने नवाचारों के माध्यम से देश में अपनी विशेष पहचान बना रहा है। उन्होंने कहा कि नानाजी कहते थे कि आज की परिस्थितियों में गॉव उजाड़ हो रहे हैं और शहर आबाद। विकास का यह मॉडल दूरगामी रूप से ठीक नहीं हैं। इसके परिणाम समाज और राष्ट्र के हित में नहीं होगे। उन्होंने कहा कि देश को नानाजी का चिंतन एक नई दृष्टि दे सकता है। दीनदयाल शोध संस्थान के संगठन सचिव अभय महाजन ने नानाजी के आत्मनिर्भर गॉवों के संकल्प को साझा किया। दीनदयाल शोध संस्थान की ओर से भूमिहीन श्रमिकों के आर्थिक उन्नयन के लिये किये जाने वाले प्रयासों की पावन पॉइण्ट प्रस्तुति बसंत पंडित ने तथ्यात्मक रूप से की। उन्होंने त्रिस्तरीय ग्राम विकास माडल की प्रस्तुति की जिसमें प्रथम स्तर पर उत्पादन, द्वितीय स्तर पर प्रोसेसिंग और अंतिम स्तर पर मार्केटिंग चेन के बारे में विस्तार से अनुभव और जानकारियॉ साझा की।

मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के कार्यपालक निदेशक डॉ. धीरेन्द्र कुमार पाण्डेय ने परिषद को प्रदेश में स्वैच्छिकता का सबसे बड़ा संगठनात्मक तंत्र बताते हुये विविध स्तरों पर इसके स्वरूप को प्रस्तुत किया। मध्यप्रदेश शासन के पूर्व अपर मुख्य सचिव एवं वर्तमान में जनजातीय प्रकोष्ठ राजभवन के संयोजक दीपक खांडेकर ने कहा कि समस्या से हम सब परिचित हैं, हमें निदान की ओर बढ़ना चाहिये। इस दृष्टि से पॉलिसी निर्माण बहुत आवश्यक है। शिक्षा, संसाधनविहीन के जीवन में परिवर्तन लाने वाला सबसे महत्वपूर्ण घटक है। अतः भूमिहीन श्रमिकों के परिवारों के लिये स्तरीय शिक्षा और बाद में कौशल शिक्षा के अवसरों की उपलब्धता बहुत आवश्यक है। आभार प्रदर्शन संगोष्ठी के संयोजक प्रो अमरजीत सिंह द्वारा किया गया। कार्यक्रम का संचालन संचार विशेषज्ञ प्रो वीरेन्द्र कुमार व्यास ने किया।

इस मौके पर जन अभियान परिषद के संभाग समन्वयक अमिताभ श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

# व्यापारी कल्याण दिवस के रूप में मनाया गया दानवीर भामाशाह का जन्मदिवस

**जन एक्सप्रेस । उरई**



दानवीर भामाशाह का जन्मदिवस 29 जून को ÷व्यापारी कल्याण दिवस के रूप में जिला पंचायत अध्यक्ष घनश्याम अनुरागी, जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय की अध्यक्षता में विकास भवन में बृहद स्तर पर व्यापारी कल्याण दिवस मनाया गया। जिसमे सम्बंधित अधिकारियों ने व्यापार से जुड़े बिंदुओं पर प्रकाश डाला। इसके साथ ही राज्य कर विभाग में पंजीकृत व्यापारियों के लिए राज्य सरकार द्वारा विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के संबंध में विस्तारपूर्वक बताया गया।

समारोह में राज्य सरकार की व्यापार के कल्याण हेतु संचालित योजनाओं तथा कार्यो की प्रदर्शनियां लगाई जिसका जनप्रतिनिधियों व जिलाधिकारी ने अवलोकन किया। जनपद में %व्यापारी कल्याण दिवस% की सार्थकता के दृष्टिगत राज्य कर विभाग/एमएसएमई/नगरीय विकास विभाग/ग्राम्य विकास विभाग/औद्योगिक विकास विभाग अपने उद्यमियों, व्यवसायियों व स्वयं सहायता समूहों द्वारा इस अवसर पर ओडीओपी के स्टाल लगाते हुए उत्पादों के प्रचार-प्रसार एवं विक्रय का कार्य किया जाये तथा प्रदर्शनियां भी लगाई गई है। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी शिवकांत द्विवेदी, जिला विकास अधिकारी सुभाष चन्द्र त्रिपाठी आदि सहित व्यापारी मौजूद रहे।

**मौसम पूर्वानुमान**

**पूर्वानुमान**

भारतीय मौसम विज्ञान विभाग से प्राप्त मौसम पूर्वानुमान के अनुसार,अगले पांच दिनों में हल्के बादल छाए रहने के कारण तेज हवाओं (धूलभरी आँधी) एवं गरज चमक के साथ स्थानीय स्तर पर छुटपुट बूंदाबादी होने के आसार हैं तथा दिन और रात के तापमान सामान्य से अधिक रहने के आसार हैं

अधिकतम (डिग्री0से0) : 33.4 (-3.5)
न्यूनतम तापमान (डिग्री0से0) : 25.6 (-1.3)
सापेक्षिक आर्द्रता अधिकतम : 87 प्रतिशत
सापेक्षिक आर्द्रता न्यूनतम : 67 प्रतिशत
हवा की औसत गति : 5.5 कि0मी0/घंटा
हवा की दिशा- दक्षिण-पश्चिमी
वर्षा (मि0मी0) : 0.0

- कृषि मौसम वैज्ञानिक

# अधिवक्ता कमिश्नर कार्यालय पर करते रहे प्रदर्शन, पुलिस ने आरोपी को भेज दिया जेल





**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

शहर में कल अचानक से सैकड़ो अधिवक्ता पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार के दफ्तर का घेराव करने पहुंच गए और जमकर पुलिस के खिलाफ नारेबाजी करने लगे। इधर लोग समझ ही पाते की नारेबाजी किस लिए हो रही है दूसरी ओर थाना बिठूर पर भी आधा सैकड़ा से अधिक अधिवक्ता पहुंच गया और वहां पर भी पुलिस के खिलाफ जमकर नारेबाजी करनी शुरू कर दी गई। थोड़ी देर बाद ही पूरे शहर को पता चल गया कि अधिवक्ताओं ने पुलिस के मुखिया पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार के दफ्तर को और बिठूर थाने को क्यों घेरा है। कारण जब सामने निकल कर आया तो लोगों ने अपने दांतों तले उंगली दबा ली, क्योंकि एक अधिवक्ता और अन्य पर एक नाबालिक का अपहरह कर मारने पीटने का आरोप लगा था और पुलिस ने अधिवक्ता को उसके भाई के साथ गिरफ्तार कर लिया था और थाने ले आई थी। सैकड़ो की संख्या में अधिवक्ता सायं काल तक पुलिस कमिश्नर कार्यालय पर बैठे रहे और वहीं पीछे से सारे पुलिस के अधिकारी निकल कर अपने गंतव्य को चले गए। सायं काल के समय ही कानपुर बार एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रमोद द्विवेदी और संयुक्त पुलिस आयुक्त हरिश्चंद्र का अलग अलग बयान आया की अधिवक्ताओं ने अपना धरना प्रदर्शन तीन दिन के लिए स्थगित कर दिया है और पुलिस ने निष्पक्षता से कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है।

मिली जानकारी के अनुसार थाना बिठूर पुलिस के पास बीती 28 जून को बदहवास हालत में कानपुर देहात के ग्राम बरौन निवासी केशव शर्मा नाम का सख्स पहुंचा और कहा कि एक मोबाइल नंबर से उनके मोबाइल नंबर पर उनके बेटे आर्यन का अपहरण करने वालों ने धमकी दी है कि अगर एक घंटे में ईश्वरीगंज चौराहे पर नहीं आए तो तुम्हारे बेटे की हत्या कर देंगे। अपने बेटे के अपहरण की सूचना देने वाले शख्स ने पुलिस को यह भी बताया उनका बेटा आर्यन उर्फ वरुण ईश्वरीगंज स्थित एक कॉलेज में डी फार्मा का कोर्स करने आया है और थाना बिठूर क्षेत्र में ही स्थित अपनी नानी के यहां निवास कर रहा है। मामले में किसी भी प्रकार की अनहोनी ना हो इस कारण पुलिस ने तत्काल अपहरण की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आर्यन को ढूंढने के लिए कई टीमें लगा दी जिस नंबर से फोन आया था और अपहृत के नंबर का लोकेशन लेने के लिए सर्विलांस की मदद ली गई और साथ ही साथ अपहरणकर्ता का ध्यान बटाने के लिए माता पिता को साथ मे लेकर अपहरणकर्ताओं से वार्ता की जाने लगी।

पुलिस टीम को सर्विलांस और ह्यूमन इंटेलिजेंस की मदद से यह ज्ञात हुआ कि जो नम्बर अपहरणकर्ता के द्वारा प्रयोग किया जा रहा है वह ब्रज नारायण निषाद नामक व्यक्ति का है। थोड़ा और जानकारी करने पर ज्ञात हुआ कि वह व्यक्ति ईश्वरी गंज तिराहा का निवासी है पुलिस द्वारा तत्काल ही मौके पर पहुंच कर उसकी खोजबीन की जाने लगी। तो जानकारी के क्रम मे यह ज्ञात हुआ कि कुछ लोग शाम में एक लड़के को उठाकर चिरान गांव के जंगल की ओर ले गए हैं जिसमे एक महिला भी शामिल रही है। पुलिस द्वारा कई टीम के सहयोग से वहाँ तलाश की कारवाई शुरू की गई, इसी क्रम में चिरान गांव के बाहर एक खेत मे जिसमे एक कमरा बना था वहीं कुर्सी पर अपहृत आर्यन जो कि घायल अवस्था मे था, को बृज नारायण निषाद और तेज नारायण निषाद के कब्जे से बरामद कर लिया गया। मौके से एक महिला और तीन युवक कार से फरार हो गए। पूछताछ से यह ज्ञात हुआ कि वह महिला निधि वर्मा है,जो वृजनारायन की पत्नी है और भागने वाले प्रवीण, विक्की और निश्चल है।

अपहरणकर्ताओं से घटना के मोटिव की जानकारी की गई तो पूछताछ से यह तथ्य सामने आया कि अपहृत आर्यन और वृजनारायण की नाबालिग लड़की की एक दूसरे से जान पहचान है और शाम में वह एक साथ पैदल टहल रहे थे।दोनों को साथ मे घूमते हुए तेजनारायण, विक्की, निश्चल और प्रवीण के द्वारा देख लिया गया था।तभी ये वृजनारायन और उसकी पत्नी निधि से बात कर योजना बनाकर उसको चिरांग के सुनसान क्षेत्र में हत्या के उद्देश्य से ले जाया गया, और उसके साथ अमानवीय ढंग से मारपीट की गई। एवं अपहृत के परिवार को भी उसके बच्चे की हत्या कर गंगा बैराज में फेंक देने की धमकी दी गई थी। वृजनारायन निषाद, और उनके भाई तेजनारायण निषाद की मौके से गिरफ्तारी की जा चुकी है।

### जमकर पीटा गया आर्यन को

जिस आर्यन नाम के लड़के को अधिवक्ता ब्रज नारायण निषाद और उनके साथियों के द्वारा अपहृत करने का आरोप लगा है। उसे लड़के का एक वीडियो जमकर सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इस वायरल वीडियो में आर्यन नाम का लड़का काफी बुरी स्थिति में डरा हुआ दिखाई दे रहा है उसके शरीर में दरिंदगी के भी निशान साफ दिखाई दे रहे हैं कि उसे कैसे मारा पीटा गया है।

### आर्यन पर लगे अधिवक्ता की बेटी का उत्पीड़न करने के आरोप

शनिवार को यह बात भी चर्चा में रही कि अधिवक्ता की नबालिग बेटी को आर्यन के द्वारा रास्ते में रोक कर परेशान किया जाता था। कई मर्तबा अधिवक्ता के द्वारा आर्यन को समझाया बुझाया गया लेकिन वह नहीं माना। सूत्रों की मानें तो अधिवक्ता की ओर से भी पुलिस विभाग तहरीर लेगा और जो शिकायत होगी उस पर मुकदमा दर्ज किया जाएगा।

### गिरफ्तार बृज नारायण निषाद निकले अधिवक्ता

मिली जानकारी के अनुसार पुलिस ने अपहरण के मामले में जिन दो शख्सों को गिरफ्तार किया था, उनमें से बृज नारायण निषाद नाम के शख्स पेशे से अधिवक्ता हैं और वह पूर्व में लॉयर्स एसोसिएशन के उपाध्यक्ष पद पर भी चुनाव जीत चुके हैं। जैसे ही शहर के अधिवक्ताओं को उनकी गिरफ्तारी की जानकारी हुई कचहरी पहुंचने वाले अधिवक्ताओं ने काफी बड़ी संख्या में पुलिस कमिश्नर के कार्यालय पर जाकर उनकी रिहाई के लिए प्रदर्शन करना चालू कर दिया।



" थाना बिठूर क्षेत्र में एक अपहरण का मुक़दमा दर्ज हुआ था। प्रदर्शन कर रहे अधिवक्ताओं का कहना था कि उनके साथी अधिवक्ता को इस मुकदमे में गलत तरीके से फंसाया गया है इसकी हम जांच कराएंगे हमने समय मांगा है।

–हरिश्चंद्र
संयुक्त पुलिस आयुक्त, कानपुर कमिश्नरेट पुलिस



" हमारे संगठन को पुलिस अधिकारियों ने आश्वासन दिया है कि अधिवक्ताओं पर जो चार छह महीने के समय में दर्ज मुकदमे हैं उनमें कोई नेगेटिव एक्शन नहीं होगा। इन मुकदमों में कार्रवाई करने से पहले एक कमेटी बनेगी और उसमें विचार विमर्श होगा। इस मामले में पुलिस अधिकारियों ने तीन दिन का समय मांगा है जांच करके कार्रवाई करेंगे और हमारी तहरीर पर मुकदमा दर्ज किए जाने के आदेश भी हो गए हैं इसलिए अब यह धरना प्रदर्शन तीन दिन के लिए समाप्त किया जाता है।

–प्रमोद कुमार द्विवेदी
अध्यक्ष कानपुर बार एसोसिएशन

### वकील करते रहे प्रदर्शन, पुलिस ने भेज दिया जेल

कानपुर कचहरी के सैकड़ो अधिवक्ता अपने साथी अधिवक्ता को रिहा कराने के लिए पुलिस कमिश्नर कार्यालय के दफ्तर का घेराव करके बैठ प्रदर्शन करते रहे। वहीं दूसरी और पुलिस ने अधिवक्ता और उनके भाई का मेडिकल कराकर कोर्ट में पेश किया जहां से कोर्ट ने उन्हें जेल भेज दिया है।

### अधिवक्ता की पत्नी को पुलिस द्वारा पीटने का भी लगा आरोप

मिली जानकारी के अनुसार अधिवक्ता बृज नारायण निषाद की पत्नी निधि को पुलिस कर्मियों के द्वारा मारने पीटने का आरोप अधिवक्ता के परिवार और उनकी पत्नी के द्वारा लगाया गया है।

# अखिल भारतीय हमारा समाज पार्टी ने मनाया भामाशाह जयंती पर्व



**जन एक्सप्रेस । कानपुर देहात**

अखिल भारतीय हमारा समाज पार्टी के तत्वाधान में प्रदेश महामंत्री बृजेश गुप्ता जी द्वारा आयोजित ग्राम सिलहारा कानपुर देहात में परम राष्ट्र प्रेमी शूरवीर दानवीर महाराजा भामाशाह जी की जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई एवं भामाशाह बंधुवो का अंगवस्त्र पहना कर सम्मान किया गया प्रदेश अध्यक्ष ने महापुरुषों की गाथाओं को सुनाया महाराजा भामाशाह योद्धा भी थे और दानवीर भी उन्होंने मातृभूमि की रक्षा के लिए,अपना तन मन धन समय सर्वस्व न्योछावर कर दिया, महाराणा प्रताप जी की मदद की और मित्रता को भी निभाया भामाशाह जी ने हल्दीघाटी के युद्ध में मुग़लों के खिलाफ युद्ध किया इस युद्ध में भामाशाह, महाराणा प्रताप के हरावल दस्ते में शामिल थे उस दौरान उनके साथ उनके भाई ताराचंद भी थे इसके अलावा महाराणा प्रताप के दीर्घकालीन युद्ध की कई महत्वपूर्ण घटनाओं के साथ भामाशाह जी की प्रमुख भूमिका रही भामाशाह ने मेवाड़ की सैन्य टुकड़ियों का नेतृत्व करते हुए कई बार मुगलों की शाही सेना पर आक्रमण किया और राष्ट्र सम्मान के साथ जन जन का आत्मसम्मान बचाया। हम उन महापुरुषों की संताने हैं जिन्होंने राष्ट्ररक्षा एवं लोकहित में अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया। वैश्य समाज को संगठित होने, उपजातियों से हटकर एक वैश्य होने और अपने महापुरुषों को याद कर उनकी जीवनी को अपने आदर्श पर चलने के लिए अपील की। कार्यक्रम में रमेश चंद्र गुप्ता राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, शैलेन्द्र गुप्ता प्रदेश अध्यक्ष, महेश चंद्र गुप्ता वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष, संजीव गुप्ता पूर्व प्रधानचार्य नीरज वैश्य अधिवक्ता, ओम नारायण गुप्ता एडवोकेट ब्रजेश गुप्ता प्रधानाचार्य/प्रदेश महामन्त्री, दिनेश चन्द्र जी, अवध विश्नोई विश्नोई ट्रेडिंग कंपनी, करण बिश्नोई, पारस बिश्नोई, अनुराग बिश्नोई, सिकंदर, विजय आदि गणमान्य जन उपस्थित रहे।

### संदिग्ध परिस्थितियों में ढाबा कर्मचारी की मौत

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर।** पनकी में झाड़ियों में ढाबा कर्मचारी का शव पड़ा मिला। इस दौरान सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मृतक के परिजनों को सूचना देते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। बताते चलें कि कानपुर देहात के डेरापुर के डुडौली गांव निवासी पदमेश शुक्ला (40) चकरपुर मंडी के पास किराए के मकान में पत्नी रंजना, दो बेटे शांतनु, शीनू व बेटी महक के साथ रहते थे। लोहिया चौराहे के पास स्थित एक ढाबा में काम करते थे। पदमेश के रोज-रोज शराब पीने से उसका विवाद घर में होता रहता था। शुक्रवार पदमेश का पत्नी से विवाद हो गया था। जिसके बाद वह घर से नाराज होकर निकल गया था। शनिवार की भोर सुबह पदमेश का शव जिस ढाबे पर काम करता था वहां से करीब 200 मीटर की दूरी में पड़ा मिला। वही शव पड़े होने की जानकारी होते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थाना प्रभारी पनकी ने बताया कि जांच की जा रही है। प्राथमिक जांच में पदमेश शराब का लाती था। जिसके चलते उसका घर में विवाद होता था।

# कुलसचिव ने चयनित छात्र-छात्राओं को उज्जवल भविष्य की दी शुभकामनाएं

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**




छत्रपति शाहूजी महाराज विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ होटल मैनेजमेंट विभाग के निहित परिहार, शाल्वी सिंह, तानिषा, शुभांकर एवं शिवांश आदि छात्रों का चयन बिकानेरवाला में मैनेजमेन्ट ट्रेनी के पद पर, छात्र प्रयाग सिंह का चयन देश के प्रसिद्ध होटल ब्राण्ड ओबेरॉय में एवं छात्र यशवर्धन यादव का चयन दा कैनवास दुबई में हुआ है। विभागाध्यक्ष शिवांशु सचान ने बताया कि संस्थान में वर्तमान में होटल मैनेजमेन्ट का बैचलर, मास्टर कार्स एवं 03 डिप्लोमा कोर्स चल रहे है। जिनमें कुछ सीटें रिक्त है व उन सीटों पर सीधे प्रवेश प्रकिया चल रही है जिसमे छात्र-छात्राए समर्थ पोर्टल के माध्यम से प्रवेश लेकर देश विदेश के प्रसिद्ध होटल में अपना भविष्य बना सकते है। देश के प्रसिद्ध होटलों से विभाग के कई और छात्र एवं छात्रों को जॉब के ऑफर आ रहे है। उन्होंने बताया कि प्रवेश से संबंधित अधिक जानकारी के लिए कानपुर विश्वविद्यालय में स्कूल ऑफ होटल मैनेजमेन्ट में सम्पर्क कर सकते है। विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. अनिल कुमार यादव ने चयनित छात्र-छात्राओ को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर विभागाध्यक्ष शिवांशु सचान एवं सभी सहायक आचार्य सौरभ त्रिपाठी, अरविन्द चौहान, ऐश्वर्या आर्या, अंकित कुमार मौजूद रहे।

# आवास विकास ग्रीन बेल्ट बनी पार्किंग, कूड़ा घर

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**



कल्याणपुर बगिया क्रॉसिंग से आवास विकास की ओर जाने वाली रोड पर बनी ग्रीन बेल्ट पर सिर्फ आसपास के लोगों ने ही नहीं बल्कि नगर निगम ने खुद ही कब्जा कर रखा है लोग ग्रीन बेल्ट पर चार पहिया वाहन खड़े रखते हैं वहीं नगर निगम सीट पर ग्रीन बेल्ट को बचाए रखने की जिम्मेदारी उसकी ही पूरा गाड़ियों का पार्किंग स्थल में यह जगह तब्दील हो चुकी है कूड़े का जगह-जगह देर भी लगा हुआ है। शहर को प्रदूषण मुक्त स्वच्छ सुबह हरा भरा बनाने के लिए ग्रीन बेल्ट बनाई गई है।

मगर यहां हरियाली तो दूर छोटे-छोटे पौधे भी नजर नहीं आ रहे हैं लोगों ने तार से झेल लिया है और उसे अपनी निजी पार्किंग के रूप में इस्तेमाल कर रहे हैं कुछ घूमती है वह झोपड़ी भी बनी हुई है जिस पर लोगों ने कब्जा कर रखा है जहां से ग्रीन बेल्ट शुरू होती है वहां तो कूड़े के ढेर लगे हैं निर्माण सामग्री का मलबा पड़ा है कार्रवाई या सफाई के बजाय नगर निगम कूड़ा गाड़ियों डेरा जमाए है। कल्याणपुर के आवास विकास सत्यम बिहार में रहने वाले लोगों ने भी एक पार्क को कब्जा कर रखा है।

# साढ़ पुलिस ने दबोचे आधा दर्जन से ज्यादा जुआरी




**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

साढ़ पुलिस को मिली सूचना पर पुलिस ने तत्काल छापा मार कर सात जुआरियों को मौके से गिरफ्तार कर लिया।

सारा मामला बीते शनिवार का है जब साढ़ पुलिस को मुखबिर के द्वारा सूचित किया गया कि भीतरगांव के तिवारीपुर चौराहे के पास जुआरियों का फड़ सजा हुआ है तभी साढ़ पुलिस छापा मारती है और मौके से 52 तास के पत्ते, 1890 रुपये व सात जुआड़ी राज कुमार (18 पुत्र रतिराम निवासी गौरी ककरा, पवन (18) स्व0 नेकपाल निवासी भीतरगांव, परविश (35)पुत्र मानु सिंह निवासी मदनपुर राम प्रताप (29)पुत्र रघुराज निवास मनियापुर, अंकुर(28) पुत्र स्व0राम प्रताप, उदयभान (24)पुत्र लल्ला सिंह और रजुन (23)पुत्र लल्लन सिह निवासीगण कुंहूपुर को धर दबोचती है।

जिसकी वजह से स्थानीय लोगो ने साढ़ पुलिस की प्रशंसा करनी शुरु कर दी। इस मौके पर उपनिरीक्षक दिनेश कुमार, रजनीश कुमार व कांस्टेबल मुनेश कुमार मौजूद रहे।

# संदिग्ध परिस्थितियों में ईंट भट्ठा मजदूर की मौत

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**



साढ़ थाना क्षेत्र के कुंदौली चौराहा स्थित एक ईंट भट्ठे में मजदूर की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई है। पुलिस शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजने के बाद जांच में जुट गई है। बिधनू थाना के रमईपुर निवासी दीपक 20 पुत्र पुत्तन कुरील करीब तीन माह से भट्ठे में मुंशी का काम देखता था। शनिवार दोपहर उसकी मौत हो गई जिसे परिजनों को सूचना देते हुए सीएचसी भीतरगांव भेजा गया जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। बताया जाता है कि वह भट्ठे में भूसे की गाड़ी खाली कराने जा रहा था तभी ऊपर से निकली बिजली के तारों की चपेट में आकर गंभीर रूप से झुलस गया जिसे साथी मजदूरों द्वारा सीएचसी भीतरगांव भेजा गया था जहा उसे मृत घोषित कर दिया गया। मौत की खबर से बदहवास परिजन सीएचसी भीतरगांव पहुंचे जहा पुलिस ने उन्हें ढांढस बंधाते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। थानाध्यक्ष सुधीर कुमार ने बताया कि परिजनों ने अभी तक कोई तहरीर नहीं दी है शव को पीएम के लिए भेजा गया है रिपोर्ट आने पर अग्रिम कार्यवाही की जाएगी।

# एक माह के ट्रेनिंग कार्यक्रम का समापन

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**



डॉ.अंबेडकर इंस्टिट्यूट ऑफ़ टेक्नोलॉजी फॉर दिव्यांगजन के अटल विहारी वाजपेयी रिसर्च सेंटर में टेक्नीक्स इन बायोटेक्नोलॉजी एंड बायोलॉजिकल साइंसेज़ विषय पर चल रहे एक माह के ट्रेनिंग कार्यक्रम का समापन शनिवार को हुआ। ट्रेनिंग में चंडीगढ़ विश्वविद्यालय के अतिरिक्त एक्सिस कॉलेज के लगभग 30 छात्र छात्राओं ने प्रतिभाग किया व एफ़टीआईआर, एचपीएलसी, प्लेट रीडर जैसे उच्च स्तरीय एनालिटिकल उपकरणों पर ट्रेनिंग ली जिससे छात्रों में शोध एवं उद्योगों के लिए विशेषज्ञता विकसित हो सके। रिसर्च सेंटर के कॉर्डिनेटर एवं डीन रिसर्च डॉ.मनीष सिंह राजपूत ने प्रमाण पत्र वितरित किए।संस्थान की निदेशक प्रो. रचना अस्थाना ने छात्रों को शुभकामनाएँ दी। इस अवसर पर श्रीनाथ द्विवेदी, अर्पिता सिंह, डा.पारुल जौहरी, गौरव वर्मा, पंकज यादव आदि लोग मौजूद रहे।

### लघु सिंचाई विभाग प्रांगण में सम्मान समारोह किया आयोजित



**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर।** लघु सिंचाई विभाग प्रांगण में एसोसिएशन बोरिंग टेक्नीशियन के प्रदेश अध्यक्ष राजेश पाल व महामंत्री अरुण शुक्ला की उपस्थिति में तीन कर्मचारियों की अधिवर्षिता आयु पूर्ण होने पर सम्मान समारोह आयोजित किया गया। राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के ज़िलाध्यक्ष राजा भरत अवस्थी ने कहा कि व्यक्ति का व्यवहार, आचरण व सहयोग जैसे संस्कार ही सुखद, आनन्दमय व स्वस्थ जीवन का परिचायक है। कार्यक्रम का संचालन ज़िलाध्यक्ष उमाकांत प्रजापति ने किया। इस अवसर पर राजेश सिंह, डॉ.विजय शर्मा, अंजनी पाल, विजय सिंह आदि मौजूद रहें।

# साइबर लुटेरों ने बनाया आईआईटी के प्रोफेसर को निशाना

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

कल्याणपुर क्षेत्र स्थित आई.आईटी कानपुर में प्रोफेसर के पद पर कार्यरत श्रीनिवास धारावत साइबर ठगी का शिकार हो गए। जिसकी सूचना उन्होंने पुलिस को दी है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है। श्रीनिवास धारावत ने पुलिस को दी तहरीर में बताया है कि उनका मोबाइल खराब हो गया था। जिसके कारण उन्होंने नये फोन में अपने बैंक का एप डाउनलोड किया लेकिन नए फोन में चालू न होने की वजह से उन्होंने क्रेडिट कार्ड पर लिखे हुए कस्टमर केयर पर कॉल किया पर कस्टमर केयर के नंबर पर संपर्क नहीं हो पाया। थोड़ी देर के बाद अननोन नंबर से फोन आ गया और ऐप के संबंध में बातचीत करने लगा। जब तक वह कुछ समझ पाते उनके क्रेडिट कार्ड से 274460/- रुपये निकल गए और रुपए निकलते ही वह नंबर भी बंद हो गया। थाना प्रभारी कल्याणपुर ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

# खुद को खुदा कहने वाले के खिलाफ पुलिस कमिश्नर से शिकायत

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**




शनिवार को कानपुर पुलिस कमिश्नर से मिलने मौलाना डॉक्टर सै. सुलतान हासमी की अगुवाई में एक प्रतिनिधि मंडल उनके दफ्तर पहुंचा। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने ज्ञापन सौंपते हुए उन्हें बताया कि सिराज अहमद नामक व्यक्ति जो कि अजीत गंज बाबू पुरवा का निवासी है इसके एवं इसके अनुयायी द्वारा इस्लाम धर्म के लिए मन गढंत एवं भ्रामक बाते फेसबुक व यूट्यूब के माध्यम से फैलाकर धार्मिक उन्माद पैदा किया जा रहा है तथा सभी वर्गों के बीच शत्रुता पैदा करने का प्रयास किया जा रहा है। बताया कि सिराज अहमद द्वारा फेसबुक व यूट्यूब पर बोला जा रहा है की- मैं वली अल्लाह हूँ अल्लाह का दोस्त अल्लाह का वली अल्लाह ही होता है, यह भी कहा जा रहा है कि मेरे अलावा दूसरा कोई नहीं इस दुनिया में मैं खुदा हूँ। जब उससे दोबारा पूछा गया कि उसके अनुयायी उसे खुदा कहते हैं क्या ये सही है तो उसने कहा हाँ मेरे अलावा कोई अल्लाह नहीं है, रसूल अल्लाह ने कोई दीन नहीं बनाया। रसूल अल्लाह यानी पैगम्बर मुहम्मद का दीन ए मोहम्मदी है। दीन ए मोहम्मदी में 2 अल्लाह है एक अल्लाह बातिन है जिसे नूर कहते हैं दूसरा ज़ाहिर में दिखता है इसे वली यहूदियों का दीन इस्लाम है अल्लाह कहते हैं। सिराज कहता है कहा मैं वली अल्लाह हूँ। वह खुद और उसके अनुयायी उसे खुदा कहते हैं। सिराज कहता है की ओलमा (यानि इस्लामिक विद्वान मौलाना) को दीन का धंधा करने वाले, सब बेईमान धंधेबाज, दीन-फरौस (धर्म को बेचने वाले) है।

# नमामि सरयू सेवा ट्रस्ट ने महाआरती, विशाल भण्डारा के साथ मनाया मां सरयू का छट्ठी महोत्सव

**जन एक्सप्रेस । अयोध्या**

माँ सरयू का दुग्धाभिषेक , पाँच हजार बत्तियों से महाआरती एवं हजारों भक्तों का भण्डारा में प्रसाद वितरित कर नमामि सरयू सेवा ट्रस्ट ने नयाघाट स्थित संत तुलसीदास (कच्चा घाट) पर पावन सलिला माँ सरयू का छट्ठी महोत्सव धूमधाम से भव्यता के साथ संतो के मध्य मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत ट्रस्ट अध्यक्ष एवं समारोह संयोजक पंडित राकेश कुमार राजा महाराज ने श्री मणि राम दास क्षावनी के महन्त कमलनयन दास जी महाराज के द्वारा माँ सरयू का पूजन एवं दुग्धाभिषेक से वैदिक मंत्रोचारण के साथ वैदिक पंडितों ने शुरुआत कराया। इस अवसर पर अंतरराष्ट्रीय प्रख्यात ज्योतिषाचार्य आचार्य पंडित राकेश तिवारी, श्री राम आश्रम महन्त जयराम दास, नगरनिगम अयोध्या महापौर महन्त गिरीश पति तिवारी प्रमुख रुप से उपस्थित रहे।महोत्सव के संयोजक एवं ट्रस्ट अध्यक्ष पंडित राकेश कुमार राजा महराज ने बताया कि समारोह में मां सरयू का कई कुंतल दूध से अभिषेक-पूजन हुआ।

उसके बाद पांच वैदिक ब्राह्मणो के द्वारा मैया की भव्य महाआरती उतारी गयी।इस अवसर पर भजन गायक मोहन शास्त्री ने आपने भजनों से भक्तों का मन मोह लिया। मंच पर ही मयूर नृत्य का भी आयोजन हुआ। तदुपरांत वृहद भंडारे में हजारों भक्तों को पूड़ी, सब्जी, बुंदिया का प्रसाद वितरित किया गया।जो देर रात हरि इच्छा तक चला। उन्होंने बताया कि



यह संस्था विगत लगभग 16 वर्षो से सरयू जयंती व सरयू मैया का छट्ठी महोत्सव मना रही है, जिसके संरक्षक श्रीरामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट अध्यक्ष व मणिरामदास छावनी पीठाधीश्वर महंत नृत्यगोपाल दास महाराज के उत्तराधिकारी महन्त कमलनयन दास हैं।

उन्हीं के संरक्षकत्व में प्रतिवर्ष यह कार्यक्रम मनाया जाता है। महाराज ने बताया कि नमामि सरयू सेवा ट्रस्ट विगत कई वर्षों से संत तुलसीदास कच्चा घाट पर तीन पुजारियों , विशेष अवसर पर पांच पुजारियों से नित्य सायंकाल सरयू आरती कर रहा है। आरती व पुजारी का सम्पूर्ण खर्चा संस्था स्वयं वहन कर रही है।इस अवसर पर यूको बैक जोनल हेड मिलन दुबे, मैनेजर अशोक दुबे पुजारी पंडित गौरेश पाण्डेय (अभिषेक), सावलिया मन्दिर के सूरज मिश्रा, भीम निषाद, श्यामू गुप्ता, डॉ ब्रजकिशोर पाण्डेय, संजय मिश्रा (सिस्टम महराज), संरक्षक मंडल दल के सदस्यगण राजेश सोनी, संतोष सोनी, अजय साहू, दिलीप पांडेय, प्रदीप मौर्य, अश्वनी गुप्ता, दिलीप यादव, अरविंद शर्मा, रविंद्र शर्मा, पुजारी गौरेश पांडेय, विशाल पांडेय, अनिरुद्ध शुक्ला प्रमुख रुप से उपस्थित रहे।

# वरिष्ठ जनों के विधिक अधिकार विषय पर आयोजित किया गया शिविर

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**




उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ तथा माननीय जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण तरुण सक्सेना के निर्देशानुसार व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण,रायबरेली के तत्वाधान में आज वृद्धजन आवास (वृद्धाश्रम), आई0टी0आई0 कैम्पस दूरभाष नगर, रायबरेली में वृद्धजनों के लिए विधिक साक्षरता जागरुकता शिविर का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर अपर जिला जज/सचिव अनुपम शौर्य के द्वारा उपस्थित वृद्धजनों को यह बताया गया कि कैसे आप अपने अधिकारों के प्रति सचेत रहे। इस अवसर पर वृद्धाजनों को उनके निःशुल्क अधिकारों के विषय पर जानकारी दी गयी एवं बताया गया कि किसी भी प्रकार की निःशुल्क विधिक सहायता के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रायबरेली के कार्यालय में किसी कार्यदिवस में उपस्थित होकर अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं। उक्त शिविर में वृद्धाश्रम के लेखाकार हिमाँशु सिंह, सेवादार नीलम श्रीवास्तव, स्वयं सेवक पवन कुमार श्रीवास्तव व मनोज कुमार प्रजापति आदि उपस्थित रही।

# संचारी रोगों की रोकथाम के लिए जिलाधिकारी ने अंतर्विभागीय समन्वय बैठक की, दिए जरूरी निर्देश



**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**

विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान के अंतर्गत जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने राही ब्लॉक सभागार में विभागीय/अंतर्विभागीय समन्वय बैठक कर संचारी रोगों के रोकथाम के लिए विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि वर्षा काल में संचारी रोगों के फैलने की संभावना अधिक बढ़ जाती है। संचारी रोगों में मलेरिया, जापानी इंसेफेलाइटिस, डेंगू, चिकनगुनिया, कालाजार,लिंफेटिक फाइलेरियासिस आदि शामिल है। यह सभी संचारी रोग अधिकांशतः पशुओं से मनुष्यों में फैलते हैं। इस संबंध में पशुपालन विभाग व स्वास्थ्य विभाग मिल कर जरूरी उपाय करें। अन्य विभागों के अधिकारी अपने-अपने क्षत्रो में वेक्टर जनित बीमारियों के रोकथाम के लिए जन जागरूकता अभियान चला कर लोगो को जागरूक करें। सभी खंड विकास अधिकारियों को निर्देश दिया कि अपने विकास खंडो में इस बीमारी की रोकथाम के लिए विशेष अभियान चलाकर लोगों को जागरूक करें। जिलाधिकारी ने मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी अनिल कुमार को निर्देश देते हुए कहा कि पशुओं का समय से टीकाकरण कराया जाए। बेसिक शिक्षा अधिकारी शिवेंद्र सिंह को निर्देश देते हुए उन्होंने कहा कि विद्यालयों में पढ़ने वाले बच्चों को भी वेक्टर जनित बीमारियों के विषय में जागरूक किया जाए। राष्ट्रीय वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत जिला स्वास्थ्य समिति द्वारा इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। कार्यक्रम में सभी विभागों के उच्च अधिकारी उपस्थित रहे।

## प्रवीण सिंह बैस बनाए गए क्षत्रिय महासंघ भारत के जिलाध्यक्ष

**जन एक्सप्रेस । अयोध्या धाम**



क्षत्रिय संगठन **क्षत्रिय महासंघ भारत** का अयोध्या जिले का अध्यक्ष प्रवीण सिंह बैस एडवोकेट को मनोनीत किया गया। ज्ञात हो क्षत्रिय महासंघ भारत एक गैर राजनितिक संगठन है। ये सिर्फ क्षत्रिय समाज के उत्थान के लिये संगठन है द्य और देश के अंदर जितने भी क्षत्रिय समाज के समाजिक संगठन हैं उनके साथ मिल कर कार्य करने में विश्वास रखता है। इसकी जानकारी क्षत्रिय महासंघ भारत के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष/ उत्तराखण्ड प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह बैस एवं उत्तर प्रदेश के प्रादेशिक अध्यक्ष शेरबहादुर सिंह ने उपलब्ध कराई है। वरिष्ठ अधिवक्ता प्रवीण सिंह बैस एडवोकेट के जिलाध्यक्ष के मनोनयन पर सर्वजीत सिंह, चन्द्रभान सिंह, चंद्रबली सिंह, सत्यनाम सिंह, धर्मपाल सिंह, गजेन्द्र प्रताप सिंह बब्बल, अखिलेश सिंह, सूर्य प्रकाश सिंह,अभिनव सिंह राजपूत, विवेक सिंह , अभय प्रताप सिंह आदि ने शुभकामनाएं प्रेषित किया।

# खंड विकास अधिकारी मया अनुराग सिंह पर ज्ञापन दबाने का आरोप

**ग्राम पंचायत अमसिन में भ्रष्टाचार-अवैध उगाही का मामला, प्रधान ने जिलाधिकारी से की गोपनीय जांच की मांग**

**जन एक्सप्रेस । अयोध्या**

जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन आज शनिवार को सिटी मजिस्ट्रेट राजेश कुमार तिवारी को सौंपा गया अयोध्या जनपद मया ब्लक के ग्राम पंचायत अमसिन में रोजगार सेवक श्रीमती वर्मा और ब्लॉक कंप्यूटर ऑपरेटर अजय वर्मा के मिलीभगत भ्रष्टाचार-अवैध उगाही बड़े पैमाने पर मामला प्रकाश में आया है। ग्राम प्रधान सती प्रसाद वर्मा ने इस संदर्भ में जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर गोपनीय जांच की मांग की है। ग्राम प्रधान सती प्रसाद वर्मा ने अपने ज्ञापन में उल्लेख किया है कि 25 जून 2024 को खंड विकास अधिकारी मया बाजार द्वारा अग्रसारित जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन एडीओ पंचायत सुनील कुमार को सौंपा गया था, लेकिन यह ज्ञापन जिलाधिकारी तक न भेज कर खंड विकास अधिकारी अनुराग सिंह ने




इसे अपने अधीनस्थ कर्मचारियों से जांच करवा रहे हैं

ग्राम प्रधान ने आरोप लगाया है कि रोजगार सेवक श्रीमती वर्मा और ब्लॉक कंप्यूटर ऑपरेटर अजय वर्मा की मिलीभगत से आवास योजना के लाभार्थियों से धन वसूली की गया है। उन्होंने बताया कि 500-1500 रुपये फार्म भरने के नाम पर और दस-दस हजार रुपये आवास मिलने के बाद लेने का सौदा तय हुआ था। सती प्रसाद वर्मा का कहना है कि खंड विकास अधिकारी द्वारा मामले को दबाने और प्रभावित करने का प्रयास किया जा रहा है, जो जनहित से जुड़ा हुआ है और राजकीय चिन्ह के दुरुपयोग का मामला है। उन्होंने जिलाधिकारी से अनुरोध किया है कि इस भ्रष्टाचार की गंभीरता को समझते हुए गोपनीय जांच कराई जाए और दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की जाए, जिससे भविष्य में ऐसे कृत्यों की पुनरावृत्ति न हो सके। ज्ञापन के साथ 25 जून 2024 को सौंपे गए ज्ञापन की प्रतिलिपि और समाचार पत्र में प्रकाशित खबर की छाया प्रति भी संलग्न की गई है। ग्राम प्रधान ने उम्मीद जताई है कि जिलाधिकारी इस मामले को गंभीरता से लेते हुए उचित कार्रवाई करेंगे।

## मां कामाख्या भवानी मंदिर का होगा कायाकल्प

**जन एक्सप्रेस/अयोध्या।** रामनगरी के पौराणिक धार्मिक स्थल मां कामाख्या भवानी धाम जो रुदौली तहसील क्षेत्र मे स्थित है, का प्रदेश के योगी सरकार सौन्दर्यीकरण कराएगी। यहाँ आने वाले श्रद्धालुओं को और अधिक सुविधाएं प्रदान करने व मां कामाख्या धाम को पर्यटन स्थल के रूप मे विकसित करने के लिए मंदिर का कायाकल्प कराया जाएगा। इसके लिए योगी सरकार ने 80 लाख रुपए की स्वीकृति प्रदान की है। रुदौली तहसील क्षेत्र स्थित मां कामाख्या भवानी मंदिर को लेकर लोगों मे बड़ी आस्था है। यहाँ प्रतिवर्ष हजारों श्रद्धालु दर्शन पूजन के लिए आते हैं। यहाँ आने वाले लोगों को सुविधाएं मुहैया कराने के लिए प्रदेश कि योगी सरकार मां कामाख्या धाम मंदिर का कायाकल्प करा रही हैं। पर्यटन निगम के प्रोजेक्ट मैनेजर अनिल कुमार ने बताया कामाख्या भवानी मंदिर गेट का निर्माण किया जाएगा व पार्किंग की सुविधा की जाएगी। परिक्रमा मार्ग बनाया जाएगा। इसके अलावा टॉयलेट रूम व बाथरूम भी बनाए जाएंगे। एक हफ्ते के अंदर या काम शुरू कर दिया जाएगा।

## साध्वी प्रतिभा ने रूबी सोनी को सौंपी अयोध्या की कमान

**जन एक्सप्रेस/अयोध्या।** सनातन धर्म परिषद भारत महिला प्रकोष्ठ की आवश्यक बैठक संपन्न हुई। बैठक में मातृ शक्ति को स्वावलंबी बनाना, सनातन धर्म के प्रति महिलाओं जागरूक करना महिलाओं को जो समाज में कुछ कर गुजरने के और सामाजिक कुरीतियो से आगे निकलने का कार्य करती हैं उनको सनातन संस्कृति मौका देता है। महिला प्रकोष्ठ की राष्ट्रीय अध्यक्ष साध्वी प्रतिभा शास्त्री ने रूबी सोनी की असीम प्रतिभा को देखते हुए प्रदेश में शामिल किया गया है। अयोध्या मीडिया सेंटर की प्रबंध निदेशक एवं पत्रकार रूबी सोनी को प्रदेश की मीडिया प्रभारी का उत्तरदायित्व दिया गया है। नया पदभार मिलने के बाद अयोध्या मीडिया सेंटर की प्रबंध निदेशक एवं पत्रकार रूबी सोनी ने कहा कि जो भी कार्यभार मुझे सौंपा गया है, उसे पूरी निष्ठा से मजबूत कर शहर से लेकर गांव तक की महिलाओं को जोड़कर स्वावलंबी बनाना सनातन धर्म के प्रति लगाव पैदा करना सनातन धर्म परिषद के साथ मेरा भी मुख्य उद्देश्य है।

# व्यापारी कल्याण दिवस के रूप में मनाई गई दानवीर भामाशाह की जयंती

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**

संस्कृति विभाग और राज्य कर विभाग के संयुक्त तत्वाधान में दानवीर भामाशाह की जयंती को व्यापारी कल्याण दिवस के रूप में मनाया जाने के लिए कार्यक्रम का आयोजन सभागार, राजकीय इंटर कॉलेज रायबरेली में किया गया था। जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने सर्वप्रथम दानवीर भामाशाह के चित्र पर दीप जलाकर और पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

इस अवसर पर जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने विभिन्न विभागों द्वारा कार्यक्रम में लगाई गई स्टालों का निरीक्षण किया और उनके द्वारा बनाए गए उत्पादों की गुणवत्ता के विषय में जानकारी ली। संस्कृति विभाग ने इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया। जिलाधिकारी हर्षिता



माथुर ने इस अवसर पर व्यापारियों को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार द्वारा जो भी योजनाएं व्यापारियों के लिए चलाई जा रही हैं उन्हें शत प्रतिशत धरातल पर लागू कराया जाएगा। यदि व्यापारियों को किसी प्रकार की भी समस्या हो तो उसके लिए तत्काल प्रशासन से संपर्क कर सकते है।

प्रशासन उनके व्यापार को सुरक्षा उपलब्ध कराएगा। उन्होंने कहा कि व्यापारियों की समस्याओं को शीघ्र निस्तारित करने के निर्देश दिए जाते रहे हैं और आगे भी उनकी समस्याओं पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) प्रफुल्ल त्रिपाठी, परियोजना निर्देशक राजेश कुमार मिश्रा, जिला अर्थ एवं सांख्यिकी अधिकारी पन्नालाल के अतिरिक्त अन्य विभागों के अधिकारी गण उपस्थित रहे।

## पर्यटन विभाग के ठेकेदार ने सौंदर्यीकरण के नाम पर बन्द किया भू स्वामी का गेट

**जन एक्सप्रेस/अयोध्या।** लक्ष्मी सागर के सौंदर्यीकरण के नाम पर पर्यटन विभाग के ठेकेदार पर स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के बेटे भूस्वामी ने जबरदस्ती अपना गेट बन्द कर दीवार उठाने का गंभीर आरोप लगाया है। वह भी तब जब उसने उक्त शिकायत कमिश्नर गौरव दयाल से लिखित रूप में कर चुका है। कमिश्नर के आदेशों को क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी ने रद्दी की टोकरी में डालते हुए कोई कार्यवाही तो नही की अलबत्ता गेट जरूर बन्द करवा दिया।पर्यटन विभाग के कारस्तानी से नाराज पीड़ित ने शनिवार को पत्रकारों को अपनी व्यथा सुनाते हुए न्याय की गुहार लगाई है।शहर के एक होटल में आयोजित प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए पीड़ित राम मोहन पुत्र स्वर्गीय डॉ स्वतंत्रता संग्राम सेनानी सुरेंद्रनाथ ने बताया कि उनके पिताजी के नाम एक भूमि लाल बाग लक्ष्मी सागर के पास है जो फ्री होल्ड है।

# न्यायिक अधिकारियों की निगरानी समिति द्वारा बालिका आश्रय गृह का किया गया निरीक्षण

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**

माननीय जनपद न्यायाधीश तरुण सक्सेना के दिशा-निर्देशन में न्यायिक अधिकारियों की समिति के द्वारा बालक आश्रय गृह व बालिका आश्रय गृह स्थित चक धौरहरा रायबरेली का निरीक्षण किया गया। समिति के सदस्य अपर जिला जज/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अनुपम शौर्य व सदस्य प्रभाष त्रिपाठी, अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वितीय व श्रेया सोलंकी अपर सिविल जज(जू0डि0) द्वारा गांधी सेवा निकेतन के आश्रय गृह में आवासित बालिकाओं से बातचीत करके उनका हाल-चाल जाना गया। आश्रय गृह में रहने वाली बालिकाओं द्वारा समिति को अपनी समस्याओं से अवगत कराया। समिति के द्वारा आवासित बालिकाओं के शैक्षणिक, मानसिक व सामाजिक विकास हेतु मिलने वाली सुविधाओं के सम्बन्ध में जानकारी ले आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। समिति द्वारा आश्रय गृह के बालिकाओं के नियमित चिकित्सकीय जांच कराये जाने के भी निर्देश दिये गये। इस अवसर पर प्रबन्धक को निर्देशित किया गया कि बालिकाओं के अल्पवयस्कता को देखते हुए नियमित काउंसिलिंग कराये। अपर जिला जज/सचिव



जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा अधीक्षक को निर्देशित किया गया कि जो बालिकाएँ पढ़ने की इच्छुक है उनका दाखिला स्कूल में कराया जाए व आवासिक बालिकाओं के माता-पिता से सम्पर्क कर बालिकाओं को उनके घर भेजने का प्रयास किया जाए। दौरान निरीक्षण जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के डाटा इन्ट्री आपरेटर जमुना प्रसाद व प्रशिक्षणरत विधि छात्र अविरल बाजपेयी व शिलोरी भी उपस्थित रही।

# रोजगार मेले में 87 अभ्यर्थियों का चयन

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**

प्रदेश में युवाओं को रोजगार स्वरोजगार से जोड़कर **आत्मनिर्भर भारत अभियान** तथा **हर हाथ को काम** के तहत राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (महिला), गोराबाजार, रायबरेली के संयुक्त तत्वावधान में एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ विजय बहादुर सिंह सेंगर, जिला सेवायोजन अधिकारी द्वारा किया गया। उन्होंने अभ्यर्थियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि यहां मिल रहा छोटा सा अवसर आपके जीवन को नया आयाम दे सकता है। नियोजकों से संवाद करें, सेवा शर्तों के बारे में पता करें। उसी नियोजक के यहां सेवा का चयन करें, जिससे आपके सपने साकार हो सकें। सहायक सेवायोजन अधिकारी आलोक मिश्र द्वारा रोजगार संगम पोर्टल पर अभ्यर्थियों को पंजीयन करने की जानकारी संस्थान के प्रशिक्षार्थियों को दी। कम्पनी प्रतिनिधियों द्वारा अपनी कम्पनी की सेवा शर्तों के बारे में जानकारी दी



गयी। वाई0पी0 रामेन्द्र कुमार पाण्डेय द्वारा रोजगार मेले में एनसीएस पोर्टल पर निःशुल्क पंजीयन तथा कैरियर मार्गदर्शन दिया गया।

मेले में विभिन्न कम्पनियों द्वारा साक्षात्कार की प्रक्रिया पूर्ण की गयी। जिसमें 108 अभ्यर्थियों ने प्रतिभाग किया। विभिन्न पदों हेतु गुडविल इंडिया मैनेजमेंट ग्रुप ऑफ कम्पनी प्र.लि., पीपल ट्री ऑनलाइन, आदि कम्पनियों द्वारा कुल 87 अभ्यर्थियों को प्राथमिक रूप से चयनित किया गया। इस कार्यक्रम की संक्षिप्त रूपरेखा विजय बहादुर सिंह सेंगर, जिला सेवायोजन अधिकारी ने रखी एवं सर्वेश कुमार राय कॅरियर काउंसलिंग प्रभारी जिला सेवायोजन कार्यालय ने सभी कंपनियों एवं रोजगार के बारे में विस्तृत रूप से बताया। राजकीय आई0टी0आई0, (महिला) गोराबाजार, रायबरेली की प्रधानाचार्या, सुश्री नेहा, अब्दुल सलीम कार्यदेशक तथा अन्य अनुदेशकों व सहायको का रोजगार मेले को सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान रहा। जिला सेवायोजन कार्यालय, रायबरेली के धीरेन्द्र सिंह, उमेश कुमार तथा विजय कुमार द्वारा मेले के आयोजन में सहयोग प्रदान किया गया है।

# सार्वजनिक रूप से सम्मान पाकर मेधावी छात्र-छात्राओं के खिले चेहरे

**जन एक्सप्रेस । अमेठी**

माध्यमिक शिक्षा परिषद उप्र प्रयागराज द्वारा आयोजित यूपी बोर्ड हाईस्कूल एवम इंटरमीडिएट परीक्षा 2024 में जनपद स्तर पर उत्तीर्ण मेधावी छात्र-छात्राओं के सम्मान समारोह का आयोजन शनिवार को कलेक्ट्रेट सभागार में किया गया। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश अग्रहरि व जिलाधिकारी निशा अनंत ने बोर्ड परीक्षा में उत्तीर्ण मेधावियों को टैबलेट, प्रमाण पत्र, गोल्ड मेडल व चेक देकर सम्मानित किया है। जिसमें इंटरमीडिएट के छात्र गुलाब चौहान तथा विवेक पटेल को रुपए एक एक लाख की धनराशि का चेक तथा इंटरमीडिएट के नौ छात्र- छात्राओं अंजली चौरसिया, जसवंत कुमार,श्रेया तिवारी, आकांक्षा मिश्रा, शुभम कुमार वर्मा, सुमित तिवारी, मोहम्मद अयान, हर्ष




पांडे व श्रद्धा दुबे को रूपए इक्कीस-इक्कीस हजार का चेक तथा हाई स्कूल के मेधावी छात्र-छात्राओं क्रमशः सौरभ सिंह, आराधना शुक्ला, अबू जैद समीक्षा सिंह, सेजल, अंकित मौर्या, आदित्य चौरसिया यशी सोनकर प्राची सिंह, आस्था पांडे व सुभी को रुपए इक्कीस इक्कीस हजार का चेक, प्रमाण पत्र, गोल्ड मेडल व टैबलेट देकर सम्मानित किया गया। डीएम ने उत्तीर्ण सभी मेधावियों को बधाई व शुभकामनाएं दी एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम के दौरान लखनऊ में आयोजित मुख्यमंत्री के कार्यक्रम का सजीव प्रसारण किया गया। जिसे सभी छात्र-छात्राओं ने देखा एवं सुना। इस अवसर पर जिला विद्यालय निरीक्षक ने उत्तीर्ण सभी मेधावियों तथा उनके माता-पिता, गुरुजनों को बधाई दी एवं छात्र-छात्राओं का उत्साहवर्धन किया।

उत्तीर्ण सभी छात्र-छात्राओं से आगे भी कड़ी मेहनत करने की अपील किया। कार्यक्रम में जिला विद्यालय निरीक्षक रीता सिंह द्वारा जिला पंचायत अध्यक्ष व जिलाधिकारी को शील्ड देखकर सम्मानित किया गया। इस दौरान एसडीएम सात्विक श्रीवास्तव सहित मेधावी छात्र-छात्राएं, उनके अभिभावक व गुरुजन उपस्थित रहे।

**तापमान**

| | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| लखनऊ | 37°C | 29°C |
| कानपुर | 32°C | 29°C |
| देहरादून | 30°C | 30°C |
| नई दिल्ली | 33°C | 34°C |

# सीएमओ हत्याकांडः एक शूटर दोषी करार, दो अन्य आरोपी बरी

* बसपा सरकार में दो सीएमओ की हत्या के मामले में एक शूटर को दोषी पाया गया है।
* दो अन्य को बरी कर दिया गया है।
* मामले में दो जुलाई को सजा सुनाई जाएगी।

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**



बसपा सरकार में परिवार कल्याण विभाग के दो सीएमओ डॉ. विनोद कुमार आर्या और डॉ. बीपी सिंह की हत्या के मामले में सीबीआई अदालत के विशेष न्यायाधीश अनुरोध मिश्रा ने मुख्य शूटर आनंद प्रकाश तिवारी को दोषी करार दिया है। वहीं, दूसरे शूटर विनोद शर्मा और साजिशकर्ता रामकृष्ण वर्मा को संदेह का लाभ देकर बरी कर दिया है। अदालत आगामी 2 जुलाई को आनंद प्रकाश तिवारी को सजा सुनाएगी। बता दें कि बसपा सरकार के दौरान अक्तूबर, 2010 में विकास नगर इलाके में रहने वाले सीएमओ, परिवार कल्याण डॉ. विनोद आर्या की अज्ञात बदमाशों ने गोली मारकर हत्या कर दी थी। इसके छह माह बाद 2 अप्रैल 2011 को गोमतीनगर में परिवार कल्याण के सीएमओ बीपी सिंह की हत्या भी अज्ञात शूटरों द्वारा कर दी गयी। दो सीएमओ की हत्या से सरकार सकते में आ गयी और मामले की जांच एसटीएफ को सौंप दी गयी। एसटीएफ ने इस मामले में कई आरोपियों को पकड़ा, लेकिन विपक्ष के दबाव में मामला सीबीआई के हवाले करना पड़ा गया। सीबीआई ने लंबी जांच के बाद दोनों सीएमओ की हत्या करने वाले आनंद प्रकाश तिवारी, विनोद शर्मा और साजिशकर्ता आरके वर्मा को गिरफ्तार किया था। जांच में सामने आया था कि डिप्टी सीएमओ वाईएस सचान ने दोनों सीएमओ की हत्या करायी थी। इस मामले में वाईएस सचान को गिरफ्तार किया गया था, जिनका 22 जून 2011 को लखनऊ जेल के शौचालय में संदिग्ध परिस्थितियों में शव बरामद हुआ था। सीबीआई ने वाईएस सचान द्वारा आत्महत्या करने की क्लोजर रिपोर्ट अदालत में पेश की थी। हालांकि अदालत इस मामले की पुनर्विवेचना का आदेश दे चुकी है। जांच में सामने आया था कि वाईएस सचान ने डॉ. विनोद आर्या की हत्या कराने के लिए 5 लाख रुपये और डॉ. बीपी सिंह की हत्या कराने के लिए 5 लाख रुपये में सौदा किया था।

# बीजेपी की स्टेट वर्किंग कमेटी की बैठक 14 जुलाई को, नड्डा भी आयेंगे

* बदले सियासी माहौल में मीटिंग बहुत अहम, उपचुनाव से लेकर कई विषयों पर होगा मन्थन

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

बीजेपी की 14 जुलाई को प्रदेश कार्य समिति यानि स्टेट वर्किंग कमेटी की बैठक 14 जुलाई को होने वाली है। यह बैठक बदले सियासी माहौल में बहुत खास हो गई है। लोकसभा चुनाव में आये असंतोषजनक नतीजों और विधानसभा की खाली सीटो पर उपचुनाव की बाबत मन्थन हो सकता है। बैठक में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा शामिल होंगे। बैठक लखनऊ में होगी ,अभी स्थान तय नही है। यूपी से जो मंत्री केंद्रीय कैबिनेट में लिए गए हैं, उनका सम्मान भी होगा।इससे पहले जुलाई के पहले सप्ताह में दिल्ली में राष्ट्रीय कार्यसमिति की बैठक होगी। लोकसभा चुनाव के बाद होने जा रही प्रदेश कार्यसमिति की बैठक को बेहद महत्वपूर्ण माना जा रहा है। सात जुलाई को केंद्र में यूपी कोटे से बने मंत्रियों का अभिनंदन किया जाएगा। पार्टी 10 सीटों पर होने वाले उपचुनावों की तैयारियों में जुट गई है। इन खास विषयों पर कल सीएम हाउस में मंथन हुआ। लोकसभा चुनाव के बाद भाजपा नये सिरे से आगामी कार्यक्रम तैयार कर रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मौजूदगी में पांच कालिदास मार्ग में हुई कोर कमेटी की बैठक में महत्वपूर्ण मुद्दों पर मंथन हुआ है। प्रदेश कार्यसमिति की बैठक चर्चा का मुख्य विषय रहा।कार्यसमिति की बैठक में नई संगठनात्मक गतिविधियों, कार्यक्रमो, अभियानों पर गहन मंत्रणा होने के आसार हैं। इससे पूर्व राष्ट्रीय कार्यसमिति की बैठक में भाग लेने मुख्यमंत्री सहित पार्टी का प्रदेश नेतृत्व दिल्ली जाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मंत्रिमंडल में यूपी के नौ चेहरे शामिल हैं। इन केंद्रीय मंत्रियों का लखनऊ में अभिनंदन समारोह होगा। पार्टी सामाजिक समीकरण सहेजने के साथ ही यूपी को वरीयता देने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार जताएगी। प्रदेश में 10 विधानसभा सीटों पर होने वाले उपचुनाव भी चर्चा का मुख्य बिंदु होगा।

इन 10 सीटों में पांच सीट एनडीए और पांच सपा के पास थीं। यह चुनाव अगस्त में सम्भावित हैं। इन सीटों पर संगठन के पदाधिकारियों और प्रदेश सरकार के कुछ मंत्रियों को जिम्मेदारी मिल सकती है।

## फास्ट फॉरवर्ड

### नीट पेपर लीक मामले में विधायक वेदीराम अरेस्ट

**जन एक्सप्रेस/लखनऊ।** एसटीएफ ने नीट पेपर लीक मामले में विधायक बेदीराम को गिरफ्तार कर लिया है। उन्हें गिरफ्तार करने के बाद कहां रखा गया है,पता नहीं। बताया जा रहा है कि उन्हें किसी गुप्त स्थान पर रखा गया है, जहां उनसे इस मामले में पूछताछ होगी। सुभासपा विधायक बेदीराम के खिलाफ लखनऊ में कई प्रकरण दर्ज हो चुके हैं। रेलवे में टीटीई रहते हुए नीट भर्ती परीक्षा में पर्चा लीक होने के मामले में बेदीराम का नाम सामने आने के बाद ये कार्रवाई हुई है। 2014 में तत्कालीन आईजी सुजीत पांडेय ने भी बेदीराम को नकल माफिया बताया था। उन्होंने लखनऊ में गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई करने की संस्तुति की थी। उन्हें गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। बाद में रेलवे ने उन्हें बर्खास्त कर दिया था। सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के विधायक बेदीराम ने जब फरवरी 2022 में चुनाव लड़ने के लिए शपथ पत्र दाखिल किया था। उसमें खुलासा किया था कि उनके खिलाफ पुलिस भर्ती पेपर लीक मामले में करीब 8 केस दर्ज हैं। उनपर कुल 9 मामले दर्ज हैं जिसमें से 8 मामले सिर्फ पेपर लीक मामले से जुड़े हैं। सीधे शब्दों में कहें तो पेपर लीक मामले में उनके खिलाफ कई एफआईआर दर्ज हो चुकी है।विधायक बेदीराम के खिलाफ पहले भी कई कार्रवाई हो चुकी है। 2014 में एसटीएफ ने गैंगस्टर एक्ट में कार्रवाई की तो बेदीराम की लखनऊ और जौनपुर में करीब 8 प्रॉपर्टी कुर्क की गई थी। पेपर लीक के 8 मामलों में पुलिस ने चार्जशीट दायर कर दी है और कोर्ट में उनके खिलाफ आरोप तय हो चुके हैं।

### नीट परीक्षा से जुड़ा मामला बेहद गम्भीर, विधायक बेदी राम का नाम जुड़ना शर्मनाक: संजय निषाद

**जन एक्सप्रेस/लखनऊ।** नीट और यूजी परीक्षा लीक में कथित अनियमितताओं के चलते देश में विवाद खड़ा हो चुका है। लाखों बच्चें सरकार से न्याय की आस लगाए बैठे हैं। इस बीच सुभासपा विधायक बेदी राम का नाम सामने पर मामला और गंभीर हो गया है। एनडीए के सहयोगी दल निषाद पार्टी के अध्यक्ष और कैबिनेट मंत्री डा. संजय निषाद ने अपने मित्र सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के अध्यक्ष ओमप्रकाश राजभर को सलाह दी है। डा. संजय निषाद ने कहा कि वास्तव में नीट परीक्षा से जुड़ा मामला बेहद गम्भीर है। ऐसे में विधायक बेदी राम का उनसे नाम जुड़ना बेहद शर्मनाक है। डा. संजय निषाद ने कहा कि ओमप्रकाश राजभर को नीट परीक्षा से जुड़े मामले को गम्भीरता से लेना चाहिए। नीट परीक्षा में बहुत सारे नौजवानों का भविष्य जुड़ा हुआ है। कई जगह प्रदर्शन हो रहे हैं। इस मामले में कुछ गिरफ्तारियां हुई हैं। अब ओमप्रकाश राजभर की पार्टी के विधायक बेदी राम का नाम सामने आ गया है। ऐसे में ओमप्रकाश को अपने पार्टी के विधायक को लेकर उचित निर्णय करना चाहिए।

### सोते समय किसान को मारी गोली, पुलिस ने घायल को भेजा अस्पताल

**जन एक्सप्रेस/लखनऊ।** लखनऊ में घर के बाहर सो रहे किसान को अज्ञात लोगों ने गोली मार दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को अस्पताल पहुंचाया। यहां उसका इलाज जारी है। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। घटना गोसाईगंज थाना क्षेत्र के पहासा गांव की है। पुलिस का कहना है कि घटना दो बजे रात की है। सहजराम (62) शुक्रवार की रात घर के बाहर सो रहा था तभी उसे गोली मारी गई है। गोली दाहिने तरफ सिर को छूती हुई निकली है। सहजराम को आरोपियों ने गोली क्यों मारी इसकी वजह सामने नहीं आई है।

### यहियागंज व्यापार मंडल ने भामाशाह की जयंती पर भंडारा किया

**जन एक्सप्रेस/लखनऊ।** यहियागंज व्यापार मंडल के सदस्यों ने भव्य भंडारे का आयोजन किया। इस मौके पर बड़ी संख्या में व्यापारी समाज के लोग उपस्थित रहे। यहियागंज व्यापार मंडल के कुश मिश्र ने बताया कि भामा शाह की जयंती पूरे प्रदेश में व्यापारी कल्याण दिवस के रूप में मनाई जा रही है। इसके तहत यहियागंज व्यापार मंडल के नेतृत्व में समाज सेवा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से नीरज गुप्ता, प्रशांत गर्ग कुश मिश्र, नरेश दीपक अग्रवाल, विनय गुप्ता, हर्षित जायसवाल, समीर जैन, सन्नी लालवानी, सोनू जायसवाल, सुधीर गुप्ता, जितेंद्र सुमानी आदि उपस्थित रहे।

### ट्रेन से गिरकर 52 वर्षीय व्यक्ति की मौत हुई, मोबाइल फोन से हुई पहचान

**जन एक्सप्रेस/लखनऊ।** राजधानी लखनऊ के सुशांत गोल्फसिटी थाना क्षेत्र में रेलवे ट्रैक पर एक व्यक्ति का क्षत-विक्षत शव मिला है। स्थानीय निवासियों से सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक के पास मिले मोबाइल फोन से उसकी पहचान कराई। फिर शव का पंचायत नामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जानकारी के मुताबिक, थाना क्षेत्र के टंटहा गांव के पास शनिवार सुबह टहलने निकले ग्रामीणों ने रेलवे ट्रैक पर लाश देखी। तत्काल इसकी सूचना पुलिस को दी गई। मौके पर मृतक का मोबाइल मिला, जिसमें कई नंबर पर फोन लगाया गया, तब उसकी पहचान हुई। मृतक का नाम विजय शंकर (51) पुत्र मदन सिंह निवासी सौजपुर थाना जयसिंहपुर, जिला सुल्तानपुर के तौर पर हुई है। परिजनों को इसकी सूचना दी गई है। पुलिस आगे की कार्रवाई कर रही है।

### आईटीआई अलीगंज में रोजगार मेले का आयोजन

**जन एक्सप्रेस/लखनऊ।** राजकीय आईटीआई, अलीगंज, लखनऊ में शनिवार को अप्रेंटिस,रोजगार मेले का आयोजन किया गया। इस आयोजन में कंपनी पेप्सिको इंडिया होल्डिंग प्रा. लि., मथुरा और श्री राम लाइफ इंश्योरेंस, लखनऊ ने भाग लिया। प्रधानाचार्य राज कुमार यादव ने बताया कि मेले में कुल 215 अभ्यर्थियों ने हिस्सा लिया। ट्रेनिंग काउंसिलिंग और प्लेसमेंट अधिकारी एम.ए. खाँ ने जानकारी दी ।

# नगर निगम कब सुरक्षित कराएगा अपनी करोड़ों रुपए की कीमती जमीन

**✻ प्रॉपर्टी डीलरों ने सरकारी जमीन बेचकर कमाई मोटी रकम**

**जन एक्सप्रेस । अभिमन्यु कुमार रावत**

**लखनऊ।** माननीय कल्याण सिंह वार्ड नंबर 9 व नगर निगम जोन 6 में नगर निगम की कीमती जमीन पर क्षेत्रीय प्रॉपर्टी डीलर कर रहें अपना हाथ साफ। जानकारी अनुसार माननीय कल्याण सिंह वार्ड के ग्राम नरौना में नगर निगम की कीमती जमीन जिसका खसरा संख्या 520 रकबा 0.732हे., 517 रकबा 0.594हे. व 789 रकबा 0.414हे. जो राजस्व अभिलेखों में ऊसर के नाम दर्ज है जिस पर अवैध कब्जा कर प्लाटिंग करने की शिकायत ग्रामीणों द्वारा आइजीआरएस पर की गई थी। जिसकी जांच क्षेत्रीय राजस्व लेखपाल मनीष कुमार द्वारा की गई और लेखपाल ने अपनी रिपोर्ट आख्या में यह लिखा है कि खसरा संख्या 517 की जमीन पर अवैध बाउंड्री व 520 पर गांव के ही अलग-अलग प्रॉपर्टी डीलरों द्वारा सरकारी जमीन पर प्लाटिंग की गई है, साथ ही खसरा संख्या 789स में भी कुछ लोगों द्वारा अवैध बाउंड्री वॉल कर कब्जा कर रखा है, कार्यवाही के लिए नगर निगम को पत्र भेजा गया है। सूत्र ने यह भी बताया कि तीनों खसरा संख्या की जमीन कीमती है जिसकी कीमत करोड़ों में है अगर नगर निगम अपनी जमीन को कब्जा मुक्त कर सुरक्षित करा लें तो राजस्व का काफी फायदा होगा।




**जल्द ही हम नगर निगम की जमीन पर विभागीय कार्यवाही कर सुरक्षित कराएंगे**

**- अनुपम कुमार**
नगर निगम लेखपाल

# केजरीवाल की गिरफ्तारी के विरोध में प्रदर्शन आप कार्यकर्ताओं को पुलिस ने घसीटा

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

राजधानी लखनऊ में आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं को पुलिस ने सड़क पर घसीटा। आप कार्यकर्ता अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के विरोध में गोमतीनगर में प्रर्शन कर रहे थे। कार्यकर्ताओं ने कहा कि पुलिस ने हमें लात घूसों से मारा। हमारे ऊपर लाठी डंडे भी चलाए गए। उन्होंने कहा कि जब तक केजरीवाल की रिहाई नहीं होगी हमारा प्रदर्शन जारी रहेगा। इस दौरान आप कार्यकर्ताओं ने हाथों में बैनर और पोस्टर लेकर नारेबाजी की। बड़ी संख्या में पुलिस की तैनाती की गई थी। कई कार्यकर्ताओं को हिरासत में भी लिया गया है। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि वे तब तक नहीं रूकेंगे, जब तक केजरीवाल को रिहा नहीं कर दिया जाता। सीबीआई, ईडी जैसी एजेंसियों का दुरुपयोग बंद नहीं होता। लखनऊ पुलिस ने शांति बनाए रखने के लिए प्रदर्शनकारियों को हिरासत में लिया और ईको गार्डन भेज दिया। आम आदमी पार्टी यूथ विंग के प्रदेश अध्यक्ष पंकज अवाना का कहना है कि प्रधानमंत्री द्वारा दिल्ली के मुख्यमंत्री को तंग किया जा रहा है। इसलिए पार्टी पूरे देश में प्रदर्शन कर रही है। विपक्ष को खत्म करने का काम प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कर रहे हैं। हमारे ऊपर लात, घूसे और डंडे चलाए जा रहे हैं।

# अनुप्रिया पटेल की चिट्ठी पर छिड़ गई बहस

**उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग ने भी सरकार को लिखा पत्र**

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

एनडीए सरकार में सहयोगी अपना दल एस की राष्ट्रीय अध्यक्ष केंद्रीय राज्यमंत्री अनुप्रिया पटेल की ओर से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को लिखे एक पत्र में भर्तियों में आरक्षण के मुद्दे को फिर गर्मा दिया है। अनुप्रिया ने कहा है कि प्रतियोगी परीक्षाओं में ओबीसी एवं अनुसूचित जाति जनजाति वर्ग के लिए आरक्षित पदों पर नाट फाउंड सूटेबल की प्रक्रिया बार-बार अपनाते हुए उन पदों को अनारक्षित घोषित कर दिया जाता है। इस पर उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग ने सरकार को नियमावली दिखाई है कि ऐसी कोई व्यवस्था ही नहीं। रिक्तियों के सापेक्ष किसी भी श्रेणी में अभ्यर्थी न्यूनतम अर्हता अंक नहीं पाते तो या उपलब्ध नहीं होते तो ऐसी अनभरी रिक्तियों को किसी अन्य श्रेणी में परिवर्तित करने का अधिकार आयोग को नहीं है। केंद्र की एनडीए सरकार में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्यमंत्री होने के बावजूद अनुप्रिया के ऐसे पत्र से राजनीतिक क्षेत्र में तरह-तरह की बहस छिड़ गई और इसके निहितार्थ निकाले जाने लगे। अचानक उनके इस कदम को राजनीति से जोड़कर देखा जाने लगा है। अनुप्रिया के आरोप साक्षात्कार आधारित नियुक्ति प्रक्रिया में आरक्षण पर है। उनकी मांग है कि प्रविधान करते हुए सिर्फ साक्षात्कार आधारित नियुक्ति प्रक्रिया वाली प्रतियोगी परीक्षाओं में पिछड़े वर्ग और अनुसूचित जाति जनजाति वर्ग के लिए आरक्षित पदों को इन्हीं वर्गों के अभ्यर्थियों से भरा जाना अनिवार्य किया जाना चाहिए। भले ही इसके लिए कितनी भी बार नियुक्ति प्रक्रिया करनी पड़े।उनका कहना है कि आरक्षित पदों पर इस वर्ग के अभ्यर्थी को नाट फाउंड सूटेबल घोषित करके इस वर्ग के किसी भी अभ्यर्थी का चयन नहीं किया जाता,जबकि अन्य पिछड़े वर्ग में अनुसूचित जाति जनजाति वर्ग से आने वाले अभ्यर्थी परीक्षाओं के लिए न्यूनतम अर्हता की परीक्षा अपनी योग्यता के आधार पर ही पास करते हैं। साक्षात्कार आधारित परीक्षाओं के लिए अर्ह पाए जाते हैं। उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग ने सरकार को पत्र लिखकर जानकारी दी है कि नियमावली में स्पष्ट है कि न्यूनतम अर्हता अंक न मिलने पर नाट फाउंड सूटेबल अंकित नहीं किया जाता है ।

# प्रधानमंत्री की पर्यटन से जुड़ी कल्पनाओं को धरातल पर उतार रहा यूपी : शेखावत

* एशिया-यूरोप के पर्यटक अवश्य करें बौद्ध स्थल का दर्शन : जयवीर

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग की ओर से 'बोधि यात्रा' का आयोजन कल 28 जून को नई दिल्ली के होटल अशोक में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य उपस्थिति केंद्रीय पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत, उत्तर प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह की रही। कार्यक्रम में यूपी के मुख्य सचिव दुर्गाशंकर मिश्र, प्रमुख सचिव पर्यटन एवं संस्कृति मुकेश कुमार मेश्राम, विभिन्न देशों के राजदूत, उच्चायुक्त एवं उच्चायोग के अधिकारियों के साथ-साथ कई विभागों के सचिव और मुख्य सचिव उपस्थित रहे। प्रतिष्ठित ट्रैवल राइटर, ब्लॉगर, टूर एंड ट्रैवल प्रतिनिधियों के साथ भारतीय व अंतर्राष्ट्रीय वाणिज्य एवं उद्योग महासंघ के प्रतिनिधि आयोजन का हिस्सा बने। विभिन्न देशों के राजदूतों ने कहाकृयूपी में भगवान गौतम बुद्ध से जुड़े स्थलों की प्रस्तुति देखकर अभिभूत हूं।कार्यक्रम की शुरुआत के साथ अतिथियों ने प्रदर्शनी का अवलोकन किया। स्वागत संबोधन के साथ कार्यक्रम की शुरुआत हुई। विशेष सचिव पर्यटन ईशा प्रिया ने एक विस्तृत प्रस्तुति के माध्यम से उत्तर प्रदेश में बौद्ध विरासत स्थलों, पर्यटन आकर्षण, पारंपरिक कला व शिल्प और संस्कृति एवं पर्यटन क्षेत्र में एफडीआई को बढ़ावा देने के लिए निवेश के अवसर तथा उत्तर प्रदेश पर्यटन नीति-2022 के लाभों और सब्सिडी के विवरण' विषय पर विस्तृत प्रस्तुतीकरण दिया। संवाद सत्र में पर्यटन के दृष्टिकोण से उत्तर प्रदेश में बौद्ध विरासत स्थलों के ऐतिहासिक और सांस्कृतिक महत्व को बढ़ावा देने के प्रयासों पर सार्थक चर्चा हुई।केंद्रीय पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत में संबोधन में बोधि यात्रा आयोजन के लिए उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग का आभार जताया। उन्होंने कहा, ' प्रधानमंत्री ने अक्सर अपने भाषणों में कहा है कि 'भारत युद्ध की नहीं, बुद्ध की भूमि है'। इसी पवित्र भूमि ने समूची दुनिया को सत्य, अहिंसा, दया और करुणा का संदेश दिया।' भारत विविधताओं वाला देश है। पर्यटन की सभी अपेक्षाओं को पूरा करने की क्षमता भारत में है। प्रधानमंत्री ने देश में टूरिस्ट सर्किट बनाने की कल्पना की थी। उसमें पहला सर्किट बुद्ध सर्किट है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह का मैं अभिनंदन करना चाहता हूं कि उत्तर प्रदेश शासन ने प्रधानमंत्री की कल्पनाओं को धरातल पर उतारने के लिए महत्वपूर्ण कार्य किया। उत्तर प्रदेश के पर्यटन और संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने कहा, 'उप्र.पर्यटन विभाग द्वारा आयोजित 'बोधि यात्रा' का उद्देश्य राज्य में बौद्ध विरासत और तीर्थ स्थलों की झलक पेश करना है। उत्तर प्रदेश में भगवान बुद्ध और बौद्ध धर्म से जुड़े कई प्रमुख तीर्थ स्थल हैं। यूपी प्रारंभिक बौद्ध धर्म का केंद्र रहा है। बौद्ध धर्म का विस्तार दुनिया के बाकी हिस्सों में हुआ। बौद्ध धर्म को मानने वाले श्रद्धालु पर्यटक प्रतिवर्ष बड़ी संख्या में देश-दुनिया से उत्तर प्रदेश आते हैं। बोधि यात्रा बुद्ध के जीवन, अनुभव और उपदेशों के महत्वपूर्ण पहलुओं को प्रस्तुत करना है। पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह बोले,सौभाग्य से भगवान बुद्ध के जन्म से लेकर शिक्षा, ज्ञान प्राप्ति, उपदेश एवं धार्मिक जनजागृति के अभियान एवं महापरिनिर्वाण मृत्यु तक के सभी स्थल उत्तर प्रदेश में ही अवस्थित हैं। लुम्बिनी भारत की सीमा से मात्र 25 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है, जो बुद्ध की जन्मस्थली है। इनके जन्म के उपरान्त पिता शुद्धोधन की राजधानी कपिलवस्तु आ गई जो उत्तर प्रदेश के सिद्धार्थनगर जनपद में स्थित है।

# 120 करोड़ ठगी प्रकरण: एकेटीयू की तरह नोएडा विकास प्राधिकरण से ठगे थे 200 करोड़ रुपये, पूछताछ में कबूला

* 120 करोड़ रुपये की ठगी के मामले में पुलिस ने रिमांड में लिए गए आरोपियों से पूछताछ की।

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**




डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय (एकेटीयू) के 120 करोड़ रुपये ठगने वाले आरोपियों ने नोएडा विकास प्राधिकरण में 200 करोड़ रुपये की सेंधमारी की थी। पिछले साल नोएडा विकास प्राधिकरण में फर्जी बैंक अधिकारी बनकर आरोपी वहां जाकर मिला और 200 करोड़ रुपये दूसरे खाते में ट्रांसफर करा लिए थे। यह बात रिमांड पर लिए गए तीनों आरोपियों राजेश बाबू, शैलेश रघुवंशी और देवेन्द्र जोशी ने पूछताछ में बताई। शुक्रवार सुबह करीब 10 बजे साइबर क्राइम थाने की पुलिस तीनों आरोपियों को लखनऊ जेल से लेकर पहुंची। साइबर थाना प्रभारी बृजेश यादव और दो अफसरों ने आरोपियों से पूछताछ की। रात करीब आठ बजे उन्हें मेडिकल परीक्षण कराने के बाद जेल भेज दिया गया। इंस्पेक्टर यादव के मुताबिक राजेश बाबू पिछले साल जुलाई में नोएडा विकास प्राधिकरण के खाते से 200 करोड़ रुपये ट्रांसफर करने के मामले में आरोपी बना था। इसमें उसे और अन्य कुछ लोगों को गिरफ्तार किया गया था। साइबर थाने की पुलिस ने नोएडा पुलिस से भी जानकारी मांगी है। वहीं नोएडा पुलिस ने भी अपने मामले में राजेश बाबू को रिमांड पर लेकर पूछताछ करने की बात साइबर थाने की पुलिस से कही है। साइबर क्राइम थाने की पुलिस आरोपी राजेश को कुकरैल जंगल ले गई। राजेश ने बताया था कि उसने अपना मोबाइल जंगल में छुपा दिया था। जंगल पहुंची साइबर क्राइम थाने की पुलिस ने मोबाइल को इधर-उधर तलाशा पर मोबाइल बरामद नहीं किया जा सका।

# इटौंजा पुलिस टीम ने 3 व्यक्तियों पर धारा 151,107,116 सीआरपीसी के तहत की कार्यवाही

**जन एक्सप्रेस । पीयूष द्विवेदी**

**इटौंजा, लखनऊ।** लखनऊ कमिश्नरेट उत्तरी जोन इटौंजा पुलिस ने कड़ी कार्यवाहीं करते हुए तीन व्यक्तियों को गिरफ्तार कर लिया। बता दें कि पुलिस आयुक्त द्वारा अपराधियो एवं एनबीडब्लू के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत पुलिस उपायुक्त उत्तरी जोन अभिजीत आर शंकर व अपर पुलिस उपायुक्त उत्तरी जितेन्द्र दुबे के पर्यवेक्षण में तथा सहायक पुलिस आयुक्त बीकेटी सुजीत दुबे के निर्देशन एवं इटौंजा थाना प्रभारी निरीक्षक मार्कंडण्य यादव के कुशल नेतृत्व में शांति व्यवस्था बनाये रखने हेतु 03 अभियुक्त के विरूद्ध 151, 107, 116 सीआरपीसी की कार्यवाहीं की। बता दें कि शनिवार दोपहर उ0नि0 सुमन सैनी मय पुलिस बल के साथ उसरना चौराहे पर मौजूद थी सूचना मिली की कुछ लोग गांव में लड़ाई झगड़ा कर रहे है इस सूचना पर पहुंची तो देखा कि अरुण पुत्र कमलेश उम्र करीब 24 वर्ष निवासी ग्राम उसराना, आशीष रावत पुत्र रामसागर निवासी ग्राम चाँदपुर खानीपुर उम्र 24 वर्ष, जुबेर उर्फ मुन्ना पुत्र जमील उम्र करीब 28 वर्ष निवासी वार्ड नं 10 इटौंजा को शान्ति व्यवस्था भंग होने पर इटौंजा पुलिस ने चालान धारा 151, 107, 116 सीआरपीसी की कार्यवाही की। वहीं इस मामले पर इटौंजा थाना प्रभारी निरीक्षक मार्कंडण्य यादव ने बताया कि इटौंजा थाना क्षेत्र में शांति भंग, लड़ाई झगड़ा करना या किसी प्रकार का अपराध किसी के द्वारा किया गया तो उस पर कड़ी कार्यवाहीं की जायेगी।



# ऋषि का सद्ज्ञान व्यक्ति को सन्मार्ग पर चलाता है: उमानंद शर्मा

**लखनऊ/जनएक्सप्रेस।** गायत्री ज्ञान मंदिर इंदिरा नगर, लखनऊ के विचार क्रान्ति ज्ञान यज्ञ अभियान के अन्तर्गत ''वैद आई.एस.एस. सेक्टर-सी अलीगंज लखनऊ'' के केन्द्रीय पुस्तकालय में गायत्री परिवार के संस्थापक युगऋषि पं. श्रीराम शर्मा आचार्य द्वारा रचित सम्पूर्ण 79 खण्डों का 412वाँ ऋषि वांड़मय की स्थापना कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। उपरोक्त साहित्य गायत्री परिवार की सक्रीय कार्यकर्त्री श्री हंस जी ने अपने पूर्वजों की स्मृति में भेंट किया।

## जन एक्सप्रेस



### सम्पादकीय

# मोदी सरकार के लिए विपक्ष की अवहेलना करना आसान नहीं


**राहुल गांधी के लिए भाजपा जिस तरह का वक्तव्य हर वक्त इस्तेमाल करती रही है, वह अब संभव नहीं होगा। नेता प्रतिपक्ष की हैसीयत सत्तारुढ़ दल के नेता से कम नहीं होती। राहुल गांधी सदन में विपक्ष की आवाज उठाते हुए नजर आने वाले हैं। लोकसभा चुनाव के नतीजों ने बहुत कुछ बदलकर रख दिया है। राहुल गांधी के तौर पर पूरे दस सालों बाद सदन के भीतर विपक्ष को अपना सेनापति मिला है. 2014 में सत्ता से बेदखल होने के बाद कांग्रेस को नेता प्रतिपक्ष का पद मिला है, क्योंकि पिछले दस सालों से पार्टी के पास इस पद को पाने के लिए जरूरी 54 सीटें तक नहीं थीं।**

*तीसरी बार केंद्र में सत्ता में आई भाजपा गठबंधन सरकार के लिए इस बार विपक्ष की अवहेलना करना आसान नहीं होगा। मजबूत विपक्ष के कारण केंद्र सरकार को अपना रवैया पिछले कार्यकाल की तुलना में नरम रखना होगा। इसका प्रमाण भी लोकसभा में मिल गया। विपक्ष ने जिस तरह के तेवरों से आगाज किया है, सत्तारुढ़ दल उस तरह प्रतिरोध नहीं कर पाया जिस तरह पहले और दूसरे कार्यकाल में किया था। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने भी पिछले कार्यकाल की तुलना में इस बार की शुरुआत सामंजस्य बिठाने से की है। पिछले कार्यकाल में मणिपुर के मुद्दे को लेकर लोकसभा अध्यक्ष ने 141 सांसदों को सदन से निलंबित कर दिया था। विपक्ष उस दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से सदन में बयान देने की मांग कर रहा था। इसे सत्ता पक्ष ने मंजूर नहीं किया। सदन में कई दिनों तक हंगामे की स्थिति बनी रही। इस पर अध्यक्ष ओम बिरला ने विपक्ष के सदस्यों को निलंबित कर दिया। विपक्ष का आरोप था कि प्रधानमंत्री मोदी मणिपुर की वीभत्स घटनाओं और लगातार होती हिंसा के बावजूद सार्वजनिक बयान देने से कतरा रहे हैं। पीएम मोदी ने मणिपुर की घटना का लोकसभा और सार्वजनिक मंचों का जिक्र तक नहीं किया। इस बार भाजपा गठबंधन सरकार का ऐसी स्थितियों से बचना आसान नहीं होगा। मजबूत विपक्ष की घेराबंदी से सरकार को ऐसे सार्वजनिक मुद्दों पर अपना दृष्टिकोण स्पष्ट करने का भारी दवाब होगा। लोकसभा के प्रोटेम स्पीकर और भाजपा सांसद भर्तृहरि महताब द्वारा 18वीं लोकसभा के लिए निर्वाचित सदस्यों को शपथ दिलाए जाने के दौरान एआईएमआईएम के नेता असदुद्दीन ओवैसी ने शपथ लेने के बाद नारा लगाया- जय भीम, जय तेलंगाना और फिर जय फलिस्तीन कहा। फिर उन्होंने अल्लाह-ओ-अकबर के भी नारे लगाए। इस पर भाजपा के कई सदस्यों ने आपत्ति जाहिर की। उन्होंने विरोध दर्ज करवाया। इस पर प्रोटेम स्पीकर ने कहा कि अगर ओवैसी ने कोई आपत्तिजनक बात कही है उसे कार्यवाही के रिकॉर्ड से हटा दिया जाएगा। ओवैसी हैदराबाद से लोकसभा के लिए निर्वाचित हुए हैं। वह पांचवी बार सांसद बने हैं। विवाद के बाद ओवैसी ने सफाई दी और कहा कि फिलीस्तीन बोलना संविधान के खिलाफ कैसे है। भाजपा सांसद जी किशन रेड्डी का काम ही विरोध करना है। भाजपा के पिछले कार्यकाल के दौरान यदि ओवैसी इस तरह शपथ लेते तो निश्चित तौर पर उन्हें भाजपा सांसदों का भारी विरोध सहना पड़ता, जोकि इस बार इस बार साामन्य नजर आया। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने बुधवार को कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी को सदन में नेता प्रतिपक्ष के रूप में आधिकारिक रूप से मान्यता दे दी। राहुल गांधी का नेता प्रतिपक्ष का दर्जा नौ जून, 2024 से प्रभावी रहेगा। कांग्रेस संसदीय दल की प्रमुख सोनिया गांधी ने मंगलवार को लोकसभा के कार्यवाहक अध्यक्ष (प्रोटेम स्पीकर) भर्तृहरि महताब को पत्र भेजकर कांग्रेस के इस फैसले के बारे में उन्हें अवगत कराया था कि राहुल गांधी नेता प्रतिपक्ष होंगे। राहुल गांधी ने कहा कि उनके लिए यह अधिकारों की लड़ाई लडने की बहुत बड़ी जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि विपक्ष का नेता सिर्फ एक पद नहीं है, यह आपकी आवाज बनकर आपके हितों और अधिकारों की लड़ाई लडने की बहुत बड़ी जिम्मेदारी है। लोकसभा के पिछले कार्यकाल में कांग्रेस की लगातार मांग के बावजूद संख्या बल का हवाला देते हुए मोदी सरकार ने नेता प्रतिपक्ष की नियुक्ति नहीं की थी। 17 वीं लोकसभा में पर्याप्त संख्या बल नहीं होने पर लोकसभा में प्रतिपक्ष के नेता का पद रिक्त रहा।*

### एक्सप्रेस आलेख

**वनस्पतियों के अपने आकर्षक रंग रूप हैं। तमाम वनस्पतियां रोगोपचार के लिए औषधियां भी हैं। वनस्पतियां औषधियां वैदिक काल के पहले से ही प्रणम्य हैं। अथर्ववेद के एक सुन्दर सूक्त (1.34) में ऋषि कवि अथर्वा एक लता देखते हैं। अथर्वा कहते हैं, मधुक मधुरता के साथ पैदा हुई है। हम इसे मधुरता के साथ खोदते हैं–मधुजाता मधूनां त्वां खनामसि। कहते हैं, हे लता आप मधुर हैं। हमें भी मधुर बनाएं। आगे कहते हैं, हमारी जिव्हा का अग्रभाग मधुर हो। मूल भाग मधुर हो। हमारा घर से बाहर जाना मधुर हो। दूर जाना मधुर हो। वाणी मधुर हो। हम मधुरता से भी ज्यादा मधुर हो जाएं–मधुरस्मि माधुतरो मदुधान्ममधुत्तमत्तर:। वैदिक ऋषि कवि अस्तित्व को नमस्कार करते हैं।**

# विश्व को वृक्ष–वनस्पति प्रेमी विकास तंत्र की आवश्यकता



हृदयनारायण दीक्षित

**एक सुन्दर सूक्त में कहते हैं कि प्राण औषधियों के समक्ष गर्जन करते हैं। औषधियां शक्तिशाली होती हैं। प्राण औषधियों पर जल वर्षा करता है। औषधियां प्रसन्न होती हैं। प्राण ही रोग व मृत्यु के कारण हैं। कहते हैं कि, तब अथर्वा द्वारा रोपित अंगिरा वंशजों व मनुष्यों द्वारा निर्मित औषधियां प्रकट होती हैं।**

वातावरण में तनाव है। पृथ्वी का ताप बढ़ रहा है। सभी जीव व्यथित हैं। प्रकृति में अनेक जीव हैं। सब शुद्ध प्राण वायु पर निर्भर हैं। प्राण वायु का मुख्य स्रोत वनस्पतियां हैं। भारतीय राष्ट्रजीवन में वनस्पतियां, औषधियां देवता की श्रेणी में हैं। पीपल, बरगद, नीम, बेल आदि वृक्षों की उपासना होती है। गीता में श्रीकृष्ण ने अर्जुन को बताया कि, पीपल का वृक्ष मैं ही हूं। भारत की तरह दुनिया के किसी भी अन्य देश, संस्कृति व सभ्यता में वनस्पतियों और वृक्षों को नमस्कार नहीं किया गया। वनस्पतियों के कारण पर्यावरण शुद्ध रहता है। दुर्भाग्य से सारी दुनिया में वन क्षेत्र घटा है। भूमण्डलीय ताप बढ़ा है। वर्षा चक्र गड़बड़ाया है। यहां भारत में वैदिक काल से लेकर पुराण और महाभारत में वनस्पतियों और वृक्षों को विशेष आदर के साथ याद किया गया है। उन्हें देवता जाना गया है। हिन्दू मन वृक्ष वनस्पति की कटान पर आहत होता है। विकास का आधुनिक माडल वनस्पति प्रेमी नहीं है। विश्व को वृक्ष वनस्पति प्रेमी विकास तंत्र की आवश्यकता है। वृक्ष बोलते हैं संभवतः। सुनते अवश्य हैं। उनसे वार्ता करना आनंद का अनुभव है। एक शोध के अनुसार जिस पौधे से प्रेमपूर्ण वार्ता होती है, वह जल्दी बढ़ता है। पौधों को ध्यान और प्रेम से देखने वाले प्रसन्न रहते हैं। पेड़ पौधे आपस में भी बातें करते होंगे। वे वृक्ष प्रेमी को देखते ही प्रसन्न हो जाते हैं। वे कुल्हाड़ी लेकर आने वाले पेड़ कटवा को देखकर सहम जाते हैं। गहन उदास होते हैं। वृक्ष वनस्पति हमारे परिजन हैं। इन्हें खिलने का पूरा अवसर मिलना चाहिए। बीज से वृक्ष, वृक्ष से फूल और फूलों से बीज का वर्तुल पूरा होना चाहिए। वनस्पतियां ढेर सारी हैं लेकिन सोम वैदिक पूर्वजों की सर्वाधिक प्रिय वनस्पति है। ऋषियों ने सोम को बहुत बड़ा देवता बताया है। ऋग्वेद के नवें मण्डल में 144 सूक्त हैं। इन सभी सूक्तों के देवता सोम हैं। ऋग्वेद में सोम का अनेक प्रसंगों में उल्लेख है। सोम को सारी वनस्पतियों का राजा भी कहा गया। (9.114.2) सोम वनस्पति से रस निकाला जाता था। वैदिक अभिजन सोम को स्फूर्ति प्रदान करने वाला पेय मानते थे। सोमरस का प्रयोग पीने के लिए तो किया ही जाता था। यज्ञ में इस रस की आहुतियां भी दी जाती थीं। ऋग्वेद के अनुसार सोम देवताओं को प्रिय भी था। पूर्वज मानते थे कि सोमरस पीने से मनुष्यों को अमृत्व की प्राप्ति होती है। आर्यों की ईरानी शाखा में होम वनस्पति की चर्चा है। पारसियों के धर्मग्रन्थ अवेस्ता में सोम को होम लिखा गया है। पूर्वज सैकड़ों वर्ष पहले वनस्पतियों के गुण धर्म से परिचित थे। ऋग्वेद में औषधि विज्ञान सम्बंधी एक सूक्त के देवता औषधि हैं। ऋषि कहते हैं, हे औषधियों आपके सहस्त्रों नाम हैं। सहस्त्रों अंकुर हैं। आप हमें आरोग्य दें। वे औषधियों की रोग निवारक शक्ति की तुलना घोड़े की शक्ति से करते हैं। स्तुति है, आप गतिशील घोड़े की तरह रोगों को तेजी से दूर करती हैं। आप हमें सुख दें। खास बात यह है कि वे औषधियों को माता बताते हैं। कहते हैं कि, आप माता की तरह पालन गुणों से युक्त हैं। हमारी प्रार्थना सुनें। वनस्पतियां औषधियां माता हैं। ऋषि कहते हैं कि, कुछ औषधियां निकट हैं। कुछ दूरी पर हैं। कवि को विश्वास है कि, औषधियां उनकी प्रार्थना सुनती हैं। अथर्ववेद में भी औषधियों वनस्पतियों को देवता कहा गया है। अथर्ववेद का एक पूरा सूक्त औषधियों पर ही है। ऋषि कहते हैं कि, कुछ औषधियां लाल रंग की हैं। कुछ श्वेत हैं। कुछ भूरी हैं। कुछ काली हैं। कुछ कई रंगों वाली हैं। पृथ्वी माता हैं। आकाश पिता हैं। औषधियां भी इसी परिवार की हैं। ऋषि कहते हैं कि, औषधियों के पिता आकाश हैं। यहां औषधियां वनस्पतियां माता पृथ्वी व पिता आकाश की परिजन हैं। रोगों के कारण होते हैं। कुछ रोग मनुष्य की अपनी गलती से पैदा होते हैं। कहते हैं कि, जल और औषधियां हमारे पाप से उत्पन्न यक्षमा रोग दूर करें। कुछ औषधियां सर्वसुलभ हैं। कुछ औषधियां खरीदने से उपलब्ध होती हैं। कहते हैं, क्रयरहित औषधियां मनुष्यों, अश्वों को स्वस्थ रखें। वनस्पतियां मनुष्य को स्वस्थ रखती हैं। आम महुआ आमला रसपूर्ण है। आमला युवा बने रहने का रसायन है। औषधियां, वनस्पतियां अनेक प्रकार की हैं। कहते हैं, गुच्छों वाली, एक कोंपल वाली और अनेक शाखाओं वाली औषधियों का आवाहन करते हैं। प्रत्येक जीव में रोगों से लड़ने की क्षमता होती है। इसे रोग निरोधक क्षमता कहते हैं। अथर्ववेद में स्थान के आधार पर भी औषधियों के भेद किए गए हैं। एक मंत्र (8.7.17) में कहते हैं, अंगिरा द्वारा विवेचित औषधियां पर्वतीय क्षेत्रों व समतल मैदानों में उगती हैं। वे हृदय को सुख शांति देती हैं। कुछ औषधियों को अमर भी बताया गया है। औषधियां जीव रक्षक हैं। वैदिक काल के समाज को पिछड़ा बताने वाले नोट करें। वैदिक काल के मनीषी ज्वर की आवृत्ति से परिचित थे। ऋषि कहते हैं, कुछ ज्वर एक दिन छोड़ कर आते हैं, कुछ 2 दिन बाद और कुछ बिना निश्चित समय के ही आते हैं। ऋषि की इच्छा है कि, ऐसे ज्वर आलसी लोगों के पास चले जाएं। वैदिक समाज में कर्म प्रधानता है। आलसी की भर्त्सना है। ज्वर और भी कई प्रकार के होते हैं। कहते हैं, तपाने वाले, हिलाने वाले, भड़काने वाले, ठण्ड के साथ आने वाले और दुर्बल करने वाले ज्वर को हमारा नमस्कार है। यहां नमस्कार ज्वर को दूर भगाने के लिए किया गया है। ज्वर अकेला नहीं होता। इसका अपना परिवार है। अथर्ववेद में कहते हैं, ज्वर अपने भाई कफ के साथ आता है। खांसी उसकी बहन है। वह बहन के साथ आता है। यक्षमा इसका भतीजा है। बीमारियों की व्याख्या रिश्तों में करना मजेदार है। एक प्रतिष्ठित वनस्पति है गुग्गल। आधुनिक आयुर्विज्ञान इसे रोग निरोधक क्षमता बढ़ाने वाली औषधि मानते हैं। बताते हैं कि गुग्गल के प्रयोगकर्ताओं के पास कोई रोग नहीं आते। एक मंत्र में पील व जटामांसी को महत्वपूर्ण औषधि बताया गया है। औषधियां प्राणरक्षक हैं।



**कहते हैं कि, आप माता की तरह पालन गुणों से युक्त हैं। हमारी प्रार्थना सुनें। वनस्पतियां औषधियां माता हैं। ऋषि कहते हैं कि, कुछ औषधियां निकट हैं। कुछ दूरी पर हैं। कवि को विश्वास है कि, औषधियां उनकी प्रार्थना सुनती हैं। अथर्ववेद में भी औषधियों वनस्पतियों को देवता कहा गया है।**





*किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए सही मुहूर्त, सही समय, और सही नक्षत्र का होना जरुरी होता है, आज हम आपको आज के दिन का सही समय जो की सही कार्य करने का है, और आज कब कौन सी दशा कौन से टाइम में चल रही है उसका समुचित विवरण हिन्दू कैलेंडर और हिन्दू पंचांग के अनुसार दे रहे है, आज आपका दिन मंगलमयी रहे, यही शुभकामना है। आज का दिन शुभ कार्य के लिए सही कार्य है या नहीं आज के चौघड़िया के अनुसार जानें। अगर आप आज वाहन खरीदने का विचार कर रहे हैं या आज कोई नया व्यापार आरंभ करने जा रहे हैं, गृह प्रवेश कर रहे हैं, गृह निर्माण कर रहे है, प्रॉपर्टी खरीद रहे हैं, या कोई अन्य शुभ कार्य करने के लिए सोच रहे है तो पहले यहाँ सही समय देख लें, आपका कार्य शुभ और सफल होगा, यही हमारी ओर से शुभ मंगल कामना है।*

| | |
|---|---|
| तिथि: | नवमी 12:19 तक |
| नक्षत्र: | रेवती 07:34 तक |
| पक्ष: | कृष्ण |
| वार: | रविवार |
| योग: | अतिगण्ड, 16:14 |
| सूर्योदय: | 05:58 |
| सूर्यास्त: | 19:21 |
| चंद्रमा: | मेष राशि में |
| राहुकाल: | 17:37-19:21 |
| विक्रमी संवत्: | 2082 |
| शक सम्वत: | 1945 |
| मास: | आषाढ़ |
| शुभ मुहूर्त: | 12:00-12:48 |

## जन एक्सप्रेस

### टर्म है जो तीसरा !

*स्थिति अब साफ़ हुई ।
है कैसी सरकार ।।
हैं सारे अब सामने ।
ना कोई तकरार ।।
शांतचित्त हैं सूत्र ।
आई अलग कहानी ।।
देखते हैं कौन कहां ।
है करता मनमानी ।।
टर्म है जो तीसरा ।
कितना असरदार ?
भूल कर मतभेद ।
रहता कब तक प्यार ।।
अपने अपने काम में ।
हुए सारे व्यस्त ।।
ना करेंगे ग़लती ।
कर चुके आश्वस्त ।।*



\- कृष्णेन्द्र राय

### एक्सप्रेस कविता

*पिता प्रयोग धर्मी होतें हैं और माँ की ममता भावुक।। पिता सिर्फ समझते हैं, कर्म और धर्म की बोली, माँ दिल की धड़कने । माँ समझती हैं बेटे का हाल, बेटे के अरमानों का आकाश, दिल के भीतर की हलचल, हृदय का स्पंदन,धड़कने। चेहरे के हाव-भाव, दोस्तों की आवारगी, धड़कनो की सिसकियाँ, बढ़ते अरमानो की, लम्बी लंबी फरमाईसे, प्रेमिका के सपने और टूट जाना किसी के लिए दिल का, माँ सब कुछ जान जाती हैं ।। पिता होते हैं सख्त,मजबूत निर्विकार, कड़क, सीधे किसी से समझौता न करने कटिबद्ध, अनुभवी,चट्टान की तरह, माँ होती है भोली, नादान और सहज वात्सल्य से ओतप्रोत, उनके चेहरे पर ही होता माँ होंने का अहसास. पिता के चहरे पर, इसकी जरुरत नहीं होती। पिता निस्पृह,कर्मयोगी होते, माँ गंगा सी पवित्र।*

संजीव ठाकुर

### एक्सप्रेस ज्ञान

*यदि आप बहाने बनाते हैं मतलब सफल तो बनना चाहते हैं लेकिन कार्य करने से जी चुराते हैं सफलता और बहाने कभी एक साथ नहीं हो सकते*

### एक्सप्रेस स्वास्थ्य

# बालों को मजबूत बनाने के लिए इस्तेमाल करें नारियल तेल और टी ट्री ऑयल

**लोगों** में बढ़ते स्ट्रेस और तनाव का असर उनके बालों पर देखने को मिलता है। प्रदूषण और तनाव की वजह से बालों की हेल्थ पर बुरा असर पड़ता है। वहीं, अनुवांशिक, डाइट और अन्य रोगों के कारण भी बालों कमजोर होकर टूटने, झड़ने लगते हैं। ऐसे में लोग बालों के टूटने की सही वजह जानें बिना ही बालों को मजबूत करने के लिए कई ट्रीटमेंट या हेयर प्रोडक्ट का इस्तेमाल करने लगते हैं। बालों को मजबूत करने के लिए आपको बालों की केयर करने पर ध्यान देना होगा, तभी आप बालों को शाइनी और मजबूत बना पाएंगे। इसके लिए आप नारियल तेल और टी ट्री ऑयल का इस्तेमाल कर सकते हैं। यह दोनों ही बालों की जड़ों को पोषण प्रदान करने के साथ ही, उनसे जुड़ी कई समस्याओं को दूर करने में फायदेमंद होते हैं।

**गहराई से मॉइस्चराइज करें:** नारियल का तेल और टी ट्री ऑयल बालों को मॉइस्चराइज करने में सहायक होते हैं। इसमें फैटी एसिड और लॉरिक एसिड बालों की शाफ्ट में प्रवेश कर, बालों को हाइड्रेट करते हैं। साथ ही, बालों के रूखेपन को दूर करते हैं, इससे घुंघराले बालों को सुलझाने में मदद मिलती है। इससे बालों के टूटने की संभावना कम होती है। इससे डैमेज बालों को रिपेयर करने में मदद मिलती है। इसे इस्तेमाल करने के लिए आप नारियल तेल और टी ट्री ऑयल को बराबर मात्रा में ले लें। इससे सिर की स्कैल्प पर मसाज करें। करीब 30 मिनट बाद बालों को पानी या माइल्ड शैंपू से साफ कर लें।



**स्कैल्प का स्वास्थ्य बनाएं:** टी ट्री ऑयल और नारियल तेल में एंटीफंगल और एंटीबैक्टीरियल गुणों होते हैं, जो डैंड्रफ और स्कैल्प की अन्य समस्याओं को दूर करने में मदद करते हैं। डैंड्रफ बालों के रोम को कमजोर कर सकती है, जिससे बाल झड़ने लगते हैं और बालों की ग्रोथ खराब हो सकती है। टी ट्री ऑयल और नारियल तेल का उपयोग करने से स्कैल्प की समस्याओं को दूर कर आप बालों को ग्रोथ को बेहतर कर सकते हैं।

**ब्लड सर्कुलेशन को बढ़ाएं:** नारियल के तेल और टी ट्री ऑयल से आप बालों से जुड़ी समस्याओं को आसानी से दूर कर सकते हैं। इन दोनों तेल के कॉम्बिनेशन और रेगूलर मसाज से स्कैल्प का ब्लड सर्कुलेशन बेहतर होता है। जिससे बालों की ग्रोथ में सुधार होता है और बाल तेजी से बढ़ते हैं।

**बालों की बनावट में सुधार करें:** नारियल तेल और टी ट्री ऑयल में मौजूद प्रोटीन, बालों को प्रोटीन की कमी से बचाकर उन्हें मजबूत बनाने में मदद करते हैं। साथ ही, यह बालों के कमजोर और दोमुंहे होने की समस्या को भी दूर करने में मदद करते हैं। इससे बालों की बनावट में सुधार होता है। बाल धीरे-धीरे मजबूत होने लगते हैं और उनका टूटना कम होता है।

**बालों को रिपेयर करें:** नारियल तेल और टी ट्री ऑयल बालों को रिपेयर करने में सहायक होता है। प्रदूषण और सूर्य की यूवी किरणों की वजह से बालों डैमेज होने लगते हैं। इस डैमेज के प्रभाव को कम करने के लिए आप नारियल और टी ट्री ऑयल का इस्तेमाल कर सकते हैं।

### एक्सप्रेस विशेष

# एकै साधे सब सधे!

**सांस सभी लेते हैं इसलिए अच्छी तरह सांस लेना एक जरूरी बात होते हुए भी उस पर ध्यान नहीं जाता। सांस का व्यायाम सबके लिए बेहद जरूरी है। काम ज्यादा हो, समयाभाव हो और आप श्वसन पर पर ध्यान देना चाहते हैं ताकि स्वास्थ्य सुधरे तो इस स्थिति में सबसे पहली बात है मुंह के बदले नाक से सांस लेने का अभ्यास करना चाहिए। इसमे आक्सीजन को रक्त में फैलाने के लिए अधिक मौका मिलता है।**



गिरीश्वर मिश्र

**सांस लेने के तरीके को बेहतर बनाने के लिए मुद्रा पाश्चर पर भी ध्यान देना जरूरी होता है । खराब पाश्चर सांस लेने में मुश्किलें खड़ी करता है और व्यवधान वाले सांस लेने के तरीके से पेशीय प्रणाली प्रभावित होगी। पाश्चर को ठीक करने के लिए डायफाम पर गौर करना।**

**जीवन** की डोर सांसों से बंधी होती है इसलिए सामान्य व्यवहार में सांस लेना जीवन के पर्याय या लक्षण के रूप में प्रचलित है। सांस अन्दर लेना और बाहर निकालना एक स्वतन्चालित स्वैच्छिक शारीरिक क्रिया है जो शरीर में दूसरी प्रक्रियाओं को प्रभावित करती है और हमारे शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य पर सीधा असर डालती हैं। योग-विज्ञान में सांस लेना सिर्फ शारीरिक अभ्यास नहीं है। वह आध्यात्मिक विकास की राह भी है और तन-मन से स्वस्थ बने रहने का एक सरल नुस्खा भी है। योग के अंतर्गत प्राणायाम में सांस लेने के विभिन्न तरीकों पर विशेष रूप से चर्चा की गयी है। योगियों की अनेक उपलब्धियां का आधार सांसों के नियंत्रण में ही छिपा हुआ है। प्राणायाम का अर्थ होता है प्राण का विस्तार और उसकी अभिव्यक्ति। हमारा मन प्राण के साथ वैसे ही जुड़ा रहता है जैसे एक पतंग धागे से जुड़ी रहती है। धागा अच्छी तरह पकड़े रहते हैं या प्राण शक्ति नियंत्रित रहती है तो चंचल मन नियंत्रित और वांछित दिशा में सक्रिय होता है। सांस का विज्ञान प्राण को नियंत्रण में लाता है जिसके फलस्वरूप मन पर साधक का अधिकार स्थापित होता है। वस्तुतः प्राण की ऊर्जा सम्पूर्ण ब्रह्मांड में व्याप्त है और वही शरीर में भी व्यक्त होती है। शरीर में प्राण-शक्ति के अनेक कार्य हैं जिनको ध्यान में रख कर पांच तरह के प्राणों की पहचान की गई है - उदान, प्राण, समान, अपान और व्यान । उदान लेरीनेक्स के ऊपर के भाग में और विशिष्ट इंद्रियों से जुड़ा होता है। प्राण हृदय के आधार से लेकर लेरीनेक्स तक सक्रिय रहता है । यह वाक्शक्ति और श्वसन प्रणाली से जुड़ा है। समान हृदय और नाभि के बीच सक्रिय होता है और पाचन क्रिया से भी जुड़ा है । अपान नाभि के नीचे स्थित रहता है और किडनी तथा मूत्राशय आदि अन्य अंगों को प्रभावित करता है। व्यान पूरे शरीर में व्याप्त रहता है और सभी पेशियों और जोड़ों के संचालन से जुड़ा होता है। प्राण की ऊर्जा बहुत सूक्ष्म होती है जिसे श्वास के सभ्यास से नियंत्रित किया जाता है। श्वासों पर नियंत्रण के लिए सांस अंदर लेने और बाहर निकालने, उसे रोकने आदि की गति, अवधि, तीव्रता तथा आवृत्ति आदि में बदलाव किया ज़ाता है। वस्तुतः कोई भी रोग हमारी प्राण शक्ति के प्रवाह में असंतुलन का परिणाम होता है। हमारी श्वास-प्रश्वास की प्रक्रिया प्राणिक ऊर्जा का मूल आधार होती है। हम सब एक दिन में लगभग 20,000 बार सांस लेते हैं। सांस को फेफड़े के अन्दर लेते समय हृदय गति बढ़ जाती है और सांस को बाहर निकालते हुए कम हो जाती है। हमारा तंत्रिका तंत्र नर्वस सिस्टम भी सांस की गति के प्रति संवेदनशील रहता है। हम अच्छी तरह सांस लेये हुए तनाव में कमी और अन्दर से ऊर्जावान महसूस करते हैं। अपने सांस पर ध्यान देकर स्वास्थ और दीर्घायु पा सकते हैं। रोचक बात यह है कि हम अपनी सांस लेने के क्रम को आवश्यकतानुसार बदल भी सकते हैं और अपनी पूरी शरीर-प्रणाली को प्रभावित कर सकते हैं। सांस का सायास प्रयोग कब शुरू हुआ यह तो मालूम नहीं पर भारत में निश्चय ही इसकी बड़ी पुरानी परम्परा मौजूद रही है। श्रीमद्भगवद्गीता में सांस लेना पूरक, सांस को छोड़ना रेचक और सांस को रोकना कुंभक इन तीन प्रक्रियाओं का वर्णन मिलता है। तिबती परम्परा में भी इस पर बल दिया गया है। अनुष्ठान करने में, चिकित्सा में, अध्यात्म और धार्मिक अभ्यास में, ध्यान और शारीरिक कला-कौशल विकसित करने आदि सबमें श्वास-प्रश्वास का महत्त्व पाया गया है। वस्तुत- सांस लेना सिर्फ वायु का भौतिक रूप से गतिशील होना नहीं हैं। इसे ऊर्जा, शक्ति, प्राण, ब्रह्मानंद और आत्मा तक से भी जोड़ा गया है । योग की ज्ञान-परम्परा में प्राणिक ऊर्जा को नियमित करने और सकारात्माक रूप से संचारित करने के लिए प्राणायाम पर बल दिया गया है। चिकित्सा जगत की इसमें बहुत दिनों तक कोई खास रुचि न थी। बीसवीं सदी के मध्य तक आते-आते यह स्पष्ट हुआ कि श्वांस लेने और निकालने के दर रेट का स्वास्थ पर सीधा प्रभाव पड़ता है। दमा अस्थमा वस्तुत- श्वांस की कमी से जुडा है। उच्च रक्त चाप की चिकत्सा में भी यह बड़ा लाभप्रद पाया गया है। अब इसे वैकल्पिक चिकित्सा पद्धति के रूप में स्वीकृति मिल रही है। तंत्रिका तंत्र के आधुनिक अध्ययन योग की श्वास-विधियों के प्रभावों की पुष्टि कर रहे हैं। खेल में तो खिलाड़ी युद्ध की सी चुनौती का अनुभव करता है। तब एक-एक पल का मूल्य होता है इसलिए खिलाड़ियों की भी रुचि इस दिशा में बढ़ रही है और इस पर विचार हो रहा है कि प्राचीन योग की श्वास-नियंत्रण की तरकीबें शरीर को साधने और श्वसन तंत्र को सुदृढ़ करने में कैसे मददगार होंगीं । शरीर किस तरह अच्छी तरह आक्सीजन का उपयोग करे और कार्बन डाईआक्साइड को सहने की क्षमता को बढाये। श्वांस के महत्त्व की लोकप्रियता के बावजूद अभी भी ज्यादातर लोग जीवन के इस आधारभूत पक्ष पर उचित ध्यान नहीं देते हैं।

# शासन द्वारा जनपद के आपदा प्रभावितों को बड़ी राहत


**✻ दैवीय आपदा से प्रभावितों को 50 लाख 28 हजार 500 की भेजी मदद डीएम ने दी स्वीकृति, भेजी अनुमन्य धनराशि**

जन एक्सप्रेस । सुनहरा

**लखीमपुर खीरी।** शनिवार जिले में दैवीय आपदा से प्रभावितों को तत्काल राहत सहायता उपलब्ध कराये जाने के उद्देश्य से तहसीलों द्वारा अग्निकाण्ड तथा राज्य सरकार द्वारा घोषित अन्य आपदा राहत मद में फीड किये गये प्रभावितों के विवरण के आलोक में डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने अनुमोदन देकर अनुमन्य धनराशि अन्तरण किये जाने की स्वीकृति प्रदान की।जिले की विभिन्न तहसीलों के प्रभावितों के खातों में कुल 50 लाख 28 हजार 500 की धनराशि भेजी गई। एडीएम संजय कुमार सिंह ने बताया कि अग्निकाण्ड अहेतुक सहायता के तहत सदर तहसील के 11 लाभार्थियों को 55 हजार, मोहम्मदी के एक लाभार्थी को 05 हजार, निघासन के 14 लाभार्थियों को 70 हजार की धनराशि प्रभावितों के खातों में भेजी गई।गोला में अग्निकाण्ड पशु अनुग्रह अनुदान के तहत 01 दुधारू पशु छोटा पर 4,000, सदर तहसील में 12 झोपड़ी, 04 पक्का आंशिक, 06 कच्चा आंशिक तथा 01.पशुसाला कुल 23 गृह अनुदान (अग्निकाण्ड) के लिए 1,49,000, निघासन तहसील अंतर्गत 24 झोपड़ी, 5 पक्का आंशिक तथा 21 पशुसाला कुल 50 गृह अनुदान (अग्निकाण्ड) के लिए रू. 2,87,500, धौरहरा तहसील अंतर्गत 20 झोपड़ी, 7 पक्का आंशिक,15 कच्चा आंशिक तथा 14 पशुसाला कुल 56 गृह अनुदान (अग्निकाण्ड) के लिए रू. 3,07,500, गोला में 07 झोपड़ी, 01 पक्का आंशिक, 04 कच्चा आंशिक कुल 12 गृह अनुदान (अग्निकाण्ड) पर 78,500, पलिया में 03 झोपड़ी, 1 कच्चा आंशिक कुल 04 गृह अनुदान (अग्निकाण्ड) पर 28,000, लखीमपुर तहसील में आंशिक क्षतिग्रस्त पक्का मकान 01 गृह अनुदान (आँधी-तूफान) में 6,500 की धनराशि प्रभावितों के खातों में भेजी गई। उन्होंने बताया कि डूबने से निघासन तहसील अंतर्गत एक जनहानि पर चार लाख, धौरहरा और गोला में दो-दो जनहानि पर आठ-आठ लाख, तहसील धौरहरा और मितौली में मानव वन्यजीव द्वन्द में 01-01जनहानि में 04-04 लाख,तहसील सदर में आकाशीय बिजली से 01 पशुहानि दुधारू बड़ा पर रू. 37,500, तहसील मोहम्मदी में आकाशीय बिजली से 02 जनहानि में रू.8 लाख, धौरहरा में सर्पदंश से एक जनहानि पर रू.चार लाख की धनराशि भेजी।

# सीता ग्रुप ऑफ एजुकेशन के टॉप टेन टॉपर को मुख्यमंत्री ने प्रोत्साहन राशि दे कर किया सम्मानित

जन एक्सप्रेस । सीतापुर






**महमूदाबाद।** माध्यमिक शिक्षा परिषद के यूपी बोर्ड परीक्षा में प्रदेश की टॉप टेन सूची में स्थान पाने वाले सीता इंटर कालेज के पांच व हाई स्कूल के तीन मेधावियों को लोकभवन में आमंत्रित कर प्रशस्ति पत्र व एक लाख रुपये की चेक, टेबलेट, बैग और मेडल प्रोत्साहन के रूप में देकर सम्मानित किया।

प्रदेश मेरिट में हाईस्कूल व इंटरमीडिएट में टॉपर छात्र देने वाले सीता ग्रुप ऑफ एजुकेशन के प्रधानाचार्य आर.के वाजपेयी ने बताया कि संस्था के इंटरमीडिएट छात्र शुभम वर्मा और हाईस्कूल की छात्रा प्राची निगम ने यूपी की बोर्ड परीक्षा में टॉप किया था। 28 जून शनिवार को मुख्यमंत्री ने शुभम वर्मा, प्राची निगम व इंटर की टापर लिस्ट के पांच टॉपरों में इंटर के राज वर्मा, शीतल वर्मा, अनुभव शुक्ल, पलक मौर्य तथा हाई स्कूल की नव्या वर्मा व अंशिका वर्मा को भव्य के समारोह के दौरान लोकभवन में आकर्षक पुरस्कार के साथ एक - एक लाख की चेकें देकर सम्मानित किया। उन्होंने बताया कि मेरिट लिस्ट के इंटरमीडिएट की छात्रा शिवानी वर्मा छात्र सूरज साहू, सूरज वर्मा, आयुष मौर्य, वैभव मिश्र तथा सूरज मौर्य तथा हाई स्कूल की छात्रा वर्तिका सोनी, अंशी मौर्या, अगम्या वर्मा व छात्र हेमन्त वर्मा को जिला मुख्यालय पर एमएलसी पवन सिंह चौहान के साथ नगर पालिका अध्यक्ष नेहा अवस्थी, मुख्य विकास अधिकारी निधि बंसल और जिला विद्यालय निरीक्षक राजेन्द्र सिंह, जीआईसी प्रधानाचार्य अनिल सिंह परिहार ने 11 मेधावियों को एक एक लाख रुपये का चेक, टेबलेट, प्रशस्ति पत्र व मैडल देकर सम्मानित किया।

# मलेरिया, चिकनगुनिया जैसे संचारी रोगों की रोकथाम के लिए हाई अलर्ट, जिलाधिकारी ने की बैठक

जन एक्सप्रेस । सीतापुर



जिलाधिकारी अभिषेक आनंद की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में संचारी रोग नियंत्रण अभियान की द्वितीय अन्तर्विभागीय समीक्षा बैठक सम्पन्न हुयी। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि साफ-सफाई का बेहतर प्रबंध सुनिश्चित किया जाये।

उन्होंने कहा कि जिन क्षेत्रों में गत वर्ष संक्रामक रोग, डेंगू, मलेरिया, चिकनगुनिया आदि के मामले पाये गये है, उन पर विशेष ध्यान दिया जाये। ऐसे स्थलों पर संवेदनशीलता से से फागिंग, एण्टीलार्वा छिड़काव आदि कराते हुये पूरी सतर्कता रखी जाये। संक्रामक रोगों का कोई भी प्रकरण प्राप्त होते है तो सभी संबंधित विभागों को सूचित करते हुये प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित की जाये। नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में तालाबों, नालियों, झाड़ियों की साफ-सफाई, फागिंग, एण्टीलार्वा छिड़काव का प्रबंध सुनिश्चित किये जाने के निर्देश भी दिये। डायरिया के नियंत्रण हेतु प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिये। उन्होंने कहा कि मरीजों का तत्काल समुचित उपचार सुनिश्चित किया जाये। दवाओं के पर्याप्त स्टॉक की उपलब्धता भी सुनिश्चित की जाये। साथ ही उन्होंने सभी संबंधित विभागों को स्वास्थ्य विभाग के साथ समन्वय बनाकर संचारी रोगों की रोकथाम व नियंत्रण के संबंध में कार्रवाई करने का निर्देश दिये।

जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि हाई रिस्क वाले ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रों को प्राथमिकता के आधार पर लिया जाए। उनकी एक सूची बना ले उनमें साफ सफाई का विशेष ध्यान दिया जाए ताकि वहां पर बीमारियों से रोकथाम हो सके और वहां के लोगों को जागरूक भी किया जा सके। जिलाधिकारी ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान 1 से 31 जुलाई व दस्तक अभियान 11 से 31 जुलाई तक चलेगा। बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी निधि बंसल, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व नीतीश कुमार सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी हरपाल सिंह, जिला पंचायत राज अधिकारी मनोज कुमार, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद सीतापुर वैभव त्रिपाठी सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# लापता किशोर एक सप्ताह बाद घर पहुंचा

जन एक्सप्रेस । गोला गोकर्णनाथ खीरी



मोहल्ला मुन्नूगंज से एक सप्ताह पूर्व लापता हुआ किशोर एक सप्ताह बाद खुद घर पहुंच गया। जिससे परिवार में खुशी है। मोहल्ला मुन्नूगंज निवासी सरोज कुमार का 13 वर्षीय पुत्र गौरव वर्मा 24 जून को भाई, बहन से झगड़ा कर घर से भाग गया था। काफी तलाश के बाद भी कुछ पता नहीं चला।परिजन परेशान हो गए थे।सूचना पुलिस को दी गई थी।पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज की थी।शनिवार को किशोर शहर में ही मिल गया।किशोर गौरव ने बताया की भाई बहन से झगड़ा के बाद पिटाई के डर से वह शहर में ही चौराहे के आस पास ही रात में दुकानों के बाहर सो लेता था। वह परेशान होकर शनिवार को खुद ही अपने घर पहुंच गया।

# जिलाधिकारी ने जिले में सबसे अधिक कर राशि जमा करने वाले उद्यमियों को किया सम्मानित

जन एक्सप्रेस । सीतापुर




उ0प्र0 सरकार द्वारा दानवीर भामाशाह जी के जन्मदिवस के शुभ अवसर पर व्यापारी कल्याण दिवस प्रदेश स्तर पर आयोजित किये जाने का निर्णय लिया गया, जिसके क्रम में जिलाधिकारी अभिषेक आनंद की अध्यक्षता में उद्योग विभाग एवं राज्य कर विभाग के संयुक्त तत्वाधान में कलेक्ट्रेट सभागार में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान जनपद में एकल सर्वाधिक कर राजस्व जमा करने वाली दो फार्मों अग्रवाल आटो सेल्स, आई हॉस्पिटल रोड सीतापुर एवं जे0पी0 सेल्स कारपोरेशन, विजय लक्ष्मी नगर सीतापुर के प्रतिनिधियों को स्मृति चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इसके साथ ही जनपद में निवेश करने वाली फर्मों सीतापुर टिम्बर ट्रेडर्स, विंटेज विलेज, हर्ष इंटरप्राइजेज, आरोहन प्रोडक्शन प्रा0लि0, ग्रोफास्ट प्लेंटेक लि0 ग्रोफास्ट आर्गेनिक डायमण्ड प्रा0लि0 एवं उत्तम इण्डस्ट्रीज के प्रतिनिधियों को भी सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुये जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने सभी को प्रेरित करते हुये कहा कि अपना टैक्स समय से भरा जाना सुनिश्चित करें तथा नए लोगों को भी समय पर टैक्स जमा करने के लिये प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि उद्यमियों और व्यापारियों को जो भी समस्याएं हों, वह तत्काल संज्ञान में लायें, समस्याओं का तत्काल निस्तारण कराया जायेगा। कार्यक्रम के दौरान संस्कृति विभाग उ0प्र0 की आयुषी पाण्डे एवं मोहित पाण्डे द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये। इसके साथ ही कलेक्ट्रेट प्रांगण में एक जनपद एक उत्पाद से संबंधित प्रदर्शनी, सरायन स्वयं सहायता समूह तथा अग्रवाल ऑटोमोबाइल का स्टाल भी लगाया गया।

कार्यक्रम में दौरान मुख्य विकास अधिकारी निधि बंसल, उपायुक्त उद्योग आशीष गुप्ता, ज्वाइंट कमिश्नर राज्यकर राममूरत, वी0पी0 सिंह, व्यापार मण्डल के पदाधिकारी सुशील अग्रवाल, भगवती गुप्ता, प्रेमचन्द गुप्ता, गोपाल दारूका, मनीष मिश्र, कंचन प्रभा पाण्डेय, कुसुम सिंह, ममता खेतान सहित उद्योग विभाग व वाणिज्य कर विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

## फास्ट फॉरवर्ड

### टूटे हाईटेंशन तार को हटा रहे किसान की करंट से मौत

जन एक्सप्रेस । हरदोई। जिले के शाहाबाद में हाईटेंशन लाइन का तार शुक्रवार देर रात टूटकर गिर गया। शनिवार सुबह मवेशियों के लिए खेत से चारा लेने जा रहे किसान ने सड़क पर तार टूटा पड़ा देखा तो उसे हटाने लगा। इसी दौरान वह तार में आ रहे करंट की चपेट में आ गया। मौके पर ही उसकी मौत हो गई। पूरे मामले की जांच विद्युत सुरक्षा निदेशालय के अधिकारी मंगलवार को करेंगे। शाहाबाद कोतवाली क्षेत्र के सरदारनगर निवासी सुखराम (47) खेती करते थे। शनिवार सुबह सुखराम मवेशियों के लिए खेत से चारा लेने जा रहे थे। रास्ते में हाईटेंशन लाइन का तार टूटा पड़ा था। सुखराम ने तार उठाकर सड़क से हटाने की कोशिश की, लेकिन उन्हें करंट लग गया। करंट लगने से मौके पर ही उनकी मौत हो गई। ग्रामीणों की सूचना पर परिजन और पुलिस मौके पर पहुंच गए। परिवार में पत्नी सुखरानी, दो पुत्र शैलेंद्र और राजवीर हैं। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। बिजली विभाग से जुड़े सूत्र बताते हैं कि शुक्रवार आधीरात के बाद ढाई बजे हाईटेंशन लाइन टूटकर गिरी थी। इसकी जानकारी रात में ही विभागीय अभियंताओं को हो गई थी। विद्युत वितरण खंड शाहाबाद के अधिशासी अभियंता विनोद कुमार का दावा है कि रात में ही शाहाबाद कस्बे के मोहल्ला सुलेमानी में लगे जंफर से तार खोलकर उक्त लाइन की आपूर्ति बंद कर दी गई थी। इसके बावजूद करंट कैसे आया इसकी जांच कराई जा रही है। उन्होंने बताया कि विद्युत सुरक्षा निदेशालय से भी जांच टीम मंगलवार को आकर जांच करेगी।

### गोलीकांड में नामजद भाजपा के पूर्व विधायक के भाई का रिसॉर्ट सील

जन एक्सप्रेस । बरेली। बरेली के पीलीभीत बाइपास पर 22 जून को हुई फायरिंग के मामले में ताबड़तोड़ कार्रवाई का दौर जारी है। शनिवार को भाजपा के पूर्व विधायक राजेश मिश्रा उर्फ पप्पू भरतौल के भाई रमेश मिश्रा के लक्ष्य रिसॉर्ट को सील कर दिया गया। तीन थानों की पुलिस व पीएसी के साथ पहुंची बीडीए की टीम ने सीलिंग के बाद वहां नोटिस चस्पा कर दिया। तय समय में संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर ध्वस्तीकरण की कार्रवाई हो सकती है। सीओ तृतीय अनीता चौहान के नेतृत्व में संयुक्त टीम दोपहर ढाई बजे बारादरी थाने से हरुनगला स्थित लक्ष्य रिसॉर्ट पहुंची। वहां बीडीए के अधिशासी अभियंता ने रिसॉर्ट के दोनों गेट पर ताला डालकर व मुहर लगाकर सील कर दिया। यहां तीन नोटिस भी चस्पा किए गए। यहां मौजूद पप्पू भरतौल के बेटे विक्की भरतौल व रमेश मिश्रा के परिजनों से भी अधिकारियों ने बात की। पप्पू भरतौल फायरिंग मामले में नामजद किए गए हैं। इस कार्रवाई को उसी घटनाक्रम की प्रतिक्रिया के तौर पर देखा जा रहा है। वहीं, बीडीए के अधिकारी मानक पूरे न होने का हवाला दे रहे हैं। बताया जा रहा है कि निर्माण नक्शे के मुताबिक नहीं किया गया था। इसको लेकर जुर्माना भी लगाया गया था, पर संबंधित आपत्तियों का निराकरण नहीं हो सका था। इसी को लेकर सीलिंग की गई है। कार्रवाई से पहले संयुक्त टीम ने बारादरी थाने में चार घंटे तक बैठक कर रूपरेखा तय की। भाजपा के पूर्व विधायक पप्पू भरतौल के भाई रमेश मिश्रा के लक्ष्य रिसॉर्ट को सील करने से पहले बीडीए की टीम बारादरी थाने में डेरा डाले रही। जिला प्रशासन व पुलिस के अधिकारियों के साथ चार घंटे चली मैराथन बैठक में इसकी रणनीति तय की गई। इसके बाद टीम वहां से हरुनगला पहुंची। महज आधे घंटे में रिसॉर्ट को सीलकर वहां से निकल गई। दो आरोपियों की संपत्तियों पर चल चुका है बुलडोजर प्लॉट पर कब्जे को लेकर हुई फायरिंग के मामले में अभी सिर्फ मुख्य आरोपी राजीव राना और दूसरे पक्ष के आदित्य उपाध्याय के किले ढहाए गए हैं। पूर्व विधायक समेत 14 लोगों की संपत्तियों की जांच चल रही है। इसमें कितनों के किले ढहाए जाएंगे, इस पर संशय बना हुआ है। बीडीए के अधिकारियों के मुताबिक घटना में शामिल सभी आरोपियों की संपत्ति की जांच चल रही है। पूर्व विधायक पप्पू भरतौल व अन्य की संपत्तियों का ब्योरा खंगाला जा रहा है। अवैध निर्माण पाए जाने पर उनका ध्वस्तीकरण कराया जाएगा।

### फर्जी आधार व आयुष्मान कार्ड बनाने वाले गिरोह का पर्दाफाश

जन एक्सप्रेस । बरेली। बरेली में कोतवाली पुलिस और सेना इंटेलिजेंस ने फरीदपुर क्षेत्र में दबिश देकर शुक्रवार शाम पांच लोगों को गिरफ्तार किया। इस मामले में शनिवार को सीओ सिटी ने खुलासा किया। सीओ सिटी ने कहा कि गिरफ्तार किए गए लोग फर्जी आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड, पैन कार्ड व बायोमैट्रिक फर्जी खाते और मृत्यु प्रमाण पत्र बनाते थे। पांचों आरोपियों के पास से पुलिस ने लैपटॉप, प्रिंटर आदि सामान बरामद किया है। फरीदपुर कस्बा में लाइन मठिया पार अवनीश कंप्यूटर्स नाम से जनसेवा केंद्र संचालित है। संचालक अवनीश यादव आधार कार्ड बनाने के साथ ही आधार से रुपये निकालता था। शुक्रवार शाम दो गाड़ियों से आई पुलिस टीम ने केंद्र संचालक को हिरासत में ले लिया। एक घंटा तलाशी के बाद दुकान पर रखे कई प्रिंटर, कंप्यूटर व दस्तावेज जब्त कर गाड़ी में रख लिए। उससे पूछताछ के बाद बाकी आरोपियों को गिरफ्तार किया गया।

# प्रधान से नहीं संभल रही गांव की सरकार, गांव में फैला कीचड़



जन एक्सप्रेस । मोहम्मदी खीरी

प्रधान से नहीं संभल रही गांव की सरकार सडको पर भरा पानी फैली गंदगी लोग हो रहे बेहद परेशान। बता दें कि ग्राम अंबुआपुर मजरा बौधी के मुखिया से गांव की सरकार चलाने में नाकाम साबित हो रहे हैं।विकासखंड के कई गांव में चारों तरफ फैली गंदगी व कीचड़ जहां के बाशिंदे हो रहे परेशान जहां एक और सरकार स्वच्छता अभियान चला रही है वही दूसरी और ग्रामो में फैली गन्दगी जिससे बीमारियां उत्पन्न होने का खतरा बना हुआ है सरकार के सबसे महत्वकांक्षी योजना स्वच्छ भारत मिशन को अंबुआपुर मजरा बौधी में पलीता लगाया जा रहा है या यूं कहें कि सरकार के योजनाओ पर फेर रहे पानी गांव में फैला कीचड़, फैली गंदगी लोग हो रहे परेशान।फैले कूड़े से आ रही दुर्गंध(बदबू), जिससे संक्रमण का खतरा बना हुआ है रोड पर जलभराव और फैली गंदगी स्वच्छ भारत योजनाओ की उड़ा रहे धज्जियां।

ग्राम अंबुआपुर मजरा बौधी खुर्द में ग्राम मे नाली निर्माण न होने के कारण जलभराव की समस्या बनी रहती है।जिससे गांव में गंदगी फैल रही है ग्रामीणों ने कई बार ग्राम के जिम्मेदारी से शिकायत की लेकिन समस्या का नही हुआ समाधान परेशान ग्रामीणों ने तहसील पहुंच कर उपजिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र दे कर नाली निर्माण कार्य करने की लगाई गुहार जिसमे महिलाओं सहित काफी संख्या में लोग मौजूद रहे। जहां ग्रामीणों के चेहरों पर साफ साफ मायूसी देखी जा रही है।

# पांच वर्षीय बच्ची के साथ दुष्कर्म

**✻ जानकारी मिलते ही प्रभारी निरीक्षक पसगवां दीपक राठौर ने पहुंच कर आरोपी को दबोच लिया**

जन एक्सप्रेस । मोहम्मदी खीरी

कस्बा बरबर के एक मोहल्ला में एक बच्ची को किशोर ने लालच देकर मकान के अंदर एकांत में बुला ले गया जहां उसने बच्ची के साथ दुष्कर्म करने पर वह बेहोश हो गई जिसे छोड़कर वह भाग निकला।होश पर बच्ची घर पहुंची जहां उसकी मां ने खून से लथपथ हालत में देखकर पूछा तो उसने पूरी घटना बयां कर दी थी।परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर बच्ची को मेडिकल परीक्षण के लिए भेजा है।घटना की भनक लगते ही देर रात एसपी खीरी गणेश साहा ने मौके पर पहुंचकर स्थित का जायजा लिया और दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। कस्बा के मोहल्ला निवासी पीड़िता की मां ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर बताया उसका पति हरियाणा में मजदूरी करने गया हुआ है। शुक्रवार को शाम 4 बजे करीब उसकी 5 वर्षीय बच्ची जो कक्षा एक में प्राइवेट स्कूल की छात्रा है। वह मकान से थोड़ी दूर पर रह रहे अपने बाबा के पास जा रही थी। तभी पड़ोस में रह रहे नरेंद्र नाम के किशोर ने उसे लालच देकर अपने मकान के भीतर एकांत में बुला ले गया जहां उसने उसके साथ दरिंदगी की जिससे वह खून से लथपथ हो जाने से बेहोश हो गई थी। किशोर घटना को अंजाम देकर भाग गया था। होश आने पर बच्ची के घर पहुंचने पर उसकी मां हालत देखकर अवाक रह गई बच्ची से पूछताछ करने पर सारा वाकया बताने पर मां ने घटना की शिकायत चौकी पुलिस को दी। जानकारी मिलते ही प्रभारी निरीक्षक पसगवां दीपक राठौर ने पहुंच कर आरोपी को दबोच लिया और बच्ची को मेडिकल परीक्षण के लिए जिला अस्पताल भेज दिया है।

# मोहल्ले वालों के बाद अब मृतक की बहन ने लगाया हत्या का आरोप






**✻ पुलिस को दी गई तहरीर**

जन एक्सप्रेस । गोला गोकर्णनाथ खीरी

शनिवार को मृतक की बहन ने नगर के मोहम्मदी पर आत्महत्या के मामले में मोहल्ले वालों के बाद अब हत्या का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी है। मंगलवार को मो॰ मुन्नूगंज निवासी स्वर्गीय सुशील कुमार वर्मा के बेटे मानवेंद्र सिंह उर्फ शेर सिंह का शव घर के ही बाथरूम में फंदे से झूलता मिला था। पुलिस ने शव का पंचनामा भर के पोस्टमार्टम कराया था।मानवेंद्र सिंह की मौत को लेकर पहले मोहल्ले वालों में दुर्गेश सोनी, अफरोज, सौरभ पुरवार, आशीष गुप्ता, शोभराज, लक्की, मोइन आयुष, आशू समेत कई लोगों ने हत्या का मामला बताते हुए पुलिस को तहरीर देनी चाही।

पुलिस ने शेर सिंह के परिजनों की तरफ से तहरीर दिलाने की बात कही थी। शनिवार को अपने को मृतक मानवेन्द्र सिंह की बहन बताने वाली लखीमपुर के मोहल्ला नौरंगाबाद निवासी राकेश मिश्रा की पत्नी स्मृति मिश्रा ने गोला पहुंच पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया है कि उसके दो भाई मानवेन्द्र सिंह उर्फ शेर सिंह और शिवेंद्र सिंह गोला में रहते थे। शिवेंद्र की पांच साल पहले शादी हुई थी। स्मृति का कहना है कि घटना की रात मानवेन्द्र सिंह, शिवेंद्र और शिवेंद्र की पत्नी के विवाद हुआ था। उसका एक कहना है कि जिस पल्ले पर शव लटका था वह पल्ला उसके भाई के कद से छोटा है और जिस गमछे से गर्दन बंधी थी वह गमछा शिवेंद्र का है। गर्दन पर चोट के निशान देखे गए। नाक से भी खून निकल रहा था। उसे मार कर लटकाया गया है।

# पांच साल के बच्चे की सर्प दंश से मौत



जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी

थाना ईसानगर क्षेत्र के गांव बेल्तुआ निवासी लवकुश का पांच वर्षीय पुत्र दीपक शुक्रवार की शाम घर के बाहर खेल रहा था। इसी बीच उसे किसी जहरीले सर्प ने डस लिया। बच्चे के शोर मचाने पर परिजन मौके पर पहुंच गए। इसी बीच उसकी हालत अधिक बिगड़ गई। परिवार के लोग उसे आनन-फानन में सीएचसी धौरहरा लाए, जहां उसकी उपचार के दौरान मौत हो गई। बच्चे की मौत से उसके परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

# एक माह पहले मर चुके शख्स को बनाया गवाह, दरोगा निलंबित

जन एक्सप्रेस । हरदोई

हरदोई जिले में आईजीआरएस के जरिए दर्ज कराई गई शिकायत के निस्तारण में बेनीगंज कोतवाली के उपनिरीक्षक ने एक माह पहले मर चुके शख्स को बतौर गवाह दर्ज कर दिया। इतना ही नहीं स्वतंत्र गवाह के तौर पर उसके बयान दर्ज कर आख्या भी भेज दी। मामले की जानकारी एसपी को हुई तो उन्होंने मर चुके व्यक्ति का बयान लगाकर शिकायत निस्तारण करने वाले उपनिरीक्षक को निलंबित कर दिया। बेनीगंज कोतवाली क्षेत्र के बेनीगंज कस्बा निवासी बंटू सोनी ने एक शिकायत आईजीआरएस पर दर्ज कराई थी। शिकायत में पड़ोस के ही रहने वाले एक व्यक्ति और उसके दो पुत्रों समेत चार लोगों पर रंगदारी मांगने, अभद्रता करने आदि का उल्लेख किया था। शिकायत की जांच के लिए बेनीगंज कोतवाली में तैनात उपनिरीक्षक राम शंकर पांडेय को जिम्मेदारी दी गई। राम शंकर पांडेय ने शिकायत का निस्तारण करते हुए आख्या भेज दी, लेकिन निस्तारण की प्रक्रिया में स्वतंत्र गवाह के तौर पर सुरेंद्र के बयान दर्ज कर लिए।

# सराफा और कपड़ों की दुकान में शॉर्ट-सर्किट से लगी आग, एक करोड़ का नुकसान



जन एक्सप्रेस । हरदोई

हरदोई जिले में कछौना कस्बे के तारा मार्केट स्थित सराफा और कपड़ों की दुकान में शुक्रवार सुबह लगभग 10 बजे शॉर्ट-सर्किट से आग लग गई। घटना का पता तब चला जब दुकान के शटर के नीचे से धुआं और लपटें निकलने लगीं। आसपास ठेली लगाने वालों ने घटना की जानकारी दुकान मालिक को दी। कुछ देर बाद दुकान मालिक के परिजन मौके पर पहुंचे और शटर तोड़कर आग बुझाने की कोशिश की। अग्निशमन विभाग की मदद से आग पर काबू पाया गया। दुकान मालिक ने एक करोड़ रुपये का नुकसान होने का दावा किया है।

मूलरूप से कस्बे के तिलकनगर निवासी प्रफुल्ल कुमार गुप्ता की दुकान प्रफुल्ल ज्वैलर्स और वस्त्रालय के नाम से तारा मार्केट में है। यहां फर्नीचर का कारोबार भी होता है। प्रफुल्ल कुमार गुप्ता समेत परिवार के पांच लोग संयुक्त रूप से दुकान संचालित करते हैं। सभी लोग लखनऊ से रोज आवागमन करते हैं। शनिवार को बाजार की बंदी होने के कारण शुक्रवार रात दुकान बंद करने के बाद कोई मालिक शनिवार सुबह नहीं पहुंचा। इसी बीच सुबह 10 बजे शॉर्ट-सर्किट से दुकान में आग लग गई। जानकारी पर प्रफुल्ल के परिवार के ही लोग मौके पर पहुंचे और आग बुझाने की कोशिश की। स्थानीय लोगों और दमकल वाहनों की मदद से आग पर काबू पाया गया। प्रफुल्ल कुमार गुप्ता के परिवार की ही शालिनी गुप्ता ने लगभग एक करोड़ रुपये का नुकसान घटना में होने का दावा किया है। घटना का पता चलने पर क्षेत्रीय लेखपाल राहुल शुक्ला भी मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का जायजा लिया। उन्होंने भी नुकसान का आकलन कर रिपोर्ट राजस्व विभाग के अधिकारियों को भेजी है। दुकान के संचालकों में शामिल शैलेंद्र गुप्ता ने घटना की तहरीर कछौना कोतवाली में दी है।

**चाबी थी शैलेंद्र के पास, इसलिए तोड़ना पड़ा ताला**

दुकान के मुख्य शटर में ताला डलवाकर शैलेंद्र गुप्ता शुक्रवार रात लखनऊ चले गए थे। शनिवार को साप्ताहिक बंदी होने के कारण वह कछौना नहीं आए। घटना का पता चलने पर शटर खोलने की कवायद शुरू हुई तो पता चला कि चाबी शैलेंद्र के पास है। यही वजह रही कि आग बुझाने के लिए दुकान का शटर तोड़ना पड़ा।

## फास्ट फॉरवर्ड

### गर्मियों की छुट्टी के बाद खुले परिषदीय विद्यालय

जन एक्सप्रेस/अम्बेडकर नगर। ग्रीष्म अवकाश के बाद शुक्रवार को परिषदीय विद्यालय खुले तो पहले दिन बच्चों की उपस्थिति काफी कम रही हालांकि जो बच्चे विद्यालय पहुंचे उनका भव्य स्वागत हुआ कही बच्चों को चंदन रोली लगाई गई तो कहीं फूल माला पहनकर स्वागत किया गया इससे छात्र छात्राओं के चेहरे खिल उठे लगभग एक माह की छुट्टी के बाद शुक्रवार को विद्यालय खुले लेकिन उम्मीद के विपरीत छात्रों की संख्या काफी कम रही स्कूल खुलने की जानकारी होने के बाद समय रहते शिक्षकों ने स्कूल में उपस्थित तय करने पर ध्यान नहीं दिया इसी कारण उपस्थिति प्रभावित हुई हालांकि इस दौरान इक्का-दुक्का जो छात्र विद्यालय पहुंचे उन्हें विद्यालय के मुख्य गेट पर प्रधानाध्यापक के नेतृत्व में शिक्षक शिक्षकों ने स्वागत किया जनपद में 1582 परिषदीय विद्यालय संचालित है जिसमें लगभग दो लाख चार हजार बच्चे पंजीकृत है बीएसए कार्यालय के अनुसार 28 से 30 जून तक विद्यालय का संचालन सुबह 7:30 बजे से सुबह 10:00 बजे तक होगा जबकि 1 जुलाई से सुबह 8:00 बजे से दोपहर 2:00 बजे तक होगा 1 जुलाई को विद्यालय में कार्यक्रम का आयोजन कर आने वाले छात्र-छात्राओं का भव्य स्वागत किया जाएगा उच्च प्राथमिक कंपोजिट विद्यालय भडसार में 337 बच्चे पंजीकृत हैं जिसमें से लगभग 25 बच्चे ही विद्यालय पहुंचे वहीं प्राथमिक विद्यालय रोशनगढ़ द्वितीय में 130 बच्चे पंजीकृत है जिसमें से 15 बच्चे ही विद्यालय पहुंचे वहीं प्राथमिक विद्यालय सीहमऊ मोलनापुर में लगभग 65 बच्चे पंजीकृत है जिसमें से एक भी बच्चा विद्यालय नहीं पहुंचा कंपोजिट उच्च प्राथमिक विद्यालय भडसार में प्रधानाचार्य लाल बहादुर के नेतृत्व में अध्यापकों की टीम ने विद्यालय पहुंचे बच्चों का रोली और टीका लगाकर स्वागत भव्य स्वागत किया

### जानलेवा हमले के आरोपी चार अभियुक्त को पुलिस ने भेजा जेल

जन एक्सप्रेस/अम्बेडकरनगर। जनपद के राजेसुल्तानपुर थानाक्षेत्र अन्तर्गत जयसिंहपुर निवासी राजकुमार मौर्य को वृहस्पतिवार शाम गांव के निकट ही हमलावरों द्वारा गोली मारकर हत्या का प्रयास किया गया था। घटना में शामिल चार आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। ज्ञात हो कि पुलिस अधीक्षक डॉ कौस्तुभ द्वारा अपराध व अपराधियों पर अंकुश लगाने हेतु व वाछिंत अभियुक्तों की गिरफ्तारी के संबंध मे चलाये जा रहे अभियान के अनुपालन में अपर पुलिस अधीक्षक एवं क्षेत्राधिकारी आलापुर रामबहादुर सिंह व थानाध्यक्ष विजय प्रताप तिवारी के नेतृत्व में शनिवार को उपनिरीक्षक अंजनी कुमार व थाना से गठित पुलिस टीम मय स्वाट टीम/सर्विलांस टीम ने मुखविर खास सूचना व आधुनिक तकनीक का प्रयोग कर सम्बन्धित मुकदमें में प्रकाश में आये अभियुक्तगण अभिषेक शुक्ला उर्फ लिटिल शुक्ला पुत्र अनिल शुक्ला निवासी ग्राम भरतपुर थाना राजेसुल्तानपुर, अंशल तिवारी उर्फ सूरज तिवारी पुत्र जितेन्द्र तिवारी निवासी ग्राम गोपालपुर सिंघलपट्टी थाना राजेसुल्तानपुर,शिवम दूबे पुत्र दिवाकर दूबे निवासी ग्राम सैथुआ थाना राजेसुल्तानपुर, रंगीला उर्फ रजत वर्मा पुत्र रमेश वर्मा निवासी ग्राम सिंघलपट्टी थाना राजेसुल्तानपुर को देवलर चौराहा के पास से गिरफ्तार किया गया तथा जामा तलाशी में अभिषेक शुक्ला उर्फ लिटिल शुक्ला से घटना में प्रयोग हुआ एक तमंचा 315 बोर व घटना में प्रयोग 02 मोटरसाईकिल बरामद हुई।

# फरार इंस्पेक्टर नीशू तोमर पर चलेगा दुष्कर्म का मुकदमा, जिला जज ने निरस्त किया रिवीजन

## सीजेएम के आदेश की हुई पुष्टि, विवेचना को माना त्रुटि पूर्ण

जन एक्सप्रेस । सुल्तानपुर



फरार इंस्पेक्टर नीशू तोमर की मुश्किलें बढ़ती नजर आ रही हैं। शनिवार को सत्र न्यायालय ने सीजेएम के आदेश की पुष्टि करते हुए पुलिस की विवेचना निरस्त करते हुए उन पर रेप, धन हड़पने व आईटी एक्ट के तहत मुकदमा चलाने के आदेश को सही ठहराया है। जिला जज जय प्रकाश पांडे ने इंस्पेक्टर नीशू तोमर की रिवीजन को निरस्त कर दिया है। मामला चर्चित महिला कॉन्स्टेबल के साथ लैंगिक अत्याचार का है।

पीड़िता महिला कॉन्स्टेबल के अधिवक्ता संतोष पांडे ने बताया कि पुलिस कार्यालय में तैनात रही एक महिला कांस्टेबल ने 14 जुलाई 2022 को कोतवाली नगर में एफआईआर दर्ज कराया था। उसने हलियापुर थाने में तैनाती के दौरान वहां के थानाध्यक्ष नीशू तोमर पर रेप करने, पैसा हड़पने तथा अश्लील वीडियो बनाकर वायरल करने का आरोप लगाया था। जिसकी पुष्टि महिला कॉन्स्टेबल ने अपने 164 के कलम बंद बयान में भी किया है। यह भी बताया कि वहां से ट्रांसफर होने के बाद भी आरोपी इंस्पेक्टर उसके साथ रेप और मारपीट करता था।

सितंबर 2022 में विवेचना के दौरान आरोपित को तत्कालीन महिला थानाध्यक्ष ने गिरफ्तार किया फिर वह लापता हो गया। जिसके संबन्ध में इंस्पेक्टर की पत्नी ने भी उच्च न्यायालय तक में याचिका दायर कर रखी है। वही विवेचक ने सभी धाराओं के आरोपों को झूठा मानकर महज गाली गलौज व जान से मारने की धमकी देने का आरोप पत्र न्यायालय में भेज दिया था। जिस पर महिला कॉन्स्टेबल की ओर से प्रोटेस्ट दाखिल किया गया था। 8 अप्रैल 2024 को आदेश हुआ कि इंस्पेक्टर नीशू तोमर पर रेप, धन हड़पने व अन्य धाराओं में मुकदमा चलने के साक्ष्य हैं। इस आदेश के संबंध के विरुद्ध रिवीजन दायर किया गया था। जिसको जिला जज ने सही ठहराते हुए सीजेएम के आदेश को विधि सम्मत माना है।

# पशु आश्रय स्थल में अनियमितता को लेकर व्यापारी नेता ने डीएम को सौंपा ज्ञापन

## जांच कर कर दोषी अधिकारियों एवं कर्मचारियों के खिलाफ विधिक कार्रवाई करने की मांग

जन एक्सप्रेस । लंभुआ/सुल्तानपुर



क्षेत्र में स्थित विभिन्न पशु आश्रय स्थलों में अनियमितता को देखते हुए व्यापारी नेता जयशंकर त्रिपाठी ने डीएम को ज्ञापन सौंपते हुए दोषी अधिकारियों एवं कर्मचारियों के खिलाफ विधिक के कार्रवाई करने की मांग की और उन्होंने कहा कि अगर ऐसा नहीं हुआ तो हम लोग मुख्यमंत्री के जनता दरबार में जाकर शिकायत करेंगे।

हाल ही में लंभुआ क्षेत्र में स्थित खुनशेखपुर गौशाला के निकट काफी संख्या में गोवंश के कंकाल पाए गए थे। जिस पर अधिकारियों ने लीपा पोती करते हुए बता दिया कि यह कंकाल अगल-बगल गांव के जानवरों के हैं, गौशाला के नहीं हैं। जबकि ग्रामीणों का आरोप था कि सभी कंकाल गौशाला के गोवंशों के हैं। इसी मामले से आक्रोशित व्यापारी नेता जयशंकर त्रिपाठी ने डीएम को ज्ञापन सौंपा और उन्हें अवगत करवाया कि जितनी संख्या गौशाला में गोवंशों की दर्ज थी उतने गोवंश मौके पर नहीं मिले। खंड विकास अधिकारी ज्ञानेंद्र मिश्रा अपने अधीनस्थ अधिकारियों एवं कर्मचारी की मदद से कई गांव से पिकअप भर भर कर गोवंशों को मंगा रहे थे और गौशाला में रख रहे थे। बिना चारा एवं बिना इलाज के काफी संख्या में गोवंश की मौत हो गई। शासन प्रशासन को अवगत करवाने तथा वीडियो भी जारी होने के बावजूद कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। गौशाला में जो गोबर एवं खाद मौजूद है उसे भी बेच लिया जा रहा है। योगी सरकार पानी की तरह पैसा बहा रही है लेकिन खंड विकास अधिकारी प्रधान सेक्रेटरी मौज कर रहे हैं। अगर दोषी अधिकारियों एवं कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं की जाती है तो अब यह मुद्दा मुख्यमंत्री दरबार में उठेगा। इस मौके पर विपिन तिवारी देवेंद्र पांडे जयशंकर त्रिपाठी समेत कई लोग मौजूद रहे।

# आप सांसद नहीं हुए पेश, 6 जुलाई को होगी पेशी, कोर्ट ने जारी किया है जमानतीय वारंट

जन एक्सप्रेस । सुल्तानपुर



चुनाव आचार संहिता व महामारी अधिनियम से जुड़े केस में आरोपी आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद संजय शनिवार को कोर्ट में पेश नहीं हुए। उनके अधिवक्ता ने हाजरी माफी देते हुए कहा है कि वे राज्यसभा के सत्र में होने के चलते नहीं आ सके हैं। मामले में अगली सुनवाई 6 जुलाई नियत की गई है। बीते 20 जून की पेशी पर एमपी/एमएलए कोर्ट ने उनके विरुद्ध जमानतीय वारंट जारी किया था। प्रकरण बंधुआकला थानाक्षेत्र से जुड़ा है।

विशेष लोक अभियोजक वैभव पाण्डेय ने जानकारी देते हुए बताया कि 13 अप्रैल 2021 को बंधुआकला थानाध्यक्ष प्रवीन कुमार सिंह ने एफआईआर लिखाई थी। आरोप था कि दिन में साढ़े तीन बजे हसनपुर गांव में सांसद संजय सिंह अपनी पार्टी की जिपं सदस्य सलमा बेगम के पक्ष में सभा कर रहे थे। जिसकी अनुमति उनके पास नहीं थी। उनके साथ में 50-60 लोग और थे। उनके इस कृत्य से महामारी अधिनियम व आचार संहिता का उल्लंघन हुआ है। विवेचना के बाद पुलिस ने मकसूद अंसारी, सलीम अंसारी जगदीश यादव, मकसूद, सुकई, धर्मराज, जीशान, सहबान, सिकंदर, जलील व अजय सभी निवासी हसनपुर को आरोपी बनाकर आरोप पत्र न्यायालय भेजा। अन्य आरोपितों ने जमानत करवा ली लेकिन सांसद न्यायलय में उपस्थित नहीं हुए।

इस मामले में बीते 20 जून को एमपी/एमएलए कोर्ट में सुनवाई के दौरान जमानतीय वारंट जारी करते हुए 29 जून की तारीख नियत की थी। आज अधिवक्ताओं की हड़ताल को लेकर न्यायिक कार्य बाधित था। इस बाबत संजय सिंह के अधिवक्ता मदन सिंह ने बताया कि हमने मौका लिया है कि उनकी आज राज्यसभा के सभापति के साथ साढ़े दस बजे मीटिंग थी इसलिए वे आ नहीं सके हैं। अब कोर्ट 6जुलाई को सुनवाई करेगी।

# बल्दीराय तहसील में 150 फाइलें गायब, राजनैतिक दलों के बाहरी लोग कर रहे ड्यूटी

जन एक्सप्रेस । सुल्तानपुर

बल्दीराय तहसील में 150 फाइलें गायब होने से हड़कंप मच गया है। कारण न्यायालय व अन्य काम के लिए बाहरी व्यक्ति रखे गए हैं। महत्त्वपूर्ण पटल की जिम्मेदारियां तक बाहरी व्यक्तियों को दी गई हैं।

लोकसभा चुनाव के पहले से ही वादकारी मुकदमे के लिए अपने अधिवक्ता के पास जाते थे तो उन्हें जवाब मिलता था कि फाइल मिल नहीं रही है। अधिकारी चुनाव में व्यस्त हैं बाद में आना। चुनाव खत्म हुआ तो वादकारी मुकदमे की पैरवी के लिए जब तहसील पहुंचे तो उनको फाइलें खोजे नहीं मिल रही है। अभी तक केवल नायब तहसीलदार कोर्ट की 127 फाइलें गायब होने की बात सामने आई है। इन सब के पीछे कही न कही अधिकारी ही जिम्मेदार हैं।

आपको बता दें कि एसडीएम कोर्ट पर बाहरी व्यक्ति बृजकिशोर वर्मा को रखकर आदेश टाइप करने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। अस्थाई संग्रह धावक रमेश कुमार से फौजदारी अहलमद का काम लिया जा रहा है। बाहरी व्यक्ति रोहित को चपरासी के लिए रखा गया है तथा संग्रह धावक राकेश दूबे को स्टेनो की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

तहसीलदार ने अपने सहयोग के लिए बाहरी व्यक्ति अंकित कुमार व राजकुमार को रखा है जिनको महत्त्वपूर्ण काम सौंपे गए हैं।

उधर नायब तहसीलदार गुलाब सिंह जिनके यहां से फाइलें गायब हैं उनके यहां का हाल और बुरा है। इनके यहां मुकदमों के आदेश के बाद उसे नामांतरण अभिलेख पर दर्ज करने जैसे महत्त्वपूर्ण कार्य का जिम्मा एक स्थानीय व्यक्ति जगराम यादव को सौंपा गया है।

तहसीलदार ने अपने सहयोग के लिए बाहरी व्यक्ति अंकित कुमार व राजकुमार को रखा है जिनको महत्त्वपूर्ण काम सौंपे गए हैं।

उधर नायब तहसीलदार गुलाब सिंह जिनके यहां से फाइलें गायब हैं उनके यहां का हाल और बुरा है। इनके यहां मुकदमों के आदेश के बाद उसे नामांतरण अभिलेख पर दर्ज करने जैसे महत्त्वपूर्ण कार्य का जिम्मा एक स्थानीय व्यक्ति जगराम यादव को सौंपा गया है। साथ ही बाहरी व्यक्ति बृजेश सिंह व शारदा देवी भी इनके कार्यालय में काम कर रही हैं। बाहरी लोग जो कार्य कर रहे वह क्षेत्रीय हैं तथा कही न कही किसी न किसी पार्टी से उनका संबंध निकल आता है। एक अधिवक्ता ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि नायब कोर्ट की ही केवल एक सौ सत्ताईस फाइल व कुल मिलाकर डेढ़ सौ से अधिक फाइल गायब हो गई है जो मिल नहीं रही है। अधिवक्ता मनोज कुमार सिंह ने बताया कि हमने एसडीएम के यहां नायब तहसीलदार गुलाब सिंह के कोर्ट की हमारी जो फाइलें श्रीमती कृष्णा बनाम राधे प्रसाद रैंचा, प्रेमा देवी बनाम प्रताप गौहनिया, राम दयाल बनाम राम पदारथ बरासिन, ज्ञानेंद्र बनाम रमाकांत हैंहनाकला, सुशील कुमार बनाम ज्वाला प्रसाद अरवल, साबित खान बनाम मोहम्मद इसराइल, राम चरण बनाम मंगरू कुल सात फाइलें गायब हैं उनकी शिकायत की है। एसडीएम ने शुक्रवार तक का समय लिया था लेकिन फाइलें नहीं मिली है।

# जनपद के मेधावी छात्र-छात्राओं को किया गया सम्मानित

जन एक्सप्रेस । अम्बेडकर नगर



जनपद के माध्यमिक शिक्षा विभाग द्वारा मेधावी छात्रों का सम्मान समारोह कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित किया गया। जिसके मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष श्याम सुंदर वर्मा, जिलाधिकारी अविनाश सिंह, मुख्य विकास अधिकारी अनुराज जैन, अपर जिलाधिकारी डॉ. सदानंद गुप्ता मौके पर उपस्थित रहे। जिला पंचायत अध्यक्ष, जिलाधिकारी तथा मुख्य विकास अधिकारी द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। प्रारंभ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के अध्यक्षता में लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम का सीधा प्रसारण दिखाया गया।जिसमें मुख्यमंत्री द्वारा इंटरमीडिएट एवं हाई स्कूल के ऐसे छात्रों जिन्होंने प्रदेश में स्थान प्राप्त किया था उन्हें एक लाख का डेमो चेक, मेडल एवं प्रशस्ति पत्र दिया गया। मुख्यमंत्री द्वारा अपने उद्बोधन में कहा कि परिश्रम का कोई विकल्प नहीं है, बच्चे कठिन परिश्रम से अपने लक्ष्य की प्राप्ति कर सकते हैं। इसके उपरांत एक लघु फिल्म के माध्यम से प्रदेश में शिक्षा के किए गए सुधारो को दिखाया गया। इसी के साथ एक टोल फ्री नंबर की शुरुआत की गई है जो कि 18008893277 है, इसके माध्यम से अभिभावकों से फीडबैक प्राप्त की जाएगी तथा शिक्षा के क्षेत्र में गुणवत्ता बढ़ाने का प्रयास किया जाएगा। लखनऊ में आयोजित इस कार्यक्रम का सीधा प्रसारण कलेक्ट्रेट सभागार में दिखाया गया। जिससे यहां उपस्थित बच्चे, अभिभावक, शिक्षक, अधिकारी द्वारा ध्यान पूर्वक देखा गया। इसके उपरांत जनपद स्तरीय कार्यक्रम में कुल 23 छात्र/छात्राओं को एक लाख तथा 6 छात्र-छात्राओं को इक्कीस हजार का डेमो चेक प्रदान किया गया।साथ ही साथ टैबलेट, प्रशस्ति पत्र, मेडल एवं माल्यार्पण कर सम्मानित किया गया तथा उनके मनोबल को बढ़ाया गया। अंबेडकर नगर के नमिता वर्मा व उत्कर्ष यादव को मुख्यमंत्री के द्वारा आयोजित लखनऊ के कार्यक्रम में सम्मानित किया गया। तथा उन्हें एक लाख का डेमो चेक, टैबलेट,प्रशस्ति पत्र तथा मेडल प्रदान किया गया। जिला पंचायत अध्यक्ष द्वारा अपने संबोधन में बच्चों को शिक्षा के महत्व से अवगत कराया गया और उन्हें शुभकामनाएं प्रदान की गई। जिलाधिकारी द्वारा अपने उद्बोधन में बच्चों से समय के सदुपयोग करने के बारे में अवगत कराया गया। उन्होंने कहा कि आप अपने भाग्य के निर्माता स्वयं हैं अपने मेहनत के बल पर किसी भी क्षेत्र में सर्वोच्च पद तक जा सकते हैं इसी के साथ जनपद का नाम रोशन करने के लिए इन बच्चों को बधाई दी गई।

कार्यक्रम का संचालन डॉ. प्रियंका तिवारी द्वारा किया गया। बैठक के दौरान जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ,जिला सूचना अधिकारी, विभिन्न विद्यालयों के प्रधानाचार्य, शिक्षक, अभिभावक तथा छात्र-छात्राएं मौके पर उपस्थित हैं।

# सरकार की मनरेगा योजना में खुली 'भ्रष्टाचार' की पोल, जिम्मेदार बने तमाशबीन

जन एक्सप्रेस । बल्दीराय/सुलतानपुर

**मजदूरों के बजाय खुलेआम जेसीबी से कराया जा रहा मनरेगा का कार्य, ग्रामीण मजदूरों के हक को निगल रहे मनबढ़**

बहुचर्चित विकास खंड क्षेत्र धनपतगंज व बल्दीराय ब्लॉक में केंद्र सरकार द्वारा जारी गरीबों की महत्वाकांक्षी मनरेगा योजना अब खुलेआम भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गई है। जहां सरकार ग्रामीण मजदूरों को 100 दिन के मजदूरी की गारंटी देने को प्रतिबद्ध है तो वहीं मनबढ़ ग्राम प्रधानों द्वारा जेसीबी मशीन व अन्य आधुनिक मशीनों द्वारा कार्य करवाने से, मजदूरो के हक पर डकैती पड़ रही है।

जिससे ग्रामीण मजदूर बेरोजगार होने के चलते शहरों को पलायन पर मजबूर हो रहे हैं, जो जिम्मेदारों द्वारा सरकार की मंशा को खुली चुनौती है। दोनों विकास खण्डों के दर्जनों ग्राम सभाओं में मनरेगा को भ्रष्टाचार का अड्डा बना लिया है। सरकार गरीब ग्रामीण मजदूरों को कम से कम सौ दिन के रोजगार की गारंटी को प्रतिबद्ध है। मनरेगा कार्य दिवस देकर सरकार ग्रामीण मजदूरों को गांव में रहकर, आमदनी देते हुए, पलायन से रोकना है। तालाबों की खुदाई, चकमार्ग व नाली के खुदाई, खेतों के समतलीकरण आदि में स्थानीय विकास कर्मियों की मिली भगत कर बेलगाम ग्राम प्रधान, मजदूरों से कार्य न कराकर खुलेआम जेसीबी से कार्य करवा रहे हैं। कई ग्राम सभाओं में इसकी शिकायत भी ग्रामीणों द्वारा की गई। किन्तु विभागीय संलिप्तता के चलते मामला रफा दफा कर दिया जाता है। आलम यह है कि, यहां चोर चोर मौसेरे भाई की कहावत सटीक चरितार्थ होती है। अभी हाल में ही पीरोसरैया में चकरोड को ग्राम प्रधान ने जेसीबी से खुदवाकर पटाई करवाना शुरू किया, तो ग्रामीणों के शिकायत पर धनपतगंज खण्ड विकास अधिकारी के हस्तक्षेप पर कार्य रुका। इसी तर्ज पर बल्दीराय के रैंचा ग्रामसभा में प्रधान द्वारा जेसीबी से तालाब खुदवाया गया। जिसकी शिकायत वॉर्ड नम्बर बारह के क्षेत्र पंचायत सदस्य सचिन मिश्र ने बल्दीराय बीडीओ से लिखित किया है।

यह तो मात्र बानगी भर है। दोनों विकास खण्डों के दर्जनों ग्राम प्रधान शासन के मंशा को धोखा देकर, गरीब मजदूरों के हक को हड़पकर सरकारी आदेशों की धज्जियां उड़ा रहे हैं। जिससे सरकार की छवि धूमिल हो रही है। यदि जिले के जिम्मेदार मनरेगा कार्यों को शासन के मंशानुरूप मनरेगा मजदूरों से कार्य करवाने का संकल्प ले लें तो ग्रामीण क्षेत्रों के मजदूरों का महानगरों का पलायन रुक सकता है।

# भव्य रूप से मनाया गया दानवीर भामाशाह का जन्म दिवस

जन एक्सप्रेस । अम्बेडकर नगर

जनपद में दानवीर भामाशाह के जन्म दिवस 29 जून, को राज्य सरकार द्वारा **व्यापारी कल्याण दिवस** के रूप में आयोजन कलेक्ट्रेट परिसर में आयोजित किया गया। सर्व प्रथम जिलाधिकारी अविनाश सिंह, मुख्य विकास अधिकारी अनुराज जैन, अपर जिलाधिकारी डॉ सदानंद गुप्ता तथा व्यापारी बंधु द्वारा दानवीर भामाशाह के जन्मदिवस के शुभ अवसर पर उनकी प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित, माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर नमन किया गया। दानवीर भामाशाह के जन्मदिवस के शुभ अवसर पर भिन्न-भिन्न विभागों राज्य कर विभाग, एम0एस0एम0ई0, नगरीय विकास विभाग, ग्राम्य विकास विभाग, खादी ग्रामोद्योग बोर्ड, समाज कल्याण विभाग, पर्यटन एवं संस्कृति विभाग, सूचना विभाग, श्रम विभाग, ऊर्जा विभाग, एन0आर0 एल0एम0, डूडा, कृषि विभाग, उद्यान विभाग, मत्स्य विभाग, पशु पालन विभाग, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग द्वारा प्रदर्शनी लगाई गई। सूचना विभाग द्वारा दानवीर भामाशाह के जीवन परिचय की अभिलेखीय प्रर्दशनी लगाई गई। लगाई गए प्रदर्शनी का अवलोकन जिलाधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी, अपर जिलाधिकारी, जिला सूचना अधिकारी तथा अन्य अधिकारियों द्वारा किया गया। बिभिन्न विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम किया गया। तथा संस्कृति विभाग से आए हुई कलाकारों द्वारा कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। सहायक आयुक्त जीएसटी द्वारा दानवीर भामाशाह के जीवन परिचय के बारे में विस्तार पूर्वक अवगत कराया गया। जिलाधिकारी द्वारा जनपद अंबेडकर नगर में सर्वाधिक टैक्स जमा करने वाले दो फार्मों खान यार्न ट्रेडर्स, टांडा एवं आर. के. सप्लायर अकबरपुर को भामाशाह पुरस्कार से पुरस्कृत किया गया। इसके अतिरिक्त उद्योग व्यापार मंडल अंबेडकर नगर, अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल अंबेडकर नगर, जनपद ईट निर्माता समिति अंबेडकर नगर एवं संयुक्त व्यापार मंडल अंबेडकर नगर को व्यापारिक क्षेत्र में प्रशंसनीय कार्यों के लिए प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। साथ ही साथ उद्योग विभाग से 10 लाभार्थियों को विभिन्न योजनाओं का ऋण वितरण का डेमो चेक तथा 25 लाभार्थियों को विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना अंतर्गत नाई, दर्जी, ट्रेड में टूल किट एवं जनपद के 15 उद्यमियों को जो इन्वेस्टर समिति में एमओ यू किए थे उनको मोमेंटो प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान मौके पर जनपद के प्रमुख व्यापारी संगठनों के पदाधिकारी, अन्य व्यापारी गण एवं संबंधित विभाग के अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे।

# संस्कृति विभाग ने लगायी भामाशाह पर आधारित अभिलेख प्रदर्शनी, डीएम ने किया अवलोकन

जन एक्सप्रेस । सुलतानपुर



जिलाधिकारी कृत्तिका ज्योत्स्ना की अध्यक्षता व मुख्य विकास अधिकारी अंकुर कौशिक सहित अन्य सम्मानित उद्यमियों/व्यापारियों की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट सभागार में जनपद स्तरीय दानवीर भामाशाह की जयन्ती (जन्म दिवस दिनांक 29 जून, 2024) को 'व्यापारी कल्याण दिवस' के रूप में मनाये जाने हेतु भव्य आयोजन किया गया। जिलाधिकारी और मुख्य विकास अधिकारी सहित अन्य अधिकारियों, व्यापारियों द्वारा भामाशाह के चित्र पर माल्यार्पण व पुष्पार्जन कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। जिलाधिकारी श्रीमती ज्योत्सना के कर कमलो द्वारा जनपद के शीर्ष 02 कर दाताओं-आलोक इन्फ्रा प्रोजेक्ट्स और मोहित पॉलिटेक प्राइवेट लिमिटेड को प्रशस्ति पत्र व भामाशाह पुरस्कार मोमेन्टों देकर सम्मानित किया गया। इसी प्रकार भामाशाह के जीवन पर आधारित निबन्ध प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाले शीर्ष 05 छात्र/छात्राओं-विकास मिश्र, चाँदनी चतुर्वेदी, पूर्णिमा चतुर्वेदी, रेशम सोनी, श्रुति पांडेय को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा उद्योग विभाग के 11 उद्यमियों /निवेशकों को मोमेन्टो देकर सम्मानित किया गया, जिनमें प्राप्तकर्ताओं के नाम निम्नलिखित हैं- अभय सिंह अग्रहरि (स्वाती वूड्स), नवीन कुमार श्रीवास्तव (श्रद्धा इण्टरप्राइजेज), विमला सिंह (बजरंग एग्रो इन्डस्ट्री), अभिषेक कुमार सिंह (कुल्हड़ टी प्रा0लि0), शुभम बरनवाल(मोहित उद्योग), जवाहर लाल यादव आदि को सम्मानित किया गया। जिलाधिकारी व मुख्य विकास अधिकारी ने संयुक्त रूप से अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मण्डल सुलतानपुर के पदाधिकारियों को प्रशस्ति पत्र व मोमेन्टो देकर सम्मानित किया गया। वही जिलाधिकारी ने अपने सम्बोधन में उपस्थित सभी सम्मानित उद्यमियों/व्यापारियों को शुभकामनाएं दी गयी। उन्होंने सभी उद्यमियों/निवेशकों से अपील करते हुए कहा कि दानवीर भामाशाह के जीवन चरित्र से हम सभी को प्रेरणा लेनी चाहिये तथा उनके नैतिक मूल्यों व आचरणों का अनुपालन स्वयं के जीवन में भी अपनाना चाहिये। उन्होंने नये उद्यमियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि आप सब को यहां उपस्थित वरिष्ठ उद्यमियों से बहुत कुछ सीखने को मिलेगा, जिसका लाभ आप सबको अपने व्यापार में मिलेगा। उन्होंने कहा कि भामाशाह के जीवन चरित्र के महत्व को आने वाली युवा पीढ़ी जरूर जानें, हम सबका कर्तव्य है कि हम आने वाली युवा पीढ़ी को भामाशाह के जीवन मूल्यों से अवगत करायें। इसी प्रकार दानवीर भामाशाह की जयन्ती के अवसर पर कई सम्मानित उद्यमियों/निवेशकों द्वारा अपने-अपने विचार व्यक्त किये गये। सभी ने एक स्वर में भामाशाह के जीवन मूल्यों से प्रेरणा लेते हुए राष्ट्र व समाज हित में योगदान देने की बात कही। कार्यक्रम के सफल आयोजन में डिप्टी कमिश्नर राज्य कर शैलेन्द्र त्रिपाठी व जिला पर्यटन एवं संस्कृति अधिकारी डॉ0 धीरेन्द्र कुमार का विशेष योगदान रहा। साथ ही जिलाधिकारी ने आयोजक टीम को सफल आयोजन हेतु बधाई दी गयी। जिलाधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी सहित अन्य अधिकारियों एवं सम्मानित व्यापारियों द्वारा पर्यटन एवं संस्कृति विभाग द्वारा भामाशाह के जीवन चरित्र पर लगायी गयी अभिलेख प्रदर्शनी का अवलोकन किया गया। इसी प्रकार जनपद के सभी तहसीलों में व्यापारिक संगठनों/फर्मों द्वारा भामाशाह के जयन्ती को अवसर पर 'व्यापारी कल्याण दिवस' का भव्य आयोजन किया गया।

# पेपर लीक माफिया सुभासपा विधायक निकला जौनपुर का हिस्ट्रीशीटर

## छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने वाला बन गया विधायक

जन एक्सप्रेस | संतोष कुमार दीक्षित

**जौनपुर।** नीट पेपर लीक होने के बाद जहां पूरे देश के छात्र छात्राएं आंदोलित है और देश व राज्य की सरकारों न्याय की मांग कर रहे हैं तो मोदी सरकार भी मामले की गम्भीरता को देखते हुए पूरे मामले की जांच सीबीआई को सौंप दिया है और सीबीआई देश की विभिन्न जांच एजेंसी के साथ मिलकर कर पेपर लीक माफियाओं की जन्म कुंडली खोज रही है। और मोदी योगी सरकार भी पेपर लीक करने वाले माफिया पर कड़े कानून बना कर नवजवानों बेरोजगार युवकों को न्याय देने का भरोसा दे रही है। और बिपक्ष भी मामले की निष्पक्ष कार्रवाई के लिए सरकार पर भी दबाव बना रही है तो इसी बीच इन दिनों उत्तर प्रदेश के जौनपुर जिले के जलालपुर थाना क्षेत्र के निवासी एवं गाजीपुर जिले के जखनियां विधान सभा के सुभासपा विधायक बेदीराम भी इन दिनों सुर्खियों में छा गए हैं सोशल मीडिया से लेकर



जांच एजेंसियों के जांच पड़ताल में जो चर्चा आम है वह कि रेलवे के बर्खास्त कर्मचारी बेदीराम पेपर लीक का बड़ा माफिया है और इसी पेपर लीक कमाई से बेदीराम बर्खास्त कर्मचारी से विधायक भी बन गया है और परिवार के सदस्य को ब्लाक प्रमुख बनाने के साथ गाजीपुर वाराणसी समेत लखनऊ में बेशकीमती जमीन बना डाला है। वहीं लोगों की मानें तो लखनऊ स्थित जमीन की कीमत करोड़ों में बताया जा रहा है बताया जाता है कि इनके उपर प्रदेश समेत देश के अन्य राज्यों में भी कई आपराधिक मुकदमे पंजीकृत हैं वहीं विधायक बनने के बाद पेपर लीक माफिया विधायक बेदी राम के गृह जिले की पुलिस ने ही इनकी हिस्ट्रीशीट खोली और आज भी जिले के जलालपुर थाने का हिस्ट्रीशीटर है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक हिस्ट्रीशीट 17 A प्रचलित है। जिसको 2022 में तत्कालीन पुलिस अधीक्षक अजय साहनी ने हिस्ट्रीशीट खोली थी।

# जनपद के हाईस्कूल एवं इण्टर मीडिएट परीक्षा में टॉप टेन मेधावी छात्र/छात्राओं को किया सम्मानित



जन एक्सप्रेस | पीलीभीत

शनिवार को जनपद के गॉधी सभागार, में वर्ष 2024 में हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट के राज्य व जनपद स्तरीय मेधावी विद्यार्थियों को जनपद स्तर पर जिलाध्यक्ष संजीव प्रताप सिंह, विधायक बरखेडा प्रतिनिधि हरेन्द्र, जिला पंचायत अध्यक्षा प्रतिनिधि गुरूभाग सिंह एवं जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में जिला विद्यालय निरीक्षक की उपस्थिति में हाईस्कूल के राज्य स्तरीय 01 मेधावी छात्र को रू0 1,00,000.00 (रू0 एक लाख मात्र), एवं जनपद स्तरीय हाईस्कूल के 09 एवं इण्टरमीडिएट के 11 छात्र-छात्राओं को रू0 21,000.00 (रू0 इक्कीस हजार मात्र) 01-01 टेबेलेट, प्रशस्ति पत्र व मेडल देकर सम्मानित किया गया। लोक भवन, लखनऊ से प्रसारित लाइव कार्यक्रम को में माननीय मुख्यमंत्री जी के कर-कमलों से मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किये जाने का लाइव प्रसारण लोक भवन लखनऊ से प्रसारित कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, जिलाधिकारी एवं जनपद स्तरीय अधिकारियों एवं छात्र-छात्राओं व उनके अभिभावकों को द्वारा देखा एवं सुना गया। जिलाध्यक्ष, जनप्रतिनिधियों एवं जिलाधिकारी द्वारा बच्चों को आशीष वचन से सम्बोधित किया गया।

# भामाशाह की दानवीरता व त्याग सभी के लिए प्रेरणा स्रोत: जिलाधिकारी

जन एक्सप्रेस | पीलीभीत

जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह की उपस्थिति में दानवीर भामाशाह के जन्म दिवस के अवसर पर व्यापारी कल्याण दिवस के रूप में गांधी प्रेक्षागृह में मनाया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने दीप प्रज्ज्वलित व मॉ सरस्वती एवं दानवीर भामाशाह के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। इस अवसर पर स्कूली छात्राओं द्वारा सरस्वती वन्दना व स्वागत गीत का गायन किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।






जिलाधिकारी ने दानवीर भामाशाह के दिवस के अवसर पर व्यापारियों को बधाई देते हुए कहा कि देश व प्रदेश की अर्थव्यवस्था में टैक्स के माध्यम से उद्योग कर रहे हैं तथा जनपद में जो उद्योग स्थापित कर रहे हैं वह अपने उद्योग में सफल रहे आपके उद्योग के आसपास छोटे-छोटे भी व्यापारी उद्योग लगाकर बिजनेस कर रहे हैं उन्हें भी लाभ मिल रहा है, तभी भामाशाह के लिए सच्ची श्रद्धांजलि होगी, उन्होंने कहा कि जनपद स्तर पर जिन व्यापारियों को किसी भी प्रकार की समस्याएं होती हैं तो उसका निराकरण तत्काल प्रशासन करता है आप लोग अपने व्यापार को बढ़ाएं और अपनी आय दोगुनी करें, उन्होंने कहा कि भामाशाह जी का जन्म ओसवाल जैन परिवार में हुआ था उनके पिता भारमल कावेडिया रणथंभौर किले के गढपति थे, महाराणा प्रताप के द्वारा भामाशाह के निष्ठा पूर्वक सहयोग से शक्ति का गठन हुआ था इन्होंने कोषाध्यक्ष के रूप में भी कार्य किया था इन्होंने राज्य के कल्याण के लिए अपनी सारी संपत्ति निष्ठा पूर्वक अर्पित कर दी थी भामाशाह का वित्तीय और सैन्य समर्थन भारतीय इतिहास में समर्पण निष्ठा और देशभक्ति का अनुपम प्रतीक है भामाशाह के निष्ठा पूर्ण सहयोग से मुगलों से भीषण युद्ध कर पुनः राज्य प्राप्त किया था।

मुख्य विकास अधिकारी ने दानवीर भामाशाह के जन्म दिवस के अवसर पर व्यापारियों को बधाई देते हुए कहा कि भामाशाह ने महाराणा प्रताप के साथ मिलकर उनकी सहायता किया था उन्होंने जो दान दिया था उससे महाराणा प्रताप ने कई सालों तक अपने सैनिकों को वेतन देते रहे हैं भामाशाह बहुत ही नेक इंसान थे आज व्यापारी कल्याण दिवस जो मनाया जा रहा है और सभी व्यापारियों को सम्मानित किया जा रहा है यह उन्हीं की ही देन है।

उपायुक्त राज्य कर अधिकारी ने बताया कि उत्तर प्रदेश सरकार के मुख्यमंत्री ने पूरे प्रदेश में दानवीर भामाशाह का जन्म दिवस मनाने का जो निर्णय लिया है हम व्यापार मंडल की तरफ से उनकी भूरि भूरि प्रशंसा करते हैं।

उन्होंने मुख्य विकास अधिकारी सहित सभी अधिकारियों एवं व्यापारियों का आभार व्यक्त करते हुए दानवीर भामाशाह के विषय में विस्तृत जानकारी दी गई। इस अवसर पर व्यापार कर में सर्वोच्च करदाता में प्रमुख दो व्यापारी अनिल कुमार अग्रवाल को विशेष प्रशस्ति पत्र दिया गया, एवं विश्वकर्मा सम्मान योजना के तहत प्राची व रज्जो देवी को सिलाई मशीन व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में नोडल अधिकारी हिम्मत सिंह, उपायुक्त उद्योग, जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी, जिला गन्ना अधिकारी, जिला समाज कल्याण अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी, व्यापार मण्डल के पदाधिकारी व व्यापारीगण सहित अन्य उपस्थित रहे।

# एसपी के आदेश पर दो के खिलाफ घर में घुसकर मारपीट का केस दर्ज

जन एक्सप्रेस | जौनपुर

खुटहन थाना क्षेत्र के मोबारकपुर गांव में एक पखवाड़ा पूर्व अवैध रूप से महिला की भूमि कब्जाने की नीयत से उसके घर में घुसकर उसे मारपीट कर घायल कर देने के मामले में पुलिस अधीक्षक के आदेश पर थाना पुलिस ने दो नामजद आरोपितों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। पुलिस दोनों की तलाश कर रही है।

गांव निवासी नादिरा खातून का आरोप है कि बीते 14 जून की शाम लगभग छह बजे रामबरन यादव और आयूष यादव पता अज्ञात,उसके घर पहुंच रिहायशी घर को अपनी जमीन में बताकर उसे खाली करने को कहा। आरोप है कि विरोध करने पर दोनों उसे गालियां देने लगे। यह भी आरोप है कि वह जान बचाकर अपने घर के भीतर भागी तो पीछे से वे दोनों भी घर में घुस गये। लात घूंसो से उसकी पिटाई करने लगे। आरोप लगाया कि घटना की सूचना दूसरे दिन थाने पर दी गई। जहां उसे डांट कर भगा दिया गया। पुलिस अधीक्षक के आदेश पर दोनों आरोपितों के खिलाफ घर में घुसकर मारपीट,जान से मारने की धमकी सहित विभिन्न धाराओं में केस दर्ज कर लिया गया है।

## गोपी कॉलोनी में विवाहिता ने संदिग्ध परिस्थितियों में फासी लगाकर दी जान

**जन एक्सप्रेस/बरखेड़ा।** कस्बा बरखेड़ा स्थित गोपी कॉलोनी में संदिग्ध परिस्थितियों में एक विवाहित महिला सकीना पत्नी पतरे उम्र 22 वर्ष ने संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी लगाकर जीवन लीला समाप्त कर ली ।वही परिजनों द्वारा इसकी सूचना थाना पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची बरखेड़ा पुलिस ने मृतका के शव का पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। पुलिस मामले की जांच कर रही है जानकारी पर बरखेड़ा इंस्पेक्टर राजकुमार सिंह द्वारा बताया गया है कि शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने का इंतजार है।

## मजदूर की पंजाब में इलाज के दौरान हुई मौत, परिवार में मचा कोहराम



**जन एक्सप्रेस/बीसलपुर।** पीलीभीत के मजदूर की पंजाब में सड़क दुर्घटना में मौत होने के मामले में मृतक का शव ग्रह निवास पहुंचने पर कोहराम मच गया। जनपद पीलीभीत के थाना बिलसंडा क्षेत्र के जादमपुर गांव का रहने वाला शैलेंद्र एक दर्जन से अधिक मजदूरों संग मजदूरी करने पंजाब प्रांत के थाना हमजा क्षेत्र के बड़ानांग के एक फार्मर के यहां धान की गड़ाई करने गया था। बताया जा रहा है जिस ट्राली में मजदूर बैठे थे वह रोड क्रॉस कर रही थी। जिसमें बस वाले ने जोरदार टक्कर मार दी। जिससे ट्राली पलट गई। जिसमे शैलेंद्र गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसकी इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम कराया है। वहीं मृतक युवक कश्यप उसके घर पहुंचते ही परिवार वालों का रो-रो कर बुरा हाल है।

# जल जीवन मिशन की गाड़ी को हरी झंडी दिखाकर गांव में किया रवाना

जन एक्सप्रेस | जौनपुर




विकास खंड बदलापुर में राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति विभाग उत्तर प्रदेश जल जीवन मिशन द्वारा नामित संस्था जानकी प्रसाद मेमोरियल रिसर्च एंड एजुकेशनल ट्रस्ट महाराजगंज द्वारा विकासखंड बदलापुर के सभागार में जल जीवन मिशन के अंतर्गत कार्यशाला का आयोजन किया गया प्रशिक्षक योगेश चंद्र शुक्ला और आशुतोष पांडे द्वारा लोगों को दूषित जल से होने वाली बीमारियों के बारे में बताया गया और फंक्शनल हाउसहोल्ड टैप कनेक्शन के उपयोग के बारे में विस्तृत चर्चा की गई जल जीवन मिशन की रूपरेखा को आगे और मजबूत करने के लिए लोगों को जागरूक किया गया।

जिससे सरकार का लक्ष्य समय से पूरा किया जा सके जिसमें विकासखंड के सहायक विकास अधिकारी राम अवध द्वारा प्रधान और पंचायत सहायकों को जल जीवन मिशन की उपयोगिता के बारे में बताया गया और सहायक विकास अधिकारी द्वारा जल जीवन मिशन की टीम की गाड़ी को हरी झंडी दिखाकर गांव में रवाना किया गया। कार्यशाला में टीम के सदस्य राजीव यादव विजय सिंह अंकित यादव अनुज पाल विजय पांडे आदि लोग उपस्थित रहे।

**जौनपुर बेसिक शिक्षा का हाल**

# किसी विद्यालय में 25 अध्यापक तो कहीं एक अध्यापक के सहारे 80 बच्चों का भविष्य

जन एक्सप्रेस | जौनपुर

उत्तर प्रदेश के जौनपुर जिले के मड़ियाहू तहसील क्षेत्र स्थित कम्पोजिट विद्यालय जमुआ में 471 छात्र छात्राओं की कुल संख्या पर अध्यापकों की संख्या 25 है जबकि बेसिक शिक्षा नियमावली के तहत छात्र संख्या के अनुसार अध्यापकों की संख्या मात्र 14 होनी चाहिए जबकि विद्यालय में छात्रों की संख्या के अनुसार 11 अध्यापक अधिक है। वहीं सुईथाकला ब्लाक क्षेत्र के जूनियर हाई स्कूल बिरैली में 80 छात्र छात्राओं की संख्या पर मात्र एक अध्यापक दिनेश सिंह तैनात है बताया जाता है कि पहले यहां छात्र संख्या अधिक थी परन्तु अध्यापक न होने की वजह से छात्र संख्या घट गई फिर भी 80 छात्र छात्राओं की संख्या आज भी बतायी जाती है। उक्त मामले का खुलासा तब हुआ जब मुख्य विकास अधिकारी शीलम साई तेजा एंव बेसिक शिक्षा अधिकारी डा0 गोरखनाथ पटेल जौनपुर ने 28- 29 जून को पूरे जिले भर के परिषदीय विद्यालयों में समर कैंप लगाकर सत्र के प्रथम दिन छात्र-छात्राओं के उपस्थिति के साथ अध्यापकों की उपस्थिति की रैंडम चेकिंग कराई तो जिले भर में 100अध्यापक विद्यालय के पहले दिन ही बगैर किसी सूचना के नदारत रहे तो वहीं मड़ियाहू तहशील के कंपोजिट विद्यालय जमुआ में 471 छात्र छात्राओं में से सिर्फ 25 छात्र छात्राएं उपस्थित रही तो वहां पर तैनात 25 अध्यापक की भी उपस्थिति रही यानी एक छात्र पर एक अध्यापक मौजूद रहे। बहरहाल चेकिंग के दौरान जिले के परिषदीय विद्यालयों के कुल 100 शिक्षक सत्र के पहले दिन ही बगैर सूचना के नदारत रहे जिनका एक दिन का वेतन रोकने के साथ-साथ कारण बताओं नोटिस जारी कर दिया गया है जिससे विभाग में हड़कंप मच गया है।

''अभी जानकारी में नहीं था विद्यालय मे शिक्षक का आवंटन पोर्टल के द्वारा होता है जांच कराकर जिस विद्यालय में काम अध्यापक होंगे उनका समाजयोजन कर दिया जाएगा छात्र संख्या बढ़ाने सभी को निर्देश दिया गया है।' **-डा0 गोरखनाथ पटेल**
जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जौनपुर।

# भाजपा नेता के भाई की पिटाई व फायरिंग मामले की जांच अब क्राइम ब्रांच के हवाले

जन एक्सप्रेस | जौनपुर

**बीते 31 मई को पट्टीनरेंद्रपुर बाजार में घटी थी घटना, तत्कालीन थानाध्यक्ष त्रिवेणी सिंह कर रहे थे घटना की विवेचना**

सरपतहा थाना क्षेत्र के हबीबपुर (नेवादा) निवासी भाजपा नेता राकेश मिश्र के भाई मयंक मिश्र की गत 31 मई को पट्टीनरेंद्रपुर बाजार में दबंगों द्वारा की गई कथित पिटाई व हवाई फायरिंग मामले की जांच अब क्राइम ब्रांच जौनपुर करेगी। राकेश मिश्र ने पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र देकर इसकी मांग की थी।

श्री मिश्र के भाई मयंक मिश्र 31 मई देर शाम पट्टीनरेंद्रपुर बाजार किसी कार्य से आए थे। कथित रूप से पुरानी दुश्मनी को लेकर कुछ दबंग किस्म के लोग मयंक पर हमला कर उनकी पिटाई करने लगे। चीख-पुकार मचने पर जब तक लोग जुटते आरोपित हवाई फायरिंग करते हुए फरार हो गए। घटना के बाद राकेश मिश्र द्वारा थाने पर चार लोगों के विरुद्ध नामजद प्रार्थना पत्र दिया गया। जिसके बाद पुलिस ने पिटाई, धारदार हथियार से हमला व जान से मारने की नीयत से फायरिंग जैसी गंभीर धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया। घटना की विवेचना तत्कालीन थानाध्यक्ष त्रिवेणी सिंह कर रहे थे। लेकिन राकेश मिश्रा ने पुलिस अधीक्षक डा. अजयपाल शर्मा को प्रार्थना पत्र देकर मांग किया कि थानाध्यक्ष मामले में लीपापोती कर सकते हैं अतः जांच किसी अन्य थाने अथवा एजेंसी से कराई जाए। जिसके बाद पुलिस ने जांच क्राइम ब्रांच के हवाले कर दिया।

## बरखेड़ा बजाज हिन्दुस्थान शुगर मे ऐथनाल का प्लांट स्थापित करने से पहले विरोध

**जन एक्सप्रेस/बरखेडा।** बजाज हिन्दुस्थान शुगर मिल लिमिटेड बरखेड़ा में ऐथनाल का प्लांट स्थापित किया जा रहा है ।जिससे आने वाले समय में नगर एवं क्षेत्र में गंभीर बीमारियों के फैलने का खतरा बना हुआ है। इसीलिए आज सुबह 10 बजे दिन रविवार को ब्लॉक प्रांगण बरखेड़ा में एक जनमानस की सर्वजानिक मीटिंग का आयोजन होना है ।वही इस खुली मिटिंग मे ब्लॉक प्रमुख, पूर्व ब्लॉक प्रमुख,वर्तमान चेयरमैन, पूर्व चेयरमैन और नगर व क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों भरी संख्या मे भाग लेकर वार्ता की जाएगी। वह सभी लोग मीटिंग में आकर अपनी राय दें और नगर व क्षेत्र के लोगो को प्लांट स्थापित होने से रोकने के लिए क्या करना चाहिए इस पर मार्गदर्शन करेंगे ।गौरतलब हो की अभी तीन दिन पहले बजाज हिन्दुस्थान शुगर मिल के अधिकारियो और कर्मचारियो ने पीलीभीत डीएम को गुमराह कर गोपनीय तरीके से एक लोक सुनवाई मीटिंग का आयोजन बजाज मिल के प्रांगण किया गया था।

# जौनपुर में बालिका से दुष्कर्म के आरोपी को 20 वर्ष की सजा, 60 हजार रुपए का लगा जुर्माना

जन एक्सप्रेस | जौनपुर

उत्तर प्रदेश में जौनपुर जिले के अपर सत्र न्यायाधीश (पॉक्सो) उमेश कुमार की अदालत ने शनिवार को सात वर्ष पूर्व नाबालिग से दुष्कर्म करने के आरोपी को 20 वर्ष के सश्रम कारावास एवं 60 हजार रुपए जुर्माने से दंडित किया।

सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी राजेश कुमार उपाध्याय ने यह जानकारी देते हुए बताया कि वादी मुकदमा ने सिकरारा थाने में अभियोग पंजीकृत करवाया कि 23 अप्रैल 2017 को उसके पड़ोस में रामायण का आयोजन हुआ था, जिसको सुनने वह अपने पत्नी के साथ गया था। रात 11:00 बजे जब वह अपने घर पहुंचा तो उसकी 14 वर्षीय पुत्री घर पर नहीं थी। वादी उसे खोजते हुए उदय राज मौर्य निवासी ताहिरपुर थाना सिकरारा के ट्यूबवेल पर पहुंचा तो देखा कि उदय राज उसकी 14 वर्षी पुत्री के साथ तख्ते पर दुष्कर्म कर रहा था। दरवाजा खोलते ही उसे धक्का देकर भाग निकला। पुलिस ने आरोप पत्र न्यायालय में प्रेषित किया जहां पर सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी राजेश कुमार उपाध्याय व कमलेश राय ने कुल 8 गवाहों को परीक्षित करवाया।

परीक्षित कराए गए गवाहों के बयान एवं पत्रावली पर उपलब्ध साक्ष्यों के परिशीलन के पश्चात अदालत अपर सत्र न्यायाधीश पॉक्सो उमेश कुमार ने आरोपी उदय राज मौर्य को नाबालिग के अपहरण व दुष्कर्म के मामले में दोषसिद्ध पाते हुए पॉक्सो ऐक्ट के अंतर्गत 20 वर्ष के सश्रम करावास एवं 60 हजार रुपए अर्थदंड से दंडित किया। अर्थदंड की समस्त धनराशि पीड़िता को देने का भी आदेश हुआ।

# राज्य कर विभाग के अधिकारियों द्वारा व्यापारियों के साथ मनायी दानवीर भामाशाह जयंती एवं व्यापारी कल्याण दिवस

**जन एक्सप्रेस/बरखेड़ा।** नगर प्रमुख रेस्टोरेंट जयगुरुदेव होटल पर राज्य कर सहायक आयुक्त भीम एवं राज्य कर अधिकारी संजय भटनागर द्वारा होटल पहुंचकर व्यापारी बंधुओ को दानवीर भामाशाह के राष्ट्र के प्रति समर्पण से अवगत कराया गया।वही उनके द्वारा यह भी बताया गया कि हम सबके लिए सबसे ऊपर हमारा राष्ट्र है। जिस तरह दानवीर भामाशाह ने राष्ट्र के लिए अपनी सारी संपत्ति दान दे दी और राष्ट्र को सर्वोपरि माना। इस तरह हमें भी राष्ट्र को सर्वोपरि मांन के पूरी ईमानदारी के साथ कर जमा करके राष्ट्र हित मे अपना योगदान करना चाहिए। वहीं इस मौके पर उद्योग व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष अशोक गुप्ता द्वारा मौजूद सभी व्यापारियों से पूरी ईमानदारी के साथ पंजीयन कराकर समय से कर जमा करने की अपील की गई। इस अवसर पर उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के जिला उपाध्यक्ष नदीम अंसारी, व्यापारी प्रिंस भारद्वाज, हरीश भारती, शकील अंसारी सहित दर्जनों व्यापारी उपस्थित रहे।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला पोषण समिति की मासिक समीक्षा बैठक हुई संपन्न

जन एक्सप्रेस | पीलीभीत

शनिवार को बाल विकास विभाग की जिला पोषण समिति बैठक जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में गांधी सभागार में संपन्न हुई। बैठक में जिला कार्यक्रम अधिकारी द्वारा बिंदुवार प्रस्तुतीकरण के माध्यम से जिलाधिकारी को विभागीय प्रगति से अवगत कराया गया। जिलाधिकारी द्वारा बिन्दुवार समीक्षा की गई, पोषण ट्रेकर पर लाभार्थियों के वजन, गृह भ्रमण राशन की फीडिंग की गहन समीक्षा की गई। जिलाधिकारी द्वारा गुणवत्तापरक फीडिंग और सतत् निरीक्षण पर जोर दिया गया।

बैठक में जिला कार्यक्रम अधिकारी युगल किशोर सांगुड़ी द्वारा विभागीय प्रगति को प्रस्तुतीकरण के माध्यम से दर्शाते हुए बताया कि जिले ने प्रदेश स्तर पर अपनी रैंकिंग में सुधार किया है।

सूचना वार रैंकिंग के विषय में डीपीओ ने बताया कि जनपद ने वृद्धि निगरानी के कार्य में प्रदेश स्तर पर जनपद का चौथा स्थान, गृह भ्रमण में पांचवा, ग्राम स्वास्थ्य पोषण दिवस आयोजन में आठवां, सामुदायिक गतिविधियों के आयोजन में चतुर्थ एवं राशन वितरण में तृतीय स्थान रहा है। जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि आंगनबाड़ी केन्द्रों में बच्चों की वृद्धि निगरानी हेतु सही



वजन सही लंबाई /ऊंचाई लिया जाना सुनिश्चित किया जाए। जिलाधिकारी द्वारा परियोजना मरौरी, बिलसंडा एवं अमरिया के बाल विकास परियोजना अधिकारियों को पोषण ट्रैकर पर लाभार्थियों की मोबाइल फोन सत्यापित न करने के लिए कारण बताओं नोटिस देने के निर्देश दिए गए।

जिलाधिकारी द्वारा जनपद में चल रही हॉट कुक्ड फूड योजना की समीक्षा की गई। उपस्थित अधिशासी अधिकारियों ,नगर पंचायत एवं नगर पालिका को योजना अंतर्गत बर्तन 15 दिन में बर्तन उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए।

बैठक में सीडीओ धर्मेंद्र प्रताप सिंह, सीएमओ, जिला पंचायत राज अधिकारी, अधिशासी अभियंता आर ई डी, अधिशासी अभियंता जल निगम समस्त अधिशासी अधिकारी नगर पालिका नगर पंचायत, समस्त सीडीपीओ एवं समस्त मुख्य सेविकाएं मौजूद रहीं।

# बाड़े में पड़ा था रक्तरंजित शव, गले पर धारदार हथियार से तीन वार





जन एक्सप्रेस । उन्नाव

युवती की हत्या के मामले में पुलिस को किसी परिचित का हाथ होने का शक है। जांच के दौरान कुछ बिंदु सामने आने पर पुलिस ने दो नजदीकी लोगों को अचलगंज थानाक्षेत्र के एक गांव से उठाया है। पोस्टमार्टम में गले पर धारदार हथियार से तीन वार करने और सांस नली कटने से मौत की पुष्टि हुई है।

उन्नाव जिले में माखी थानाक्षेत्र में गला रेतकर युवती की हत्या कर दी गई। उसका शव घर से 30 मीटर दूर अहाते (बाड़े) में मिला। युवती को रविवार को लड़के वाले देखने आ रहे थे। पुलिस को किसी परिचित पर शक है। दो लोगों को पूछताछ के लिए उठाया है।

माखी थानाक्षेत्र के अमलोना गांव निवासी मोहिनी (22) पुत्री सरदार यादव गुरुवार रात करीब 11 बजे परिजनों के साथ खाना खाने के कमरे में चली गई थी। शुक्रवार सुबह करीब पांच बजे पिता सरदार शौच के लिए घर से करीब 30 मीटर दूर अहाते में बने शौचालय गए, तो वहां बेटी का खून से लतपथ शव देख बेहाल हो गए। सूचना पर एएसपी दक्षिणी प्रेमचंद, सफीपुर सीओ ऋषिकांत शुक्ला पहुंचे। जांच के लिए फोरेंसिक टीम को भी बुलाया गया। पिता ने पुलिस को बताया कि मोहिनी सात-भाई बहनों में सबसे छोटी थी। दो भाई अजय और विजय हैं। चार बहनों की शादी हो चुकी है। शादी के लिए रिश्ता तय हो गया था और रविवार को लड़के वाले उसे देखने आने वाले थे।

### गले पर धारदार हथियार से तीन वार

बेटी की हत्या से मां जनक दुलारी सहित पूरा परिवार बेहाल है। मृतका के बड़े भाई अजय की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज की है। पुलिस को घटना में किसी परिचित का हाथ होने का शक है। जांच के दौरान कुछ बिंदु सामने आने पर पुलिस ने दो नजदीकी लोगों को अचलगंज थानाक्षेत्र के एक गांव से उठाया है। पोस्टमार्टम में गले पर धारदार हथियार से तीन वार करने और सांस नली कटने से मौत की पुष्टि हुई है।

### शक के आधार पर कुछ लोगों से पूछताछ हो रही है

सीओ ने बताया कि अभी हत्या की वजह स्पष्ट नहीं है। देर रात युवती अहाते में क्यों गई थी, वहां किससे क्या बात हुई, जिसके चलते उसकी हत्या कर दी गई। इन सभी बिंदुओं पर जांच की जा रही है। शक के आधार पर कुछ लोगों से पूछताछ हो रही है। परिजनों से भी घटना की जानकारी जुटाई जा रही है।

### इन सवालों के जवाब तलाश रही पुलिस

- अहाते में ऐसा क्या हुआ जिसकी वजह से मोहिनी की गला रेत कर हत्या कर दी।
- रात 11 से सुबह पांच बजे के बीच के छह घंटों के बीच क्या हुआ।
- प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने के बाद भी मोहिनी के पास मोबाइल फोन न होना गले नहीं उतर रहा है।
- पुलिस को शक है कि मृतका के परिवार वाले कोई बड़ी बात छिपा रहे हैं जिसके चलते उसकी हत्या की गई।

### पढाई में तेज थी मोहिनी

सात भाई बहनों में सबसे छोटी मोहिनी पढ़ाई में काफी तेज थी। वह प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रही थी। उसने पुलिस भर्ती की भी परीक्षा दी थी। इसके अलावा अग्निवीर व अन्य विभागों में नौकरी के लिए तैयारी कर रही थी।

### बदरका गांव में तय हो रही थी शादी

मोहिनी की शादी अचलगंज के बदरका में तय हुई थी। बातचीत भी पूरी हो गई थी। रविवार को लड़के व उसके कुछ रिश्तेदारों को लड़की देखने के लिए अमलोना आना था। उसी सिलसिले में शुक्रवार को युवती के परिजनों को लड़के वालों से बातचीत करने जाना था। लेकिन उससे पहले ही युवती की हत्या हो गई।

### 48 घंटे में नहीं हुआ खुलासा तो देंगे धरना

आजाद समाज पार्टी के लखनऊ मंडल के अध्यक्ष अरविंद राजवंशी ने कहा कि मृतका का भाई विजय यादव उनकी पार्टी में सदर विधानसभा अध्यक्ष हैं। उसकी बहन की हत्या हुई है। उन्होंने पुलिस को 48 घंटे में खुलासे का समय दिया है। कहा कि इसके बाद भी खुलासा नहीं होता तो पार्टी के पदाधिकारी धरना देंगे।

# जिले के बारह हजार घरों में सोलर से होगी रोशनी: डीएम

जन एक्सप्रेस । कन्नौज



जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट गांधी सभागार में गोशाला और जनपद स्तरीय सोलर प्रकोष्ठ समिति के संबंध में बैठक सम्पन्न हुयी।

जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद में कुल 165 गौशालायें संचालित हैं, भूसा क्रय करके सभी गौशालाओं में पर्याप्त रुप से पहुंच चुका है। अब नैपियर घास बुआई का सीजन है, मौसम अच्छा है नैपियर घास की बुआई ज्यादा से ज्यादा की जाये। उन्होने निर्देश दिये कि जितनी भी गौशालायें है फुल कैपीसिटी में न भरी जायें। 15 से 20 प्रतिशत कैपीसिटी खाली होनी चाहिये। यदि किसी गौशाला में ज्यादा गोवंश है तो उन्हे दूसरी गौशालाओं में शिफ्ट किया जाये। उन्होने निर्देश दिये कि निर्माणाधीन गौशालाओ को जल्द संचालित किया जाये, के साथ ही उन ग्राम पंचायतो का चिन्हांकन किया जाये जहां पर निराश्रित गोवंशो की समस्या है। जिससे वहां के निराश्रित गोंवशो को पकड़कर गौशालाओ में संरक्षित किया जा सके। उन्होने मुख्य पशु चिकित्साधिकारी को निर्देश दिये कि बरसात का मौसम आ गया है, छुट्टा जानवर सड़को पर आ जाते है उन्हे अभियान चलाकर गोशालाओ में संरक्षित किया जाये। प्राथमिकता में लेकर वैक्शीनेशन का कार्य शतप्रतिशत किया जाये, जिससे पशुओं में बीमारी न फैलने पाये। जिन डाक्टरो को गौशालायें आवंटित है वह समय-समय पर विजिट करते रहें और जो समस्या आये उसका निदान भी करें। टीकाकरण की प्रगति बढ़ाई जाये। कृत्रिम गर्भाधान लक्ष्य के सापेक्ष पूर्ण किया जाये। हाइवे के किनारे सभी ग्राम पंचायतो में गौशालाये होना चाहिये।

श्री शुक्ल ने कहा कि प्रधान मंत्री ने फरवरी 2024 में पीएम सूर्य घर योजना को लागू की है। जनपद कन्नौज में 12 हजार घरों को आच्छादित किये जाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इस योजना के माध्यम से लोग व्यक्तिगत अपने घरों प्लांट लगाकर बिजली सुविधाएं प्राप्त कर सकते है। कहा कि सोलर रुफटॉप संयंत्रो की स्थापना हेतु प्रति किलोवॉट 10 वर्गमीटर छाया रहित छत की आवश्यकता होती है। 01 किलोवॉट के रुफटॉप संयंत्र से औसतन प्रतिदिन 4-5 यूनिट बिजली का उत्पादन होता है। एक से दस किलोवॉट क्षमता के संयंत्र का अनुमानित मूल्य लगभग रु0 60 से 65 हजार प्रति किलोवाट के मध्य आता है।

पीएम सूर्य घर योजना के तहत कोई भी उम्मीदवार जो अपनी योग्यता की पुष्टि करके सोलर पैनल लगाते हैं तो एक किलोवाट सोलर सिस्टम लगाने में केन्द्र सरकार 30 हजार रुपये व उत्तर प्रदेश सरकार 15 हजार रुपये की सब्सिडी प्राप्त कर सकते हैं। ठीक इसी क्रम में एक किलोवाट से अधिक किलोवॉट का सोलर सिस्टम लगाते है तो मानक के अनुसार केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा सब्सिडी प्राप्त कर सकते हैं। योजना का लाभ प्राप्त करने हेतु नेशनल पोर्टल पर ऑनलाइन कर सकते हैं।

उन्होने बताया कि प्रक्रिया को सरल बनाने के लिये भारत सरकार द्वारा मोबाइल ऐप भी विकसित किया गया हैं, जिस पर आवेदन किया जा सकता है। बैठक मुख्य विकास अधिकारी श्री राम कृपाल चौधरी, जिला विकास अधिकारी नरेन्द्र देव द्विवेदी सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# फसल की रखवाली कर रहे वृद्ध की हत्या




### धारदार हथियार से गर्दन और सिर पर वार, जांच में जुटी पुलिस

जन एक्सप्रेस । उन्नाव


फतेहपुर चौरासी थाना क्षेत्र में फसल की रखवाली कर रहे वृद्ध की धारदार हथियार से हत्या कर दी गई। सूचना पर पहुंची पुलिस और फोरेंसिक टीम ने जांच शुरू की है।

उन्नाव जिले में फतेहपुर चौरासी थाना क्षेत्र के गांव मन्नानगर में खेत में फसल और मवेशियों की रखवाली कर रहे किसान बुधई (70) की हत्या कर दी गई। किसान को शुक्रवार रात धारदार हथियार से गर्दन और सिर पर वार कर मारा गया है। शनिवार सुबह अपने-अपने खेत जा रहे ग्रामीणों ने चारपाई पर उसका लहूलुहान शव देखा। घटना के बाद ग्रामीणों की भीड़ लग गई।

हत्या की सूचना पर थाना पुलिस के साथ फोरेंसिक टीम भी पहुंची। वहीं, एसपी दक्षिणी प्रेमचंद और सीओ ऋषिकांत शुक्ला ने भी मौके पर पहुंचकर जांच की।

मामले में परिजन अभी हत्या के पीछे का कारण नहीं बता पा रहे हैं। पुलिस परिजनों और ग्रामीणों से जानकारी जुटाने का प्रयास कर रही है। कार्यवाहक एसओ विष्णु दत्त ने बताया कि वृद्ध की हत्या हुई है। गांव से करीब दो किलोमीटर दूर खेत में शव मिला है। मामले की जांच की जा रही है।

# सड़क किनारे खंती में मिला किसान का शव



जन एक्सप्रेस । उन्नाव

**सफीपुर।** बरौकी-पलटाखेड़ा मार्ग किसान सड़क किनारे खंती में मृत मिला। कुछ ही दूरी पर उसकी बाइक खड़ी मिली है। जांच में उसके दाहिने कंधे में चोटें भी पाई गई हैं। पुलिस हादसे में मौत की आशंका जता रही है। आसीवन थानाक्षेत्र के गांव जमालापुर निवासी इनाम सिंह उर्फ बुंदेला (35) पुत्र लालबहादुर गुरुवार दोपहर बाइक लेकर घर से निकले थे। इसके बाद वह घर नहीं लौटे। रात करीब नौ बजे उनका शव बरौकी-पलटाखेड़ा मार्ग पर पलटाखेड़ा गांव के पास खंती में पड़ा मिला है। पुलिस ने जांच की। जेब में मोबाइल मिलने से परिजनों को सूचना दी। वह खेती कर परिवार का पालन पोषण करते थे। पति की मौत से पत्नी रेनू और दो बेटियां बेहाल हैं। थानाध्यक्ष ज्ञानेंद्र सिंह ने बताया कि जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# जले भू अभिलेख वाले ग्रामों के रिकार्ड बनाने में तेजी लाने के निर्देश

जन एक्सप्रेस । कन्नौज



जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट गांधी सभागार में जले हुये गांव के भू-अभिलेख बनाने, रिकॉर्ड ऑपरेशन ग्राम (सर्वे) एवं मनरेगा और स्वच्छ भारत मिशन के संबंध में बैठक सम्पन्न हुयी।

जिलाधिकारी ने कहा कि 499 ग्राम पंचायतो के सापेक्ष 477 अमृत सरोवर बनाने हेतु चिन्हित किया गया है जिसमें 202 अमृत सरोवर का कार्य पूर्ण हो चुका है। शेष अमृत सरोसर का कार्य यथाशीघ्र पूर्ण किया जाये। उन्होने निर्देश दिये कि 86 उचित दर दुकान मॉडल शॉप के सापेक्ष 39 दुकान मॉडल शॉप का कार्य पूर्ण हो चुका है, शेष 47 मॉडल शॉप दुकानो में तेजी लाकर कार्य को पूर्ण किया जाये। उन्होने जल और जंगल से जुड़े कार्यों के संबंध में खण्ड विकास अधिकारियों को निर्देश दिये कि एनआरएम एक्टीविटी/प्लानटेशन वृहद स्तर पर बढ़ाये जायें। उन्होने कहा कि जो श्रमिक कार्य कर रहे हैं उन्हे एनएमएमएस एप के माध्यम से आनलाइन किया जाये।

उन्होने ठोस अपशिष्ट प्रबन्धन के अन्तर्गत शत-प्रतिशत परिवारो के घरो से कूड़ा कलेक्शन मे रुचि न लेने पर समस्त खण्ड विकास अधिकारियों को फटकार लगाते हुये निर्देश दिये कि जिम्मेदारी के साथ कार्य करें। जिला पंचायत राज अधिकारी के साथ समन्वय स्थापति कर स्पीड पकड़कर कार्य को पूर्ण करें। लोगो के साथ अच्छा व्यवहार करें। कूड़े उठाने हेतु गाड़ियो की संख्या और बढ़ाई जाये।

मौके पर जाकर लोगो से बात करें। मीटिंग कर कूडे उठान से होने वाले फायदो के विषय में बताये और इसमें रोजगार के भी अवसर है लोगो को अवगत करायें। उन्होने निर्देश दिये कि गांव में कितने परिवार है और परिवार में कितने सदस्य है, गांव में कूडे उठान हेतु कितनी गाड़िया चल रही हैं लिस्टवाइज सूची बनाकर समय से उपलब्ध करायें। कूड़े उठान से लेकर कूड़े का डिस्पोजल तक सभी लोग मिलकर कार्य करें। एडीओ पंचायत तीव्र गति से कलेक्शन बढ़ाये। गांव के मुख्यमार्ग में नाली इस तरह बनायी जाये कि नाली में पानी का ठहराव न होने पाये।

उन्होने हाउस होल्ड सेचुरेशन हेतु सखी एप (लोकेश) पर वित्तीय वर्ष 2024-25 के अन्तर्गत वार्षिक लक्ष्य 13440 के सापेक्ष माह जून तक 3077 पूर्ति होने और समूह के खाता 2287 लक्ष्य के सापेक्ष माह जून तक 395 पूर्ति होने पर निर्देश दिये कि कैम्प लगाकर खाते खोला जाये। लक्ष्य के सापेक्ष सभी कार्य पूर्ण होने चाहिये। उन्होने 35 जले हुए ग्रामों के अंतर्गत वर्तमान में अभिलेख बनाए जाने के कार्य की जानकारी लेते हुए कहा कि किसान बहुत परेशान हो चुके है अब उन्हे और परेशानियों का सामना न करना पड़े, अभिलेख बनाने की प्रक्रिया में तेजी लायी जाये।

गांव वाले पूर्ण रुप से सहयोग करने को तैयार हैं, अब हमारा भी दायित्व है कि गांव वालो को कागज समय से दें। फील्ड में जाकर कार्य करें और चको का मौके के अनुसार भू चित्र पर चक निर्माण कार्य तीव्र गति के साथ करे। उन्होंने निर्देश दिए कि पूर्व में जिन गांवों में खतौनी का कार्य पूर्ण किया जा चुका है वैसे ही शेष गांवो में खातों की खतौनी तस्दीक के कार्य को समय से पूर्ण किया जाए।

उन्होने निर्देश दिये कि रिकॉर्ड ऑपरेशन ग्राम सर्वे के अंतर्गत गाँवो के सर्वेक्षण एवं अभिलेख प्रक्रिया के सर्वे का कार्य तीव्र गति के साथ किया जाये। बैठक में अपर जिलाधिकारी आशीष कुमार सिंह, मुख्य विकास अधिकारी राम कृपाल चौधरी, जिला विकास अधिकारी नरेन्द्र देव द्विवेदी, उप जिला अधिकारी न्यायिक नवनीता राय सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# ग्रामीण नारेबाजी करते रहे, जेई कमरे से भी नहीं निकले

जन एक्सप्रेस । उन्नाव

**नवाबगंज।** निर्बाध बिजली आपूर्ति न मिलने से परेशान ग्रामीणों ने अजगैन बिजली उपकेंद्र पर प्रदर्शन किया। ज्ञापन देने पहुंचे ग्रामीण नारेबाजी करते रहे और जेई कमरे से भी नहीं निकले। जेई की कार्यशैली पर ग्रामीणों ने एसडीओ से शिकायत की। इसके बाद जेई ने ज्ञापन लिया।

अजगैन बिजली उपकेंद्र से जुड़े क्षेत्रों में पर्याप्त बिजली आपूर्ति नहीं हो रही है। इससे ग्रामीण परेशान हैं। शुक्रवार को जैतीपुर के ग्रामीण ओबीसी महासभा के बैनर तले अध्यक्ष सुनील कुमार लोधी की अगुवाई में उपकेंद्र का घेराव करने पहुंचे। ग्रामीणों ने बताया कि भीड़ देखकर अवर अभियंता अपने केबिन से बाहर नहीं निकले। लोग बाहर नारेबाजी करते रहे। जबकि अधिकारी कुर्सी पर बैठे रहे। इसके बाद लोगों ने उपखंड अधिकारी रुद्रप्रताप को फोन किया। इसके बाद एसडीओ ने फटकार लगाई। तब कहीं जाकर अवर अभियंता आशुतोष तिवारी कक्ष से बाहर आए और ग्रामीणों से ज्ञापन लेकर जल्द आपूर्ति में सुधार का आश्वासन देकर ग्रामीणों को लौटा दिया।

### रोडवेज बस और ऑटो की आमने-सामने भिड़ंत, तीन लोगों की मौत और तीन गंभीर

जन एक्सप्रेस । उन्नाव। बांगरमऊ कोतवाली क्षेत्र में रोडवेज बस की टक्कर से ऑटो सवार तीन लोगों की मौत हो गई। उन्नाव जिले के गंजमुरादाबाद में कानपुर जा रही हरदोई डिपो की बस की टक्कर से ऑटो सवार तीन यात्रियों की मौत हो गई, जबकि तीन की हालत गंभीर है। बांगरमऊ कोतवाली क्षेत्र में हरदोई-उन्नाव मार्ग पर गंजमुरादाबाद कस्बे के मरी कंपनी मोड़ पर हरदोई से कानपुर जा रही रोडवेज बस और मल्लावां जा रहे ऑटो में आमने-सामने टक्कर हो गई। हादसे के वक्त ऑटो एक ट्रैक्टर-ट्रॉली को ओवरटेक कर रहा था और मोड़ की वजह से सामने से आ रही बस को देख नहीं पाया।

# महिला कवि सम्मेलन में कवियत्रियों ने शमां बांधा



जन एक्सप्रेस । कन्नौज

महिला विकास केन्द्र के स्वर्ण जयंती वर्ष में चल रहे आयोजनों में महिला कवि सम्मेलन आठवीं शताब्दी के बाबा कालेश्वर नाथ मंदिर सिखाना में सम्पन्न हुआ।

संस्था की अध्यक्षा मधू शुक्ला की अध्यक्षता व एस.डी. इंटर कॉलेज की प्रधानाचार्या रीना कन्नौजिया के मुख्य आतिथ्य में दो घंटे से ऊपर चले कवि सम्मेलन में श्रोताओं ने तालियों कि गड़गड़ाहट में मंत्र - मुग्ध होकर काव्य पाठ का आनंद लिया। कानपुर से पधारी अंजना बाजपेई ने अपने मैं तो थी बांस की बेजान सी लकीर अधरो से तूने छूकर बंशी बना दिया सहित राजनीति व राम पर रचना सुनाकर श्रोताओं की तालियां बटोरी। छिबरामऊ से पधारी दीपमाला शाक्य ने तरन्नुम में गीत पढ़कर वाहवाही लूटी जब कि बेटियों कि रचना ने वातावरण को गंभीर बना दिया।

### कहां गया वो, प्यारा प्यारा सा बचपन, दौड़ भाग और, आंख मिचौली से गूंजे आंगन।

कवियत्री साधना यादव ने आज कहूंगी मै खुद को, आज पढ़ूंगी मै खुद को जैसे गीत और मुक्तक पढ़कर श्रोताओं का प्यार बटोरा। कवियत्री कल्पना भट्ट ने अपनी रसमय वाणी से मन शीतल तन शीतल पावस की बयार शीतल-भर देती जो प्रेम कलश प्रीति वाणी से सरल सुनाकर श्रोताओं को आनंदित किया। कार्यक्रम का सफल संचालन कर रही अंजू दीक्षित की वाणी वंदना से शुभारम्भ हुए कार्यक्रम में आपका यह गीत का काफी सराहा गया

### मेरा मन कुछ ऐसा सोचे मन को छूता गीत लिखूं, मर्यादा की डोर में बंधकर आसमान में उड़ती फिरूं

मुख्य अतिथि ने सभी कवित्रियों का शाल, पट्टिका उढ़ाकर माला पहनाकर कन्नौज की सुगंध, बाबा का चित्र व सदसाहित्य प्रदानकर सम्मानित किया। अपने संबोधन में मुख्य अतिथि रीना कन्नौजिया ने सभी कवित्रियों के काव्य पाठ की सराहना करते हुए कहा कि मै 11 वर्ष से कन्नौज में हूं कई कवि सम्मेलन कन्नौज में हुए मगर मेरे संज्ञान में यह पहला महिला कवि सम्मेलन है जिनमें इन पंच कवित्रियों ने रसमय वाणी से आज के आयोजन को स्मरणीय बना दिया। इस अवसर पर महामंत्री अनीता सक्सेना, उपाध्यक्ष ममता दुबे, संयोजक कांति सैनी, सुमन तिवारी, गुरुकुल एकड़ेमी इंटर कॉलेज की प्रधानाचार्या मोनिका श्रीवास्तव ने सभी अतिथियों का स्वागत अभिन्नदन किया। आभार अध्यक्ष मधु शुक्ला ने व्यक्त किया।

# जनपद के हाईस्कूल एवं इण्टरमीएट के 35 मेधावी छात्र-छात्राओं को किया गया सम्मानित

जन एक्सप्रेस । कन्नौज




प्रदेश के समाज कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरूण ने कलेक्ट्रेट गांधी सभागार में मेधावी छात्र/छात्राओं के सम्मान समारोह का शुभारम्भ मां सरस्वती की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित एंव दीप प्रज्जवलित कर किया। उन्होनें आयोजित कार्यक्रम के दौरान कहा कि जनपद के 35 छात्र/छात्रायें, जिसमें हाईस्कूल के 15 एवं इण्टरमीडियेट के 20 बच्चे, जिन्होंने प्रदेश में स्थान पाकर जनपद का नाम रोशन किया को सम्मानित किया गया है। उन्होने कहा कि प्रदेश स्तर पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा जनपद के सरस्वती विद्या मंदिर इण्टर कालेज, तिर्वा, में अध्ययनरत हाईस्कूल के विद्यार्थी अंशू पिता राम नरेश एवं इंटरमीडियेट के अनिकेत शर्मा पिता अनूप कुमार शर्मा को रु0 एक लाख (डी0बी0टी0के माध्यम से तथा समारोह में सांकेतिक चेक), एक टैबलेट, प्रशस्ति-पत्र एवं मेडल देकर सम्मानित किया गया है। इसी प्रकार शेष 33 बच्चो को जनपद स्तर पर सम्मानित किया गया ।

श्री अरूण ने कहा कि बच्चो को रास्ता दिखाने में शिक्षक एवं माता-पिता की मुख्य भूमिका होती है। बच्चे दो पहलू से काबिल बनते है जिसमें माता-पिता के संस्कार एवं जिस विद्यालय ने अच्छी शिक्षा दी है। जिस विद्यालय के बच्चो ने उत्तीर्ण होकर जनपद का नाम रोशन किया है निश्चय ही उस विद्यालय की टीम लगन के साथ शिक्षण पर ध्यान दे रही है, जो सराहना के पात्र हैं। शिक्षा ही हम सबका का भविष्य है, नौकरी, बिजनेस आदि जो भी करना चाहे वह सब शिक्षा पर ही निर्भर है। शिक्षा ही समानता पैदा करती है। असमानतायें दुनियां की पैदाइस है लेकिन इसको दूर करने का काम शिक्षा करती है। बेसिक ज्ञान बच्चो का मजबूत हो उसके लिये अच्छे कार्य किये जा रहे हैं। आधुनिक तकनीकी के माध्यम से दूर-दराज में रहने वाले शिक्षक अच्छी शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं।

कहाकि छिबरामऊ में सर्वोदय विद्यालय की नीवं रखी गयी है जो दो से तीन वर्ष मे बनकर तैयार हो जायेगा, जो अवासीय विद्यालय है। सरकार बच्चो और युवाओं के लिये निवेश करने को तैयार है। सब परिश्रमी बच्चे है, अपना दिमाग इधर-उधर न भटकाकर ध्यान को केन्द्रित रखे, निश्चित ही अपनी मंजिल तक पहुचेगें।

विधायक तिर्वा कैलाश राजपूत ने कहा कि जनपद के मेधावियों का प्रर्दशन सराहनीय है, जिन्होनें प्रदेश के साथ जनपद का नाम भी रोशन किया है। मै इन विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना करता हूॅं। जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल ने कहा कि हाईस्कूल एंव इण्टरमीडिएट के विद्यार्थियों ने अच्छा परिणाम हासिल किया है। कन्नौज के 35 बच्चे सम्मानित हुये। इसमें शिक्षकों का बहुत बड़ा योगदान रहा है सभी शिक्षकों एंव मेधावियों को बहुत-बहुत बधाई।

कार्यक्रम के दौरान पार्टी जिलाध्यक्ष वीर सिंह भदौरिया, अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) आशीष कुमार सिंह, जिला विद्यालय निरीक्षक डा0 पूरन सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी उपासना रानी वर्मा, आदि संबंधित अधिकारी एंव मेधावी छात्र/छात्राये तथा उनके परिजन उपस्थित रहे।

# टेंपो स्टैंड की उपलब्धि किदवई नगर की ग्रीन बेल्ट

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

किदवई नगर चौराहे के दोनों ओर 100 मीटर तक सड़क के किनारे विगत दस वर्ष से अधिक समय से कानपुर टेम्पो-टैक्सी सेना समिति के द्वारा युद्ध स्तर पर किये गए वृक्षारोपण के कारण उक्त सथल को नगर निगम के उद्यान अधिकारी द्वारा टैम्पो टैक्सी महासंघ द्वारा विकसित ग्रीन बेल्ट के रूप में स्वीकार किया गया है। यह जान?कारी देते हुए कानपुर टैम्पो ऐक्सी महासंघ के अध्यक्ष राम गोपाल पुरी ने बताया कि उक्त स्थल का प्रयोग एक दशक से अधिक समय से टेम्पो स्टेण्ड के रूप में किया जा रहा है। उक्त स्थल के रक्षार्थ नगर निगम द्वारा चारदीवारी का भी निर्माण कराया गया है। नगर निगम के उद्यान अधिकारी संजय सिंह ने उक्त स्थल पर आयोजित एक वृक्षारोपण कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए यह बताया कि नगर निगम की बेबसाइट पर यह स्थल टेम्पो स्टैण्ड के रूप से उल्लेखित है। अध्यअ श्री पुरी के अनुसार समिति के वाहन चालकों के प्रयासों से निमित इस स्थल पर जिन्होंने कभी एक गिलास पानी नहीं डाला वे वैध व अवैध कुच्छो जैसी के बुनियाद बातें करके अपना चेहरा चमकाने की कुचेष्टा कर रहे हैं।




# 'चाय का मानव शरीर पर असर'

जन एक्सप्रेस। विशेष



डॉ. लियाकत अली मंसूरी

भारत में जहां चाय का प्रयोग मेहमानों के स्वागत , धार्मिक अनुष्ठानों , सामाजिक समारोहों में बहुतायत से किया जाता हैं वहीं चाय के कुप्रभाव और सुप्रभाव से लोग उतने ही अनजान भी हैं।
दुनियां में आज के दौर में पानी के बाद चाय ही सबसे लोकप्रिय पेय पदार्थ हैं। भारत में चाय पहली बार सन् 1834 में अंग्रेज लेकर आए थे जबकि भारत के असम में पहले से ही जंगली झाड़ी के रूप में पैदा होती थी । एक बार सन् 1815 में अंग्रेजों की नजर असम की इन झाड़ियों पर पड़ी। असम के स्थानीय कबाइली लोग इसके पेय बना कर पहले से ही पीते थे । एक बार चीन के सम्राट शैन नुंग ने उबले पानी में कुछ पत्तियां गिरने से पानी का रंग गहरा होता देखा और उस पानी की चुस्की ली , उसका स्वाद उन्हें काफी पसंद आया बस यहीं से चाय का सफर शुरू हुआ यानि चाय का जन्म स्थान चीन हुआ। आज चीन ही सबसे से बड़ा चाय का भी उत्पादक है। चाय शब्द भी चाइनीज ही हैं। चाय का वनस्पति नाम कैमेलिया साइनेंसिस है ये सदाबहार झाड़ी है।
**चाय का रासायनिक नाम:** इसका रासायनिक नाम ट्रोलामाइन जिसे ट्राई एथेनॉल माइन है इसमें एक तृतीयक अमीन और एक ट्रायोल है यानि यह द्विक्रियात्मक यौगिक है जो एल्कोहोल और अमीन दोनों के गुण प्रदर्शित करता है। इंग्लैंड में 21 अप्रैल को राष्ट्रीय चाय दिवस महारानी एलिजाबेथ के जन्म दिन पर मनाया जाता हैं।
**चाय के प्रकार:** वैसे तो आजकल कई तरह की फ्लेवर में चाय उपलब्ध हैं लेकिन दो तरह की चाय का ज्यादा चलन का ही जिक्र करते हैं।
**काली चाय में चाय पत्तियों का प्रयोग:** पानी में चाय की पतियों के साथ तुलसी के दो पत्ते, आधा नींबू रस, शहद या गुड़ (अगर शुगर हो तो नहीं मिलाए), दो गुलाब की पंखुड़ी, दो काली मिर्च ( अल्सर हो तो नहीं मिलाए) और चिमटी भर सेंधा नमक (रक्त चाप अधिक होने पर कम डाले) , अदरक, हल्दी , पांच अनार दाने, चिमटी भर दालचीनी डाल कर अच्छी तरह उबाल कर छान कर हल्की गुनगुनी पी जाती हैं। इसे काली चाय के नाम से जाना जाता हैं यह स्वाद में हल्की कड़वी और कसैली होती हैं ।
**सफ़ेद चाय में चाय पत्तियों का प्रयोग:** दूसरी सफ़ेद चाय जिसमें चाय की पत्ती के साथ दूध , चीनी और कुछ अन्य चीजें मिला कर उबालने से बनाई जाती हैं जो टेस्टी तो लगती हैं मगर दूध के साथ चाय के पोषक तत्व पॉलीफेनोल्स और कैटेकिन्स के साथ फंस कर उन्हें आंतों से अवशोषित नहीं होने देते हैं और कुछ तो आंत की बाहरी और एक परत बना लेते हैं और कुछ शरीर के बाहर मल के साथ निकल जाते हैं जिससे शरीर में पानी की कमी हो जाती हैं। इसी लिए दूध वाली चाय खाली पेट में ज्यादा नुकसान करती हैं।
**चाय पत्तियों के घटक:** चाय पत्ती में कैफ़ीन, थियोब्रोमाइन, थियोफिलाइन, एल थीनाइन, टैनिन, कैटेचिन,थियोफ्लेविन, गैलिक एसिड, क्लोरोजेनिक एसिड, एलाजिक एसिड, कैंपफेरोल जी , कई विटामिन्स होते हैं जैसे कि विटामिन सी, फ्लेवोनॉयड्स, पॉलीफेनोल्स आदि तत्व होते हैं जो हमारे मस्तिष्क पर महत्पूर्ण उपयोगी प्रभाव डालते हैं साथ ही उत्साह, आराम की भावना पैदा करते है इसीलिए चाय पीने से नींद आती हैं। हिन्दी में चाय को क्षीर, नीर, उष कहते हैं , ज्यादा चाय पीने वाले को चहेडी कहते हैं।
**काली चाय के कितने फायदे:** इसमें कई औषधीय गुण होते हैं जो स्वास्थ्य के लिए दवा का काम करती हैं इसमें नींबू रस डालने से मृत कोशिकाओं को हटाने और फिर से जीवंत करने का कार्य करती हैं त्वचा को बेहतर निखार देकर स्वस्थ रखती हैं। चाय में उपस्थित विटामिन बी, सी और ई के साथ साथ मैग्नीशियम, पोटैशियम और जिंक जैसे खनिजों और आवश्यक पोलीफेनॉल और टैनिन त्वचा को स्वस्थ रखने में मदद करती हैं, बालों के विकास , काले और घने करने में लाभकारी,इसमें इन्फ्लेमेटरी गुण होने से सुजन, मोटापा ,मुंहासे, एक्जीमा को सही करती है , सुस्ती को दूर भगाती है और ताजगी का एहसास दिलाती हैं। इन्द्रियों को भी तरोताजा करती हैं, घबराहट कम करती हैं, यह तनाव को दूर करती हैं , यह पुरानी बीमारियों को सही करने में और नींद भी अच्छी देती हैं , पाचन शक्ति के रूप में, बुखार में, वजन को नियंत्रित करने में , इसे पीने के बाद मुंह से बदबू नहीं आती हैं, रक्त चाप कम करके स्ट्रोक का खतरा कम करती हैं, अल्जाइमर और पार्किनसन्स जैसे रोगों में राहत देती हैं, चिंता और अवसाद में राहत देती हैं, शरीर में बुरे कॉलेस्ट्रॉल को कम करती हैं, इसके खनिज और विटामिन्स शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली को मजबूत करते हैं और मधुमेह के स्तर को कम करके रोगी को शक्ति देती हैं, समय से पहले बुढ़ापे के लक्षणों को कम करती हैं,रक्त चाप को कम करती हैं, थियाफलेविन और थेरुबिगिन्स होते हैं जो एंटीऑक्सीडेंट का कार्य करते हैं, एल थेनाइन प्राकृतिक रूप से उत्तेजकता देता हैं। यह कैंसर से बचाती हैं। काली चाय में मौजूद फ्लेवोनॉयड्स आंत की चर्बी और ट्राइग्लिसराइड के स्तर को कम करके फिटनेस को बनाए रखती हैं,चाय का उपयोग खाद्य पेय पदार्थों के रूप में, कॉस्मेटिक उत्पादों को बनाने में, सांस्कृतिक और सामाजिक रस्मों में पेय के रूप में प्रयोग की जाती है।
**अधिक काली चाय के नुकसान:** काली चाय के ज्यादा इस्तेमाल से दस्त लगते है हड्डियां भंगुर ( ओस्टियोपोरोसिस ) हो जाती हैं, मूत्र में कैल्शियम की मात्रा बढ़ सकती हैं , ज्यादा पीने से डाइहाइड्रोटेस्टोस्टेरॉन हॉरमोन को कम करके उत्तेजकता और बाल के विकास रोकने लगते हैं।
**सफ़ेद दूध की चाय से कितने नुकसान:** ज्यादा चाय पीने से मौजूद टैनिन आयरन को अवशोषित करने को रोकती हैं, और चिन्ता और अवसाद को बढ़ाती हैं, जी मिचलाना, बैचैनी, अनिद्रा, थकान,सीने में जलन करती हैं , इसकी लत पड़ने पर सिर दर्द , शरीर में पानी की कमी, कब्ज, पेट की कई बीमारियां जैसे पेट दर्द , अपाचन, भूख की कमी, गर्म चाय लंबे समय तक पीते रहने से आहार नाल में ज़ख्म तेजी से बढ़ने लगते हैं घाव होने से एसिडिटी और जलन की शिकायत ज्यादा होने लगती हैं ऐसे में चाय नहीं छोड़ने पर यही अल्सर कैंसर में बदल सकते हैं । यही एसिड हड्डियों को कमजोर करने लगती हैं। ज्यादा मात्रा में कैफ़ीन की लत पड़ने पर मस्तिष्क के सोचने की क्षमता कम होने लगती हैं । इसमें मौजूद एसिड हृदय रोगों को बढ़ाती हैं।



# यात्रा वृतांत



## स्वच्छता, ईमानदारी, शांतिप्रियता के साथ कुदरत को प्राथमिकता प्रदान करता भूटान

डॉ0 राकेश सक्सेना
पूर्व हिंदी विभागाध्यक्ष

कला, विज्ञान, वाणिज्य, संगीत, साहित्य आदि क्षेत्रों में रचनात्मक कार्यों के लिए समर्पित पूर्वोत्तर हिंदी अकादमी, शिलांग द्वारा भूटान में आयोजित छह दिवसीय (05जून 2024 से 10जून 2024 ) हिंदी सम्मेलन में सहभागिता हेतु देहली एयरपोर्ट से एयर इण्डिया फ्लाइट द्वारा अपनी अर्द्धांगिनी के साथ दो घंटे में बागडोगरा एयरपोर्ट पर पहुँच गया। अपना सामान लेकर एयरपोर्ट से बाहर निकल ही रहा था, उसी समय साहित्यकारों का एक समूह जो पहले से ही वहाँ पहुँच गया था, उसकी एडमिन ने मुझे सूचित किया कि हम लोग आपकी प्रतीक्षा कर रहे हैं। इस समूह में शामिल होकर ट्रेवलर से भूटान के प्रवेश द्वार फुंटशोलिंग के लिए चल दिए। सभी लोग एक-सी मानसिकता के थे अत: चार घंटे ट्रेवलर की यात्रा को गीत, ग़ज़लों व अंत्याक्षरी प्रतियोगिता से व्यतीत किया। रास्ते में मधुर कोकिला कंठ से **जन्मदिन तुमको मुबारक हो** गीत की प्रस्तुति हुई तो मन ही मन सोचने लगा कि जन्मदिन तो आज मेरा है लेकिन इन लोगों को कैसे ज्ञात हुआ?
ये जानकारी शायद मेरे जीवन साथी ने साहित्यकारों को दी थी। मैंने भी अविलम्ब ड्राइवर भाई से किसी रेस्टोरेंट पर रुकने का आग्रह किया। उन्होंने कुछ समय बाद एक सुन्दर रेस्टोरेंट पर गाड़ी को रोका, यहाँ पर चाय-नाश्ते के साथ जिस ढंग से बधाइयाँ व शुभकामनाएँ मिलीं, फोटोग्राफी हुई, यह आजीवन याद रहेगा। कम समय में इतनी अधिक मात्रा में आत्मीयता, जुड़ाव ने हम सभी को एक कुटुम्ब में आबद्ध कर दिया था।
फुंटशोलिंग से भूटान बोर्डर (पेडेष्ट्रियन टर्मिनल) पर पासपोर्ट- वोटर आईडी0 दिखाकर प्रवेश कर ही रहा था तभी हमारे साथ आए एक दम्पत्ति को रोक लिया गया क्योंकि वे नेपाल से आए थे, उनकी नागरिकता नेपाल की थी इसलिए वीजा आवश्यक था। दम्पत्ति की माँ बिहार से थीं इसलिए उनको प्रवेश मिल गया। पुत्र एवं पुत्रवधू भारत की सीमा में और माँ भूटान की सीमा में बिछुड़ते देख मन व्यथित था। गाइड से मदद माँगी, उसको भारतीय मानसिकता से कुछ पैसे भी देने चाहे किन्तु उसने स्पष्ट शब्दों में कह दिया कि भूटान में रिश्वत नहीं चलती। मोबाइल बंद हो चुके थे,कई होटलों में ठहरने की व्यवस्था थी, हम लोग एक-दूसरे से मिलने को छटपटा रहे थे।
रात्रि 08 बजे भोजनोपरांत उद्घाटन सत्र में शामिल होना था किन्तु वर्षा बाधक बन गई। एक छोटे-से हॉल में उद्घाटन सत्र की औपचारिकता पूर्ण हुई जिसमें कुछ लोग उपस्थित हुए तो कुछ अनुपस्थित। भोर होते ही नाश्ता लेकर फुंटशोलिंग से भूटान की राजधानी थिम्पू के लिए जाना था। सामान गाड़ी के ऊपर चढ़ाया जा रहा था किन्तु सभी कुटुम्ब के सदस्यों की तलाश कर रहे थे। कुछ साथी तो मिल गए किन्तु कुछ लोगों को दूसरी ट्रेवलर में समायोजित किया गया। फुंटशोलिंग से थिम्पू की दूरी 145.6कि0मी0की थी जो पाँच घंटे में तय होती है। अनुपम प्राकृतिक दृश्यों, झरनों, नदियों का आनंद लेते हुए थिम्पू के होटल में ठहराया गया।
रात्रि 08 बजे से आयोजित कवि सम्मेलन में विभिन्न विषयों पर कवि-कवयित्रियों ने सुन्दर काव्य पाठ से सभी को भावविभोर किया।देर रात के पश्चात साहित्यकार शयन हेतु अपने-अपने कमरे में चले गए।
भोर होते ही साहित्यकारों को बुद्ध डोरडेनमा के दर्शन कराए गए। महात्मा बुद्ध की 51 मीटर ऊँची स्टील की विशाल प्रतिमा थिम्पू घाटी में प्रवेश द्वार पर स्थित है। विशाल तीन मंजिला आधार में हज़ारों दान की गईं बुद्ध प्रतिमाओं से भरा एक बड़ा चैपल है जबकि शरीर स्वयं बुद्ध की 12500छोटी मूर्तियों से भरा हुआ है। इस मूर्ति को चीन में बनाया गया था,जिसे टुकड़ों में काटा गया और फिर फुंटशोलिंग से ट्रक से लादकर लाया गया। साहित्यकारों ने भिन्न-भिन्न तरीकों से फोटोग्राफी करते हुए भरपूर मात्रा में प्रसाद ग्रहण किया तत्पश्चात शापिंग हेतु मार्केट में भ्रमण करते रहे।
रात्रि 08 बजे जीवन में साहित्य एवं संस्कृति का महत्व विषय पर संगोष्ठी का आयोजन सम्पन्न हुआ। सुदूर प्रान्तों से पधारे विद्वानों ने अपने-अपने शोधपत्रों का वाचन किया तदन्तर लघकथा गोष्ठी में साहित्यकारों ने सहभागिता की। थिम्पू में आयोजित ये दोनों आयोजन अति महत्वपूर्ण थे, इनको सफलता की कोटि में रखा जा सकता है। इसके पश्चात थिम्पू से पारो की यात्रा प्रारम्भ हुई। 49.9 कि0मी0 की दूरी दो घंटे में तय की। दर्शनीय स्थलों का आनंद लेते हुए भूटान परिधान में फोटोग्राफी की तदन्तर फुंटशोलिंग में वापस आकर पूर्वोत्तर हिंदी अकादमी द्वारा सम्मान समारोह में काव्य साधक- साधिकाओं को अंतरराष्ट्रीय हिंदी सेवी सम्मान से विभूषित किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों के पश्चात सचिव डॉ0 अकेलाभाई ने आगन्तुक विद्वानों के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित की डॉ0अरुणा उपाध्याय एवं ममता शाह की संचालन भूमिका को सभी ने सराहा। छह दिवसीय ये आयोजन थकाऊ तो था किन्तु उबाऊ नहीं। स्थान-स्थान पर पासपोर्ट की चैंकिंग से पर्यटक परेशान तो होते हैं किन्तु पहाड़, नदियाँ, झरने, घाटियाँ, वादियाँ अपनी ओर खींचते हैं।
स्वच्छता, ईमानदारी सराहनीय है। दुनिया के सबसे छोटे देशों में से एक भूटान की इस जमीन पर जन्नत है। यह ऐसा देश है जिसने विकास से ज्यादा कुदरत को प्राथमिकता प्रदान की है। दुनिया में कार्वन का उत्सर्जन कम करने के लिए जहाँ करोड़ो डॉलर व्यय किए जा रहे हैं वहाँ यह देश ऐसा है जहाँ कार्वन निगेटिव है,क्योंकि भूटान के संविधान के अनुसार देश में 60 प्रतिशत वन होने चाहिए लेकिन यहाँ पर 70 प्रतिशत से अधिक वन हैं।प्रकृति की गोद में बसे इस देश में पग-पग पर पहाड़ों के बीच दो नदियों के मिलन को निहार सकते हैं, ऐसा प्रतीत होता है कि जैसे पारो चू और थिम्पू चू नदी मधुर संगीत बजा रहीं हों जिसकी गूँज हम सभी अपने कानों से सुन सकते हैं।



## नकली शराब से मौतों के बाद जागी स्टालिन सरकार नियम और कड़े करने के लिए संशोधन विधेयक पारित

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। चेन्नई



मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने कहा कि कल्लाकुरिची की घटना के बाद कलेक्टरों और पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक की। उस बैठक में कहा था कि यदि भविष्य में किसी की जान जाती है तो पुलिस निरीक्षक और जिला पुलिस अधीक्षक जिम्मेदार होंगे। तमिलनाडु के कल्लाकुरिचि जिले में हाल ही में अवैध देशी शराब पीने से कम से कम 34 लोगों की मौत गई थी। नकली शराब से मौतों के बाद आखिरकार स्टालिन सरकार जग ही गई। अब उसने कड़े नियम करने को लेकर तमिलनाडु निषेध अधिनियम 1937 में संशोधन के लिए तमिलनाडु विधानसभा में विधेयक पेश किया। मंत्री एस मुथुसामी द्वारा पेश किए गए इस विधेयक को बाद में सदन ने पारित कर दिया। विधेयक में अवैध शराब के आयात, निर्यात, परिवहन, कब्जे, निर्माण, बोतलबंद और उपभोग जैसे अपराधों के लिए विभिन्न दंडों का प्रावधान है। मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने कहा, %सरकार कुछ भी छिपा नहीं रही है और हमने कल्लाकुरिची घटना के सिलसिले में लोगों को गिरफ्तार किया है। यह सरकार अवैध शराब को खत्म करने के लिए दृढ़ संकल्पित है। उन्होंने आगे कहा, कल्लाकुरिची की घटना के बाद, मैंने कलेक्टरों और पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक की। मैंने उस बैठक में कहा था कि यदि भविष्य में किसी की जान जाती है तो पुलिस निरीक्षक और जिला पुलिस अधीक्षक जिम्मेदार होंगे। हम अपने राज्य में अवैध शराब को कम करने के लिए सभी कदम उठा रहे हैं। मैं सभी से राजनीति को अलग रखने और तमिलनाडु में ड्रग्स को खत्म करने के लिए एकजुट होकर काम करने की अपील करता हूं।

### तमिलनाडु निषेध अधिनियम, 1937 में हुआ संशोधन

राज्य सरकार ने शनिवार को तमिलनाडु निषेध अधिनियम, 1937 में संशोधन किया ताकि जीवन को खतरे में डालने वाली अवैध शराब के निर्माण, रखने और बेचने जैसे अपराधों के लिए सजा की अवधि और जुर्माने की मात्रा में काफी वृद्धि की जा सके। तमिलनाडु निषेध (संशोधन) अधिनियम, 2024, जो सरकार द्वारा अधिसूचित तारीख को लागू होगा, का उद्देश्य राज्य से अवैध शराब के खतरे को पूरी तरह से समाप्त करना है। कल्लाकुरिची शराब त्रासदी के मद्देनजर लाया गया यह संशोधन अधिनियम की धारा 4,5,6,7 और 11 के तहत विभिन्न अपराधों के लिए कारावास की अवधि और जुर्माने की मात्रा में पर्याप्त वृद्धि करता है। इसमें कहा गया है कि अवैध शराब पीने के कारण मौत के मामले में अवैध शराब तस्करों के लिए आजीवन कारावास की सजा होगी और उस पर कम से कम 10 लाख रुपये का जुर्माना नहीं होगा। कांग्रेस विधायक दल के नेता के. सेल्वापेरुन्थगई ने विधेयक का समर्थन करते हुए व्यवस्था में जांच और संतुलन बनाए रखने का सुझाव दिया। विशेष रूप से पुलिस को सभी शक्तियां देने के बजाय एक प्रवर समिति गठित करने की सलाह दी। पीएमके के जी के मणि ने सरकार से मांग की कि जहरीली शराब त्रासदी के लिए पुलिस या विशेष अधिकारी पर जिम्मेदारी तय की जाए और राज्य में पूर्ण शराबबंदी लागू करने के लिए कदम उठाए जाएं।

## बरसात से निपटने के लिए फील्ड में उतारे 13,000 पीडब्ल्यूडी कर्मी, छुट्टियां रद्द

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। शिमला

सरकार ने लोक निर्माण विभाग के मंडल और उपमंडल स्तर पर मलबा हटाने व सड़कों को यातायात के लिए बहाल रखने के लिए 500 पोकलेन, डोजर, रोबोट और जेसीबी लगाई हैं। हिमाचल में बरसात से निपटने के लिए लोक निर्माण विभाग ने 13,000 कर्मचारियों को फील्ड में तैनात किया है। सरकार ने लोक निर्माण विभाग के मंडल और उपमंडल स्तर पर मलबा हटाने व सड़कों को यातायात के लिए बहाल रखने के लिए 500 पोकलेन, डोजर, रोबोट और जेसीबी लगाई हैं। जरूरत पड़ने पर विभाग के कर्मचारियों की छुट्टियां भी रद्द की जा सकती हैं। मार्ग अवरुद्ध की जानकारी को लेकर लोक निर्माण विभाग के मुख्यालय में कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य ने कहा कि बीते साल की आपदा से सबक लेते हुए विभाग ने अपनी तैयारियां पूरी कर ली हैं। लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को अलर्ट किया गया है। सड़क मार्ग अवरुद्ध होने को लेकर प्रतिदिन रिपोर्ट साझा करने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि विभाग के अधिकारियों को आवश्यकता पड़ने पर और अधिक श्रमशक्ति एवं मशीनरी की तुरंत उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए हैं। मंत्री ने कहा कि हिमाचल प्रदेश में जुलाई महीने में सेब सीजन शुरू होगा। ऐसे में सरकार की प्राथमिकता रहेगी कि सीजन के दौरान कोई भी सड़क बंद न रहे। इसके अलावा बीते साल आपदा के दौरान जिन सड़कों को भारी नुकसान हुआ है। उन क्षेत्रों में भी विशेष ध्यान देने को कहा गया है।

## रूस के साथ जंग खत्म करने को तैयार यूक्रेनी राष्ट्रपति जेलेंस्की, बोले
# एक बड़ी योजना पर चल रहा काम

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। कीव

यूक्रेन हाल ही में अपने 10 लोगों को रूसी कैद से वापस लाने में कामयाब रहा है। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने कैदियों की रिहाई के बारे में जानकारी दी। इसी बीच उन्होंने बताया कि रूस के साथ जंग समाप्त करने के लिए वह एक बड़ी योजना तैयार कर रहे हैं। उनका मानना है कि उनकी योजना का दुनिया के अधिकांश देशों द्वारा समर्थन किया जाएगा।

### युद्ध को समाप्त करने के लिए

यूक्रेनी राष्ट्रपति ने स्लोवेनियाई राष्ट्रपति नताशा पिर्क मुसर के साथ कीव में एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, हमारे लिए यह बहुत महत्वपूर्ण है कि हम युद्ध को समाप्त करने के लिए एक ऐसी योजना पेश करें,



जिसका दुनिया के अधिकतर देशों द्वारा समर्थन किया जाएगा।

### यह एक कूटनीतिक मार्ग

उन्होंने आगे कहा कि यह कूटनीतिक मार्ग है, जिस पर हम काम कर रहे हैं। उन्होंने यह भी बताया कि यूक्रेन और रूस के बीच वर्तमान में कोई बातचीत नहीं चल रही है। एक मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, जेलेंस्की और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के सार्वजनिक बयानों के आधार पर, यूक्रेन और रूस के बीच वर्तमान में कोई बातचीत नहीं चल रही है और संभावित शांति समझौते की शर्तों के मामले में दोनों पक्ष पहले की तरह ही एक दूसरे से दूर दिखाई दे रहे हैं।

### यूक्रेनी की चेतावनी

यूक्रेन ने बार-बार कहा है कि शांति वार्ता शुरू होने से पहले रूस को अपने सैनिकों को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त क्षेत्र से बाहर निकालना होगा, जिसमें क्रीमिया प्रायद्वीप भी शामिल है। इसपर मॉस्को ने 2014 में कब्जा कर लिया था। हालांकि, रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन यूक्रेन से मांग कर रहे हैं कि वह अपने पूर्व और दक्षिण के क्षेत्रों को खाली करके आत्मसमर्पण कर दे, जिस पर अब रूस का कब्जा है।

### 10 और लोगों को रूसी कैद से वापस लाने में कामयाब

इससे पहले, जेलेंस्की ने एक पोस्ट में कहा, हम अपने 10 और लोगों को रूसी कैद से वापस लाने में कामयाब रहे। हालांकि, जेलेंस्की ने यह नहीं बताया कि रिहाई यूक्रेन में बंद रूसी कैदियों से जुड़े समझौते का हिस्सा थी या नहीं। जेलेंस्की ने बताया कि जिन लोगों को रिहा किया गया है, उनमें से कुछ 2017 से जेल में हैं। इन लोगों को पूर्वी यूक्रेन के रूसी नियंत्रित हिस्सों से गिरफ्तार किया गया था। रूस ने 2014 से ही क्रीमिया प्रायद्वीप के साथ चार यूक्रेनी क्षेत्र- डोनेट्स्क, खेरसॉन, लुगांस्क और जापोरिजिया पर कब्जा किया हुआ है।

## अभी और दिन अंतरिक्ष में ही बिताएंगी सुनीता विलियम्स, नासा मिशन की अवधि 90 दिन करने पर कर रहा विचार

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। वाशिंगटन

अंतरिक्ष में गए भारतीय मूल की सुनीता विलियम्स और उनके अन्य साथी कुछ और दिन अंतरिक्ष में ही बिताएंगे। नासा मिशन की अवधि 90 दिन करने पर विचार कर रहा है। नासा के दो अंतरिक्ष यात्री को लंबे समय तक अंतरिक्ष में रहना पड़ सकता है, क्योंकि नासा इस मिशन की समय सीमा बढ़ाने पर विचार कर रहा है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार नासा के वाणिज्यिक चालक दल कार्यक्रम प्रबंधक स्टीव स्टिच ने बताया कि अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी स्टारलाइनर के मिशन की अवधि 45 दिनों से बढ़ाकर 90 दिन पर विचार किया जा रहा है। भारतीय मूल की अमेरिकी अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स और अमेरिकी अंतरिक्ष यात्री बुच विलमोर अंतरराष्ट्रीय स्पेस स्टेशन में फंसे हैं। बोइंग का सीएसटी-100 स्टारलाइनर स्पेसक्राफ्ट 15 दिन से अंतरिक्ष में अटका है। दोनों 5 जून को स्टारलाइनर के साथ परीक्षण उड़ान के लिए अंतरिक्ष स्टेशन तक गए थे। तय कार्यक्रम के मुताबिक उन्हें स्टारलाइनर के साथ 13 जून को धरती पर लौटना था लेकिन विमान में गड़गड़ी के कारण उनकी वापसी नहीं हो पाई है। नासा के अधिकारियों ने कई बार यह संकेत दिया कि स्टारलाइनर, जो कि जून में अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन की ओर गया था, उसने हीलियम लीक और थ्रस्टर आउटेज की समस्याओं का सामना किया था। यह दोनों अंतरिक्ष यात्रियों को घर लाने के लिए सुरक्षित होाग। शुक्रवार को नासा के अधिकारियों ने कहा कि हम केवल न्यू मैक्सिको के परीक्षण निष्पादित करने की समयसीमा देख रहे हैं, और फिर डाटा की समीक्षा करेंगे। उन्होंने कहा कि नासा न्यू मैक्सिको में आयोजित करने की योजना बना रहे हैं। हम यह समझने की कोशिश कर रहे हैं कि स्टारलाइनर के कुछ थ्रस्टर्स अपनी यात्रा के पहले चरण के दौरान अप्रत्याशित रूप से विफल क्यों हुए? बोइंग के लिए वाणिज्यिक चालक दल कार्यक्रम के उपाध्यक्ष और कार्यक्रम प्रबंधक स्टिच और मार्क नैपी ने कहा कि इंजीनियर अभी भी स्टारलाइनर की समस्यों के पीछे के कारण के बारे में निश्चित नहीं हैं।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशकः अरुण कुमार त्रिपाठी द्वारा ए0वी0बी0 रेप्रोग्राफिक्स, ए-59, इंडस्ट्रियल एस्टेट, ताल कटोरा, लखनऊ से मुद्रित तथा अय्यूब कॉम्प्लेक्स, 82/68, गुरु गोविन्द सिंह मार्ग, लखनऊ पिन-226004, उ0प्र0 से प्रकाशित। संपादकः अरुण कुमार त्रिपाठी, (प्रबंध संपादक- मनोज तिवारी) (नेशनल हेडः कमलेश फाइटर) आर.एन.आई. पंजीयन संख्या : UPHIN/2009/30003, फोन नं.: 0522-4330955 मोबाइल नं. 8933805555, (नोटः सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ स्थित न्यायालय होगा।)